# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 2 जुलाई 2024


## देशभर में सोमवार से तीन नए आपराधिक कानून लागू

# भारतीय न्याय संहिता-2023 (बीएनएस) के तहत देश में पहली एफआईआर भोपाल में दर्ज

### इससे पहले खबर आई थी कि नए कानून के तहत दिल्ली के कमला मार्केट थाना इलाके पहली एफआईआर दर्ज की गई। फिर, सूचना आई कि पहली एफआईआर ग्वालियर में दर्ज की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देशभर में सोमवार से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो चुके हैं। भारतीय न्याय संहिता- 2023 (बीएनएस) के तहत देश में पहली एफआईआर भोपाल में दर्ज की गई। भोपाल पुलिस ने बताया कि पहली एफआईआर ग्वालियर में नहीं हुई बल्कि भोपाल के हनुमानगंज थाने में दर्ज की गई।

भोपाल के हनुमानगंज थाने में रविवार रात 12:16 बजे इसराणी मार्केट निवासी प्रफुल्ल चौहान (40) ने राजा उर्फ हरभजन के खिलाफ शिकायत की। पुलिस ने धारा 296 के तहत केस दर्ज किया है।







आईपीसी में यह केस धारा 294 के तहत दर्ज होता है। दरअसल, इससे पहले खबर आई थी कि नए कानून के तहत दिल्ली के कमला मार्केट थाना इलाके पहली एफआईआर दर्ज की गई। हालांकि, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि बीएनएस के तहत पहली एफआईआर ग्वालियर में दर्ज की गई है। शाह के मुताबिक मोटरसाइकिल चोरी के मामले में यह मुकदमा दर्ज की गई है। देश में तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद विपक्ष उनकी खामियां गिनाने में लगा है। कांग्रेस का आरोप है कि इस कानून में पिछले से कोई ज्यादा अंतर नहीं है और इसमें बस कमियां ही हैं।

### मध्यप्रदेश में सभी जिलों की पुलिस तैयार

एडीजी इंटेलीजेंस जयदीप प्रसाद ने बताया कि प्रदेश के सभी थाना क्षेत्रों और जिला मुख्यालय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर नए कानूनों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले के कार्यक्रम में वहां के पुलिस अधीक्षक, जनप्रतिनिधि सहित जिले के बुद्धिजीवी लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। इसमें सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों, महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थितजन को नए कानूनों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

### *31 हजार कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया*

*एडीजी जयदीप प्रसाद ने बताया कि सॉफ्टवेयर में किस तरह से एंट्री की जानी है, साक्ष्य कैसे एकत्र किए जाने हैं, इन सभी बिंदुओं के बारे में भी पुलिसकर्मियों को जानकारी दी गई है। प्रदेश पुलिस ने 31 हजार से अधिक विवेचकों को प्रशिक्षित किया है। इसके साथ ही सीसीटीएनएस में भी नए कानूनों से संबंधित बदलाव कर लिए गए हैं, जो 30 जून की रात 12 बजे से प्रभावी हो गए।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 28 हजार ने किए बाबा अमरनाथ के दर्शन



**जम्मू।** सोमवार को पहलगाम और बालटाल मार्ग से तीसरा जत्था रवाना किया गया। वहीं, जम्मू के आधार शिविर भगवती नगर से चौथा जत्था घाटी के लिए रवाना हुआ।श्री अमरनाथ यात्रा के लिए देशभर से आ रहे शिव भक्तों में उत्साह चरम पर है। पवित्र गुफा में अब तक 28 हजार से ज्यादा भक्तों ने बाबा बर्फानी के दर्शन कर लिए हैं। दूसरे दिन 14717 भक्त पहुंचे।

### रियासी में मंदिर में तोड़फोड़, प्रदर्शन



**जम्मू।** जिला रियासी के धरमाड़ी में शिव मंदिर में तोड़फोड़ को लेकर लोगों में रोष है। इसके विरोध में सनातन धर्म सभा की तरफ से रियासी मुख्यालय व आसपास के इलाकों में बंद का आह्वान किया गया, जिसका व्यापक असर दिखा। सभी प्रकार की दुकानें बंद रहने के साथ ही पूर्ण रूप से चक्का जाम भी रहा।

### रेवन्ना की हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ाई



**बेंगलुरु।** अदालत ने यौन उत्पीड़न के मामले में पिछले महीने गिरफ्तार जनता दल सेक्युलर के एमएलसी सूरज रेवन्ना की सीआईडी हिरासत सोमवार को तीन जुलाई तक के लिए बढ़ा दी। पुलिस ने सूरज रेवन्ना के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-377, धारा-342, धारा-506 और धारा- 34 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### नर्सिंग अनियमितता मुद्दा : स्थगन पर चर्चा कराने की मांग को लेकर सदन में जमकर हंगामा

# मुख्यमंत्री ने कहा-कांग्रेस के स्थगन पर सरकार चर्चा को तैयार, पर इस तरह हंगामा उचित नहीं

### नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने सदन में कहा कि जिस प्रकार से प्रदेश के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है, उसकी जिम्मेदारी तो किसी को लेनी होगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में हुए नर्सिंग घोटाले को लेकर कांग्रेस के स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विधानसभा में सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस के विरोध की वजह से सदन की कार्यवाही एक घंटे के लिए स्थगित करना पड़ी। स्पीकर के चर्चा कराने के आश्वासन के बाद हंगामा शांत हुआ। इस मुद्दे पर सदन में चर्चा मंगलवार को होगी। कांग्रेस ने विधानसभा के बाहर भी सरकार की शिक्षा नीति, नर्सिंग घोटाले और कथित पेपर लीक घोटाले को लेकर उग्र प्रदर्शन किया।

कांग्रेस के विरोध की वजह से सदन की कार्यवाही एक घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी। स्पीकर के चर्चा कराने के आश्वासन के बाद हंगामा शांत हुआ।

इस मुद्दे पर सदन में चर्चा आज होगी। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहमत



स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर को पुष्पगुच्छ भेंट किया

### कांग्रेसियों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदर्शन की शुरूआत पीसीसी कार्यालय के बाहर से शुरू हुई। जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना और अनोखी मानसिंह पटेल कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए भोपाल कलेक्टर को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि नर्सिंग घोटाला में प्रदेश का व्यापमं की तरह करोड़ों रूपयों का घोटाला सामने आया है। नर्सिंग कालेजों के नाम पर लीपापोती की गई।



प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों पर पानी की बौछार

### नर्सिंग मामले और पेपर लीक घोटाले पर उग्र प्रदर्शन किया

कांग्रेस कमेटी ने सरकार की शिक्षा नीति, नर्सिंग घोटाले और पेपर लीक घोटाले को लेकर उग्र प्रदर्शन किया। सहकारिता मंत्री सारंग के इस्तीफे की मांग को लेकर घेराव करने जा रहे कांग्रेस के पदाधिकारियों पर पुलिस ने वाटर कैनन के जरिए भीड़ को तितर-बितर किया। इस दौरान पुलिस ने मुख्य मार्ग पर बेरिकेडिंग कर रखी थी, जब कांग्रेस कार्यकर्ता बेरिकडस लांघने का प्रयास करने लगे तो पुलिस ने सख्ती की। इस दौरान पुलिस और कांग्रेसियों में झड़प भी हुई। धरना-प्रदर्शन में शामिल कांग्रेसियों ने सरकार के इशारे पर लाठीचार्ज का आरोप लगाया।

### *सिंगार ने मांगा सारंग का इस्तीफा गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन*

*विधानसभा सत्र के पहले दिन सदन की कार्रवाई शुरू होने से पहले कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा परिसर स्थित गांधी की प्रतिमा के पास नर्सिंग एप्रिन पहन कर नारेबाजी कर जमकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस के सभी विधायक एप्रिन पहनने के साथ ही गले में नर्सिंग घोटाले की चिट लगाकर सदन में दाखिल हुए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश में बड़ा नर्सिंग घोटाला हुआ है। पूर्व चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग की देख-रेख में पूरा घोटाला किया गया है, लिहाजा इतने बड़े घोटाले की जांच चल रही है तो नैतिकता के आधार पर भाजपा सरकार को विश्वास सारंग का इस्तीफा लेना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने सदन में कहा कि जिस प्रकार से प्रदेश के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है, उसकी जिम्मेदारी तो किसी को लेनी होगी। जिन बच्चों का भविष्य अंधकार में जा रहा है उनसे जाकर पूछो उनके दिल में क्या गुजर रही है। सिंघार ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक विश्वास सारंग का इस्तीफा नहीं हो जाता है, तब कांग्रेस की तरफ से विरोध प्रदर्शन का दौर जारी रहेगा।*

### भोपाल ननि का बजट आज आएगा

## पिछले साल से 300 करोड़ रु. कम होगा इस बजट का साइज

वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट करीब 3 हजार करोड़ रुपए का रहेगा

### पीएम आवास समेत कई मुद्दों पर घेरेगा विपक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल नगर निगम का बजट मंगलवार को पेश होगा। इसके लिए सुबह 11 बजे से आईएसबीटी स्थित सभागार में नगर निगम परिषद की बैठक आयोजित की गई है। बजट बैठक हंगामेदार होने की उम्मीद है। क्योंकि, इसको लेकर सोमवार को कांग्रेस पार्षदों की बैठक हुई, जिसमें पीएम आवास समेत कई मुद्दों पर सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीति बनाई है। वहीं, परिषद की बैठक से पहले निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने सोमवार को तैयारियों का जायजा लिया।

### पहले टॉपर 67 थे अब 61 बचे

## नीट यूजी री-एग्जाम परिणाम जारी, टॉपर की संख्या घटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट यूजी री-एग्जाम का परिणाम जारी कर दिया गया है। इस बार टॉपर्स की संख्या 67 से घटकर 61 हो गई है।

वहीं नीट यूजी री-एग्जाम में 813 अभ्यर्थी में से कोई भी 720/720 अंक प्राप्त करने में सफल नहीं रहा। बता दें कि 23 जून को 1563 अभ्यर्थियों के लिए नीट परीक्षा का दोबारा आयोजन किया गया था, जिसमें केवल 813 अभ्यर्थियों ने ही भाग लिया था। जो उम्मीदवार इस रीटेस्ट में शामिल हुए थे वो अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं। नीट यूजी री-एग्जाम का परिणाम चेक करने के लिए स्टूडेंट को अपने लॉगिन क्रेडेंशियल का प्रयोग करना होगा।

### पड़ोसी बोले-परिवार ने कभी परेशानी का जिक्र नहीं किया

फॉरेंसिक की प्राथमिक जांच में घटनास्थल पर किसी संघर्ष के निशान नहीं

## उफ...पति-पत्नी और तीन बच्चों के शव फांसी के फंदे पर लटके मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आलीराजपुर

आलीराजपुर में पति-पत्नी और तीन बच्चों के शव फांसी के फंदे पर लटके मिले हैं। घटना आलीराजपुर जिले के सांडवा थाना क्षेत्र के राउड़ी गांव की है। एसपी राजेश व्यास समेत पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। एफएसएल की टीम जिला मुख्यालय से घटनास्थल पहुंची। फॉरेंसिक की प्राथमिक जांच में घटनास्थल पर किसी संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। इससे हत्या की आशंका कम है। पुलिस को अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस ने बताया कि राकेश पिता जागर सिंह, उसकी पत्नी ललिता, बेटी लक्ष्मी, बेटा प्रकाश और अक्षय के शव घर में ही फंदे पर लटके मिले। राकेश के चाचा सुबह घर पहुंचे तो इसकी जानकारी लगी। इसके बाद सांडवा थाना पुलिस को सूचना दी गई।

■ सिंघार ने कहा- आदिवासी इतना कमजोर नहीं हो सकता



### भारतीय टीम का 27 जुलाई से शुरू होगा श्रीलंका दौरा

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इसकी पुष्टि की

## टीम इंडिया को श्रीलंका सीरीज से मिल जाएगा नया मुख्य कोच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने पुष्टि की है कि टीम इंडिया के नए मुख्य कोच आगामी श्रीलंका सीरीज से टीम में शामिल होंगे।

भारतीय टीम को तीन मैचों की टी20 और इतने ही मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए श्रीलंका का दौरा करना है, जो 27 जुलाई से शुरू होगा। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल मैच के बाद समाप्त हो गया, जहां भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर 17 साल बाद टी20 विश्व कप ट्रॉफी जीती। बारबाडोस में पत्रकारों से बात करते हुए शाह ने कहा कि क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने पहले ही दो नामों का साक्षात्कार लिया है ।



### गौतम के नाम पर गंभीरता से विचार

गौतम गंभीर का नाम इस भूमिका के लिए खूब जोड़ा जा रहा है, कई पूर्व क्रिकेटरों ने 2011 विश्व कप विजेता गंभीर का भारतीय टीम के मुख्य कोच के रूप में सफल होने का समर्थन किया है। गंभीर, जो 2007 आईसीसी विश्वकप टी20 और 2011 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के प्रमुख सदस्य थे, को इंडियन प्रीमियर लीग फ्रैंचाइजी के मेंटर के रूप में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ उनकी हालिया सफलता के लिए सराहा गया था।

### आईएमडी ने जारी किया जुलाई के लिए बारिश का पूर्वानुमान

जुलाई में होगी सामान्य से अधिक बारिश, दूसरे सप्ताह से पकड़ेगी रफ्तार

## मध्यप्रदेश में इस महीने सामान्य से 106 प्रतिशत अधिक बारिश होने का अनुमान

### अगस्त और सितंबर की बारिश के लिए आईएमडी जुलाई के अंत में पूर्वानुमान जारी करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जुलाई में अब प्रदेश में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान है। सोमवार को आईएमडी ने इसके लिए पूर्वानुमान जारी किया है। इसके अनुसार जुलाई 2024 के दौरान पूरे देश में मासिक वर्षा सामान्य से अधिक (एलपीए का 106 प्रतिशत तक अधिक) होगी। 1971-2020 के आंकड़ों के आधार पर जुलाई के दौरान पूरे देश में वर्षा का दीर्घावधि औसत बारिश करीब 280.4 मिमी है।



### पूरे मप्र में छाया मानसून

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार दक्षिणी गुजरात तट से लगे उत्तर पूर्वी अरब सागर से लेकर मध्य प्रदेश तक एक द्रोणिका बनी हुई है, जो मध्य प्रदेश से गुजर रही है। इससे अरब सागर से मध्य प्रदेश तक नमी आ रही है। इसके अलावा एक दिन पहले मध्यप्रदेश के मध्य क्षेत्र में एक ऊपरी हवा का चक्रवात बन गया है। यह प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों पर अधिक असर दिखाएगा।

### *यहां भारी बारिश का अलर्ट*

*खरगोन, झाबुआ, धार, रतलाम, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, रीवा, मऊगंज, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, सिवनी, मंडला, मैहर, पांढुर्ना आदि जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इन जिलों में भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, बड़वानी, अलीराजपुर, इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, अगरमालवा, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, सतना, नरिसहंपुर, छिंदवाड़ा, बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिलों में मंगलवार तक सामान्य वर्षा होगी।*

# महिलाओं से जुड़े अपराधों में पहले से ज्यादा सजा, फॉरेंसिक जांच को दी अहमियत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में 1 जुलाई की रात 12 बजे से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। 51 साल पुराने सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) लेगी। भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय अधिनियम (बीएनएस) लेगा और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के प्रावधान लागू होंगे।

महिलाओं से जुड़े ज्यादातर अपराधों में पहले से ज्यादा सजा मिलेगी। इलेक्ट्रॉनिक सूचना से भी एफआईआर दर्ज हो सकेगी। कम्युनिटी सेवा जैसे प्रावधान भी लागू होंगे। एक जुलाई से पहले दर्ज हुए मामलों में नए कानून का असर नहीं होगा। यानी जो केस 1 जुलाई 2024 से पहले दर्ज हुए हैं, उनकी जांच से लेकर ट्रायल तक पुराने कानून का हिस्सा होगी। एक जुलाई से नए कानून के तहत एफआईआर दर्ज हो रही है और इसी के अनुसार जांच से लेकर ट्रायल पूरा होगा। बीएनएसएस में कुल 531 धाराएं हैं। इसके 177 प्रावधानों में संशोधन किया गया है। जबकि 14 धाराओं को हटा दिया गया है। 9 नई धाराएं और 39 उप धाराएं जोड़ी गई हैं।

*1 जुलाई से पहले दर्ज केस पुराने कानून का हिस्सा*

*कोर्ट में सुनवाई होने के 30 दिन के भीतर फैसला देना होगा*

*शादी का झांसा देकर संबंध बनाना रेप नहीं*

तीन नए आपराधिक कानून लागू



**एफआईआर के भीतर 90 दिन में चार्जशीट दाखिल**

नए कानून में एफआईआर के 90 दिन के भीतर चार्जशीट चार्जशीट दाखिल करनी जरूरी होगी। चार्जशीट दाखिल होने के 60 दिनों के भीतर कोर्ट को आरोप तय करने होंगे। मामले की सुनवाई पूरी होने के 30 दिन के भीतर जजमेंट यानी फैसला देना होगा। जजमेंट दिए जाने के बाद 7 दिनों के भीतर उसकी कॉपी मुहैया करानी होगी। हिरासत में लिए गए शख्स के बारे में परिवार को लिखित में बताना होगा।

### कहीं भी जीरो एफआईआर दर्ज

*नए कानून में ऑडियो-वीडियो यानी इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य पर जोर दिया गया है। फॉरेंसिक जांच को अहमियत दी गई है। कोई भी नागरिक अपराध के सिलसिले में कहीं भी जीरो एफआईआर दर्ज करा सकेगा। जांच के लिए मामले को संबंधित थाने में भेजा जाएगा। अगर जीरो एफआईआर ऐसे अपराध से जुड़ी है, जिसमें तीन से सात साल तक सजा का प्रावधान है तो फॉरेंसिक टीम से साक्ष्यों की जांच करवानी होगी। अब ई-सूचना से भी एफआईआर दर्ज हो सकेगी। हत्या, लूट या रेप जैसी गंभीर धाराओं में भी ई-एफआईआर हो सकेगी। वॉइस रिकॉर्डिंग से भी पुलिस को सूचना दे सकेंगे। ई-एफआईआर के मामले में फरियादी को तीन दिन के भीतर थाने पहुंचकर एफआईआर की कॉपी पर साइन करना जरूरी होंगे। फरियादी को एफआईआर, बयान से जुड़े दस्तावेज भी दिए जाने का प्रावधान किया गया है। फरियादी चाहे तो पुलिस द्वारा आरोपी से हुई पूछताछ के बिंदु भी ले सकता है।*

### न्याय कानून समाज के लिए महत्वपूर्ण क्षण: सीजेआई



*नए आपराधिक न्याय कानूनों के लागू होने को समाज के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बताते हुए मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि नए कानून तभी सफल होंगे जब उन्हें लागू करने के लिए जिम्मेदार लोग उनके अनुकूल ढल जाएं। सीजेआई ने कहा कि इन नए कानूनों ने आपराधिक न्याय पर भारत के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है । उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ितों के हितों की रक्षा करने और अपराधों की जांच और अभियोजन को कुशलतापूर्वक चलाने के लिए बहुत जरूरी सुधार पेश किए गए हैं।*

## खबर संक्षेप

### पंकजा मुंडे एमएलसी उम्मीदवार घोषित



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव के लिए भाजपा ने पांच उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। भाजपा ने पंकजा मुंडे को विधान परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पंकजा मुंडे ने बीड से लोकसभा चुनाव लड़ा था और मामूली अंतर से चुनाव हार गई थीं। पंकजा मुंडे के अलावा भाजपा ने योगेश तिलेकर, परिणय फुके, अमित गोरखे और सदाभाऊ खोत को उम्मीदवार बनाया है। महाराष्ट्र की 11 विधान परिषद की सीटों पर 12 जुलाई को मतदान होगा और उसी दिन परिणाम भी घोषित किया जाएगा।

### मेधा पाटकर को सुनाई पांच महीने कैद की सजा



**नई दिल्ली।** दिल्ली की साकेत कोर्ट ने नर्मदा बचाओ आंदोलन की कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को मानहानि मामले में पांच महीने की कैद की सजा सुनाई है। दिल्ली के वर्तमान उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा 23 साल पहले दर्ज आपराधिक मानहानि मामले में मेधा पाटकर को मई महीने में ही दोषी करार दिया था। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर पर 10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने मौजूद सबूतों और इस तथ्य पर विचार करने के बाद पाटकर को सजा सुनाई।

### बाढ़ से बिगड़े हालात पर पीएम ने ली जानकारी



**नई दिल्ली।** असम में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते कई जगह भीषण बाढ़ आ गई है। पिछले 24 घंटे के दौरान स्थिति काफी भयावह बन गई है। बाढ़ की जद में करीब 7 जिले आ गए हैं और करीब 2.62 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। भारी बारिश और बाढ़ से विभिन्न जिलों में कई लोगों की मौत की भी खबर है। इसी बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा से फोन पर बात कर राज्य में बाढ़ की स्थिति और प्रभावितों के बारे में जानकारी ली। सीएम ने बताया कि मैंने पीएम मोदी को वर्तमान स्थिति की जानकारी दी।

### रील बनाते वक्त बूढ़ी गंडक नदी में बह गए तीन किशोर



**समस्तीपुर।** रील्स बनाकर बिना मेहनत के फेमस हो जाने की टेंडेंसी लोगों में काफी बढ़ती जा रही है। खासकर युवा पीढ़ी में इसकी गिरफ्त में हैं। कई बार जान भी चली जाती है। बिहार के समस्तीपुर फिर एक बार रील्स बनाने में हादसा हुआ जिसमें तीन की जान चली गई। शहर के धर्मपुर पासवान चौक के पास रविवार शाम करीब पांच बजे बूढ़ी गंडक नदी में रील्स बनाने के दौरान तीन किशोर बह गए गोताखोर और एसडीआरएफ की मदद से न्यू धरमपुर कॉलोनी के मो. जाहिद के पुत्र लकी का शव बरामद किया गया है।

## नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर भाजपा ने जताई कड़ी आपत्ति

# हिंदू समाज को हिंसक बताना पूरे समाज का घोर अपमान, बयान निंदनीय, माफी मांगें

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं, वे दिन-रात हिंसा करते हैं। राहुल के इस बयान पर लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। भाजपा के नेताओं ने उनके बयान पर पलटवार किया। राहुल के बयान को हिंदुओं को हिंसक, नफरती और झूठा कहने की निंदा करते हुए उनसे मांफी मांगने को कहा।

*नेता प्रतिपक्ष की गरिमा को नीचा किया*

*हिंदुओं के प्रति इस तरह की नफरत को बंद करें*

*संसदीय मर्यादाएं नहीं सीखी हैं और न शिष्टाचार समझा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर चर्चा करते समय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं, वे दिन-रात हिंसा करते हैं। राहुल के इस बयान पर लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खड़े होकर राहुल के बयान पर आपत्ति जताई। पीएम ने कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना गंभीर विषय है। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राहुल गांधी ने संपूर्ण हिंदू समाज को हिंसक बताया।

उन्होंने पूरे समाज का घोर अपमान किया है। 2010 में चिंदबरम ने हिंदुओं को आतंकवादी कहा था। 2013 में तात्कालीन गृह मंत्री सुशील शिंदे ने हिंदुओं को आतंकवादी कहा था। वैष्णव ने कहा कि 2021 में राहुल ने हिदुत्वादियों को देश से बाहर निकालने का कहा था। ये राजनीति की ऐसी परिस्थिति है, जिसने नेता प्रतिपक्ष की गरिमा को नीचा किया है। राजनीति के स्तर को नीचा किया है जो निंदनीय है।

जब तक देश में हिंदू हैं, देश में कोई हिंसा नहीं है



### राहुल गांधी और कांग्रेस डिप्रेशन में हैं



केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस डिप्रेशन में है। उन्होंने सरासर झूठ बोला है। हमें राहुल गांधी से सहानुभूति रखनी चाहिए क्योंकि पिछले 20 साल से वह पीएम बनना चाहते थे, लेकिन जनता ने उन्हें प्रधानमंत्री बनने का मौका नहीं दिया। इसलिए उन्होंने आज संसद में जो भाषण दिया वह हिंदुओं के खिलाफ था।

### प्रियंका ने किया बचाव



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने अपने भाई का बचाव करते हुए कहा कि राहुल गांधी हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते। उन्होंने यह टिप्पणी सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के बारे में की थी, न कि सामान्य हिंदुओं के बारे में। प्रियंका गांधी ने अपनी मां सोनिया गांधी के साथ संसद भवन से बाहर निकलते हुए कहा कि वह (राहुल गांधी) हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते। उन्होंने यह स्पष्ट रूप से कहा है कि उन्होंने भाजपा के बारे में बात की थी।

### जो कहा वह निम्न स्तर का: नड्डा



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राहुल गांधी पर एक्स पर पोस्ट कर प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को सभी हिंदुओं को हिंसक कहने के लिए तुरंत उनसे माफ़ी मांगनी चाहिए। यह वही व्यक्ति है जो विदेशी राजनयिकों से कह रहा था कि हिंदू आतंकवादी हैं। हिंदुओं के प्रति यह अंतर्निहित नफ़रत बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता अब पांच बार सांसद हैं, लेकिन उन्होंने संसदीय मर्यादाएं नहीं सीखी हैं और न ही उन्हें शिष्टाचार की समझ है। बार-बार वे बातचीत के स्तर को गिरा देते हैं। आज उन्होंने अध्यक्ष के प्रति जो कहा, वह बहुत ही घटिया था। उनकी ईमानदारी और व्यक्तित्व पर बेबुनियाद आरोप लगाने के लिए उन्हें अध्यक्ष से माफी मांगनी चाहिए।

## सार्वजनिक रूप से पिटाई का मामला

# राज्यपाल बोस ने घटना को बताया 'बर्बर', मांगी रिपोर्ट



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में एक जोड़े को सार्वजनिक रूप से पीटने की घटना से लोगों में आक्रोश फैल गया है। राज्यपाल सीवी. आनंद बोस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से रिपोर्ट मांगी है, जबकि भाजपा ने सत्तारूढ़ टीएमसी पर राज्य में 'तालिबान शासन' चलाने का आरोप लगाया है। वायरल वीडियो में जोड़े को बांस की छड़ी से पीटते हुए दिख रहे व्यक्ति की पहचान ताजमुल उर्फ 'जेसीबी' के रूप में हुई है, जो कथित तौर पर चोपड़ा क्षेत्र का टीएमसी नेता है। उसे रविवार रात को गिरफ्तार किया गया। स्थानीय अदालत में पेश किए जाने पर ताजमुल को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

शुक्रवार को हुई इस घटना का वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने रविवार को मामला दर्ज किया। पभाजपा ने आरोप लगाया कि ताजमुल का चोपड़ा विधायक हमीदुल इस्लाम से संबंध है, जिन्होंने कथित तौर पर टीएमसी द्वारा घटना की निंदा किए जाने के बावजूद उनका बचाव किया। एक नया वीडियो भी सामने आया है, जिसमें ताजमुल कुछ दिन पहले एक अन्य जोड़े की पिटाई करते हुए दिखाई दे रहा है। राजभवन के एक अधिकारी के अनुसार, राज्यपाल बोस, जिनके राज्य सरकार के साथ विभिन्न मुद्दों पर तनावपूर्ण संबंध रहे हैं, ने इस घटना पर आश्चर्य व्यक्त किया और इसे "बर्बर" बताया। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने घटना की निंदा की और सीएम बनर्जी से तत्काल रिपोर्ट मांगी है।

### भाजपा ने किया प्रदर्शन

पश्चिम बंगाल में भाजपा की महिला विधायकों ने दंपति पर हमले और राज्य के विभिन्न हिस्सों में महिलाओं के खिलाफ कथित अत्याचारों को लेकर सोमवार को विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि टीएमसी सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति ने राज्य को असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बना दिया है। ऐसा लगता है कि सत्तारूढ़ टीएमसी और उसके गुंडों ने राज्य में तालिबान शासन शुरू कर दिया है। पश्चिम बंगाल पुलिस ने सोमवार को कहा कि कुछ वर्गों की ओर से गलत सूचना फैलाने और घटना को राजनीतिक रंग देने के दुर्भावनापूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल पुलिस ने एक्स पर पोस्ट किया कि सच तो यह है कि घटना के बारे में पता चलने पर पुलिस ने तुरंत अपराधी की पहचान कर ली और उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। पीड़ित को पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई गई है। आईसी चोपड़ा को घटना के लिए कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

## राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा

# अपनी संवेदनशीलता, दक्षता और ईमानदारी से छाप छोड़ें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आईएएस अधिकारियों के एक समूह से सोमवार को बातचीत करते हुए कहा कि हमारे देश में भारतीय प्रशासनिक सेवा एक बेहतरीन करियर माना जाता है, लाखों महत्वाकांक्षी युवा आईएएस अधिकारी बनने का सपना देखते हैं।

उनमें से कई इस सेवा में चयन के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने मिलने पहुंचे आईएएस अधिकारियों को सलाह दी कि वे जहां भी काम करें, अपनी



संवेदनशीलता, ईमानदारी और दक्षता से अपनी छाप छोड़ें। विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिवों के पद पर तैनात 2022 बैच के आईएएस अधिकारियों के एक समूह ने आज राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बोले

# विविधताओं के बावजूद भारत एक राष्ट्र और एक समाज है

एजेंसी ▶▶ गाजीपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को कहा कि ऊपर से कुछ भी दिखता हो लेकिन मातृभूमि भारत के प्रति प्रेम भक्ति सर्वत्र है और विविधताओं के बावजूद भारत एक राष्ट्र और एक समाज हैं। संघ प्रमुख ने 'परमवीर चक्र' से सम्मानित वीर अब्दुल हमीद के गाजीपुर स्थित गांव धामूपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में उन पर लिखी किताब का विमोचन किया। संघ प्रमुख ने कहा कि हमारे



देश में इतनी सारी भाषाएं हैं, इतना बड़ा देश है, बेहद प्राचीन परम्पराएं हैं। ये सारी विभिन्नताएं होने के बावजूद अपना देश हजारों वर्षों से एक राष्ट्र के रूप में चल रहा है और हम एक राष्ट्र तथा एक समाज हैं। अपनी इस मातृभूमि भारत के प्रति प्रेम भक्ति सर्वत्र है।

## डिजिटल इंडिया के 9 साल पूरे

# पीएम बोले- यह सशक्त भारत का प्रतीक, जीवन बना आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को डिजिटल इंडिया के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला और पहल के नौ साल सफलतापूर्वक पूरे होने की सराहना की और कहा कि डिजिटल इंडिया एक सशक्त भारत का प्रतीक है जो जीवन को आसान बनाने और पारदर्शिता को बढ़ावा देता है।

उन्होंने पिछले दशक में की गई प्रगति की एक झलक भी साझा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मायगवइंडिया से एक रीपोस्ट में, पीएम मोदी ने लाखों नागरिकों के लिए जीवन को आसान बनाने और अधिक सशक्त और पारदर्शी भारत को आकार देने में प्रौद्योगिकी की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने पोस्ट किया कि डिजिटल इंडिया एक सशक्त भारत है, जो 'जीवन की सुगमता' और पारदर्शिता को बढ़ावा देता है। यह धागा प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग के कारण एक दशक में की गई प्रगति की एक झलक देता है।

### सभी सेवाएं सुलभ बनी

*पोस्ट में कहा आज, भारत मोदी सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया पहल के 9 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है, जिसने पूरे देश में जीवन को बदल दिया है। डिजिटल इंडिया पहल की कल्पना सभी नागरिकों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से सरकारी सेवाएँ सुलभ बनाने के लिए की गई थी, जिससे एक अधिक समावेशी और कुशल समाज को बढ़ावा मिला।*

## दक्षिण-पश्चिम मानसून ने तेज गति पकड़ी

# अगले तीन दिनों में पूरे उत्तर भारत में होगी बहुत बारिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम मानसून तेज गति पकड़ते हुए सोमवार को उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के अधिक हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके अगले चार पांच दिनों में पूरे भारत को कवर करने की संभावना है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए पूरे उत्तर भारत में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। सोमवार को मौसम विभाग की वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के अधिक हिस्सों में आगे बढ़ गया है। अभी यह उत्तर पश्चिम राजस्थान, दक्षिण पंजाब और दक्षिण पश्चिम हरियाणा को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों को कवर कर चुका है। आने चार-पांच दिनों में यह पूरे भारत को कवर कर लेगा।

मानसून यूपी, पंजाब, हरियाणा में बढ़ा

चार-पांच दिनों में पूरा भारत कवर करेगा

दिल्ली में बारिश की संभावना



**जून में सामान्य से 11 फीसदी कम हुई**

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने भारत में बारिश से जुड़े ताजा आंकड़े जारी कर दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक जून में सामान्य से कम बरसात रिकॉर्ड की गई है। जून, 2024 में 11 फीसदी कम बारिश हुई जो बीते पांच साल में इस महीने में सर्वाधिक कम बरसात है। देश में जून महीने में औसतन 165.3 एमएम बारिश होती है, लेकिन इस साल केवल 147.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। 2001 के बाद यह सातवीं सबसे कम बारिश वाला महीना रहा।

### पिछले 20 साल में जुलाई में अच्छी बारिश हुई

*आईएमडी के मुताबिक उत्तर पश्चिम भारत में 33 प्रतिशत कम बारिश हुई, जबकि मध्य भारत में 14 फीसदी की गिरावट देखी गई। पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में 13 फीसदी कम बारिश रिकॉर्ड की गई। केवल दक्षिण भारत में ही 14 फीसदी अतिरिक्त बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बताया कि देश के 12 फीसदी उपमंडल क्षेत्रों में अत्यधिक बारिश देखी गई। 38 फीसदी इलाकों में सामान्य बारिश दर्ज की गई। 50 फीसदी इलाकों में अल्प वर्षा हुई। पिछले 25 वर्षों में से 20 साल ऐसे रहे जब जून में वर्षा सामान्य से कम (लंबी अवधि की औसत से 92 फीसदी कम) रिकॉर्ड की गई। इसी औसत के आधार पर बीते 25 में 20 साल की अवधि में जुलाई में बरसात सामान्य या सामान्य से अधिक रही।*

## केजरीवाल फिर पहुंचे हाईकोर्ट

# सीबीआई की गिरफ्तारी को दी चुनौती, बताया गैर-कानूनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली शराब घोटाला मामले में फंसे सीएम अरविंद केजरीवाल ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले में अपनी गिरफ्तारी और सीबीआई रिमांड को चुनौती दी है।

बीती 29 जून को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद राउज एवेन्यू की स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ भेज दिया।



### के. कविता को राहत नहीं

*दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बीआरएस नेता के. कविता को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने ईडी और सीबीआई मामले में दाखिल उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। ईडी और सीबीआई दोनों मामले में दाखिल जमानत याचिका को दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया।*

जबलपुर
मंगलवार, 2 जुलाई 2024
- आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-11
- वर्ष : 19, अंक : 63
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 28
न्यून. 25

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

08 अब जीत से कम कुछ नहीं



मैट्रो
14 मेडिकल विश्वविद्यालय में हड़कंप की ..

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक में कहा कि ट्यूबवेल खनन के बाद बिना ढक्कन के खनन स्थल होने से छोटे बच्चों की असामयिक मृत्यु का कारण बन जाते है। अब खुले नलकूप को बंद नहीं करने पर राशि की वसूली दंड सहित की जा सकेगी

## ट्यूबवेल खनन के बाद बिना ढक्कन के खनन स्थल छोड़ने पर सरकार सख्त

# अब दोषी पर 'एफआईआर' के साथ होगी 'जुर्माने' की कार्रवाई

### कैबिनेट बैठक विधानसभा परिसर में हुई, इसमें 10 से अधिक मसौदों को मंजूरी दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में ट्यूबवेल खनन के बाद बिना ढक्कन के खनन स्थल छोड़ने पर सरकार सख्त हो गई है। ऐसे दोषी व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज करने के साथ ही साथ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। कैबिनेट की बैठक में उक्त मसौदे को मंजूरी दे दी गई। इसी तरह कैबिनेट में गोवध की मंशा से गोवंश का परिवहन करने को अवैध परिवहन करने वाले वाहनों को जब्त करने को मंजूरी दी गई। इसका अधिकार जिले के कलेक्टर को दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक में कहा कि ट्यूबवेल खनन के बाद बिना ढक्कन के खनन स्थल होने से छोटे बच्चों की असामयिक मृत्यु का कारण बन जाते हैं।



### गोवंश की मंशा से गोवंश का परिवहन करने वाले वाहन होंगे राजसात

मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश में गोवध की मंशा से गोवंश के परिवहन का अवैध कृत्य करने वाले वाहन कई बार न्यायालय से छूट जाते हैं। नियमों के उल्लंघन पर पकड़े गए वाहनों के प्रकरण में वाहनों को राजसात करने की कार्रवाई की जाएगी। मप्र गो-वंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 (यथा संशोधित 2010) में प्रस्तावित संशोधन से गो-वंश को वध या गो-मांस के प्रयोजन के लिए ले जा रहे वाहनों को राजसात किए जाने के लिए कलेक्टर को अधिकार देने के प्रावधान संबंधी विधेयक को विधानसभा में रखे जाने की स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

### लघु वनोपज से होने वाली आय को वितरित करने का निर्णय

राष्ट्रीयकृत लघु वनोपजों के व्यापार से अर्जित शुद्ध लाभ की राशि का वितरण करने का निर्णय कैबिनेट ने लिया है। इसके नियम में आंशिक संशोधन करते हुए लघु वनोपज के संग्रहण, भंडारण, विपणन, प्रचार-प्रसार, प्रोत्साहन आदि से संबंधित अधोसंरचनाएं प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के तहत आने वाले ऐसे समस्त ग्रामों जहां तेंदूपत्ता का संग्रहण किया गया है। लघु वनोपज समितियों की अधोसंरचनाएं एवं संग्राहकों के लिए लघु वनोपज संघ की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए मप्र राज्य लघु वनोपज संघ को अंतरित किया जाए। इसके साथ ही कैबिनेट ने एक अन्य निर्णय में वल्लभ भवन के नवीनीकरण व आधुनिकीकरण के लिए 107 करोड़ 27 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### इन निर्णयों का अनुमोदन

विश्वविद्यालयों के कुलपति को कुलगुरू नामित करने तथा मंत्रियों का आयकर खुद जमा कराने के निर्णय को कैबिनेट की मंजूरी पहले ही मिल चुकी थी। सोमवार की कैबिनेट की बैठक में इसका अनुमोदन कर दिया गया।

inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### नई ड्रेस में रामलला के दिखे पुजारी

**अयोध्या।** अयोध्या में रामलला के पुजारियों के लिए सोमवार 1 जुलाई से ड्रेस कोड लागू हो गया। पुजारी मंदिर में मोबाइल भी नहीं ले जा सकेंगे। मुख्य पुजारी, 4 सहायक पुजारी और 20 ट्रेनी पुजारी एक खास परिधान में दिखेंगे। अब तक गर्भगृह में पुजारी केसरिया रंग के कपड़ों में दिखते थे। सिर पर केसरिया साफा, कुर्ता और धोती पहनते थे।



### यूपीएससी ने जारी किया प्रीलिम्स का रिजल्ट

**नई दिल्ली।** यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन ने सोमवार को सिविल सर्विस एग्जाम प्रीलिम्स 2024 का रिजल्ट घोषित कर दिया है। एग्जाम साल 16 जून को हुआ था। यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर चेक रिजल्ट चेक कर सकते हैं। जीएस का पेपर पिछले साल की तुलना में आसान था।




### सीएम ने इस्तीफे की अटकलों को खारिज किया

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने सोमवार को अपने इस्तीफे की खबरों को निराधार बताया और मीडिया से अफवाह न फैलाने को कहा। सिंह ने दावा किया कि यह उनके कुछ राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों की कोशिश है, जो राज्य में मौजूदा स्थिति का फायदा उठाना चाहते हैं। मणिपुर पिछले वर्ष मई से हिंसा की चपेट में है।



## संसद में संग्राम : लोकसभा में राहुल के भाषण ने विपक्ष की ताकत को दिखाया तो सत्ता पक्ष ने विपक्ष को आईना दिखाया

### नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 90 मिनट में कई मुद्दों पर सरकार को घेरा

# शिव 'डरो मत, डराओ मत' के प्रतीक, जो लोग अपने को हिंदू कहते हैं वे हिंसा की बात करते हैं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयानों पर हंगामा हो गया। राहुल ने सरकार को कई मुद्दों पर घेरा। बाद में इन्हीं मुद्दों पर वे घिर गए। राहुल ने भाषण के दौरान भगवान शंकर की तस्वीर दिखाई और कहा कि यह अभय रहने का संदेश देती है।

उन्होंने कहा कि शिव की तस्वीर में त्रिशूल बाएं हाथ में होता है, यह दरअसल अहिंसा का प्रतीक है। राहुल इसके बाद अपने साथ लाई गई गुरुनानक देव, भगवान महावीर और जीजस क्राइस्ट की तस्वीरें दिखाते हुए कहा कि सभी में अभय मुद्रा है, जो न डरने की सीख देती हैं। उन्होंने कि इस्लाम में भी दोनों हाथों से नमाज पढ़ना भी एक तरह से अभय मुद्रा का ही रूप है। राहुल ने कहा कि एक तरफ शिव डरो मत, डराओ मत और अहिंसा की बात करते हैं, वहीं जो लोग अपने आप को हिंदू कहते हैं, वह हिंसा- हिंसा हिंसा की बात करते हैं।

> प्रियंका गांधी ने कहा कि हम हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते। राहुल गांधी ने भाजपा के बारे में बोला है, भाजपा के नेताओं के बारे में बोला है।

**इसके बाद राहुल गांधी ने मुस्कुराते हुए कहा- जय संविधान**

राहुल ने जैसे ही बोलना शुरू किया, वैसे ही सदन में भारत माता की जय और मोदी-मोदी के नारे लगे

### अग्निवीर 'इस्तेमाल करो और फेंक दो' वाला मजदूर

राहुल गांधी ने कहा कि एक अग्निवीर ने बारूदी सुरंग विस्फोट में अपनी जान गंवा दी, लेकिन उसे 'शहीद' नहीं कहा जाता... अग्निवीर इस्तेमाल करो और फेंक दो वाला मजदूर है। इस अग्निवीर को कुछ नहीं मिलता। हालांकि, इस पर आपत्ति जताते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि अग्निवीर यदि युद्ध के दौरान मारे जाते हैं, तो उन्हें एक करोड़ रुपए दिए जाते हैष राहुल गांधी को शायद इस बात की जानकारी नहीं है।



*अभय मुद्रा कांग्रेस का प्रतीक है... अभयमुद्रा निर्भयता का संकेत*

राहुल ने कहा कि भगवान शिव से मुझे विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष की प्रेरणा मिली। शिव के गले में सांप है, जो विपत्तियों के सामने डटे रहने की प्रेरणा देता है। शिव के बाएं हाथ में त्रिशूल अहिंसा का प्रतीक है।

### नीट पर एक दिन सदन में अलग से चर्चा हो

राहुल गांधी ने कहा कि वे चाहते थे कि नीट पर एक दिन सदन में अलग से चर्चा हो, 2 करोड़ युवाओं का नुकसान हुआ है।

### भाजपा समेत सत्ता पक्ष के तमाम सदस्यों ने राहुल के बयान पर आपत्ति जताई

# हंगामे के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-पूरे हिंदू समाज को 'हिंसक' कहना बेहद गंभीर विषय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भाजपा समेत तमाम सत्ता पक्ष के सदस्यों ने राहुल के बयान पर आपत्ति जताई। इतना ही नहीं, सदन में मौजूद पीएम नरेंद्र मोदी खुद को रोक नहीं पाए और उन्होंने इसका विरोध करते हुए कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना गंभीर विषय है।

राहुल गांधी के बयान पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपत्ति जताई और कहा कि विपक्ष के नेता ने स्पष्ट कहा है कि जो अपने आपको हिंदू कहते हैं, वह हिंसा की बात करते हैं, हिंसा करते हैं। इस देश में शायद इनको मालूम नहीं है कि करोड़ों लोग खुद को गर्व से हिंदू कहते हैं। हिंसा की भावना को किसी धर्म के साथ जोड़ने और इस सदन में, और संवैधानिक पद पर बैठे हुए सदस्य राहुल गांधी को अपने इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। मेरी गुजारिश भी है कि इस्लाम में अभय मुद्रा, वह इस पर इस्लाम के विद्वानों का मत एक बार ले लें। गुरुनानक की अभय मुद्रा पर एसजीपीसी का मत एक बार ले लें।

> शाह ने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे हुए सदस्य राहुल गांधी को अपने इस बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए

**केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजीजू व अमित शाह ने ओम बिरला से मुलाकात की**

माना जा रहा है कि स्पीकर बिरला राहुल के इस बयान पर कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं

### बिरला ने कहा-सदन की गरिमा बनी रहे मर्यादा बनी रहे और नियमों का पालन हो

नेता विपक्ष राहुल गांधी को भगवान शिव की तस्वीर दिखाने पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि आप प्रतिपक्ष के नेता हैं। मैं आपसे ये अपेक्षा करता हूं कि सदन की गरिमा बनी रहे। मर्यादा बनी रहे और नियमों का पालन हो। स्पीकर ने कहा कि आप खुद शिव जी को भगवान मानते हैं और बार-बार उनकों यहां पर इस तरह से चित्रित करना ये उचित नजर नहीं आता है।



*राजनाथ बोले- केंद्र सरकार सोच समझकर लेकर आई अग्निवीर स्कीम*

सदन में राहुल गांधी के तीखे वारों पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विरोध जताया। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेता गलत बयानी करके सदन को गुमराह कर रहे हैं। यह स्कीम दुनिया के बहुत सारे देशों में लागू है और सरकार बहुत सोच- समझकर इस स्कीम को लेकर आई है। रक्षा मंत्री के बाद गृह मंत्री अमित शाह भी अपनी सीट से खड़े हुए और राहुल गांधी के आरोपों का खंडन किया। अमित शाह ने राहुल गांधी के अग्निवीर वाले बयान पर कहा कि यह सदन झूठ बोलने की जगह नही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी दावा कर रहे हैं कि अग्निवीर स्कीम की सच्चाई मैंने सदन में रखी है।

### कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी कर पूछा

# आपको कहां से पता चला कि राहुल गांधी विदेशी हैं?

एजेंसी ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में सोमवार को राहुल गांधी की विदेशी नागरिकता व संसद सदस्यता पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा, राहुल गांधी विदेशी नागरिक हैं?

यह बात आपको कहां से पता चली। कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा, याचिका में इस बात का जिक्र क्यों नहीं किया कि आप भाजपा कार्यकर्ता हैं। जस्टिस राजन रॉय और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की डबल बेंच ने मामले की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। दरअसल, कर्नाटक भाजपा के कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर ने 21 जून को याचिका लगाई थी। जिसमें राहुल गांधी को ब्रिटिश नागरिक बताते हुए उनकी सदस्यता रद्द किए जाने की मांग की।



### ये पिछले साल से 49% ज्यादा

# जून में 1,389 करोड़ यूपीआई ट्रांजैक्शन हुए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जून 2024 में यूनिफाइड पेमेंट सिस्टम यानी यूपीआई के जरिए 1,389 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए। इस दौरान टोटल 2,007 लाख करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की गई। ट्रांजैक्शन की संख्या में सालाना आधार पर 49% की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, इसके जरिए ट्रांसफर की जाने वाली राशि में 36% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले यानी जून 2023 में 934 करोड़ ट्रांजैक्शन के जरिए 14.75 लाख करोड़ रूपए का लेनदेन हुआ था। वहीं, पिछले महीने की तुलना में ट्रांजैक्शन की संख्या में 1% और ट्रांसफर की गई राशि में 2% की कमी आई है।

मई 2024 में यूपीआई के जरिए 1,404 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए और इसके जरिए 20.45 लाख करोड़ की राशि ट्रांसफर की गई।



## कांग्रेस ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन




**सभी जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अन्य सांसदों के साथ सोमवार को नई दिल्ली में चल रहे संसद सत्र के दौरान केंद्र सरकार द्वारा जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

### निर्णय का सदस्यों ने मेजें थपथपाकर स्वागत किया

# विधानसभा अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष भी खुद जमा करेंगे अपना आयकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आयकर जमा करने के कैबिनेट के निर्णय का विधानसभा में स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि कैबिनेट के माध्यम से स्वयं का और मंत्रियों का आयकर स्वयं जमा करने के निर्णय का विधानसभा में स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने प्रश्नकाल के बाद विशेष उल्लेख किया। इस निर्णय का सदस्यों ने मेजें थपथपाकर स्वागत किया।

*तोमर ने प्रश्नकाल के बाद इसका विशेष उल्लेख किया*



नरेंद्र सिंह तोमर



उमंग सिंगार

### सिंगार ने कहा- हम भी साथ

विधान सभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वयं का और मंत्रियों ने भी स्वयं का इनकम टैक्स खुद जमा करने का निर्णय लिया है। वे स्वयं भी अब अपना इनकम टैक्स जमा करेंगे। इस पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने कहा कि वे भी अपना आयकर स्वयं जमा करेंगे। सदन में उपस्थित विधानसभा सदस्यों ने मेजें थपथपाकर इसका स्वागत किया।

### सोमवार शाम 5 बजे तेज रफ्तार बोलेरो की हो गई ट्रक से आमने-सामने की सीधी टक्कर

हादसा करौली-मंडरायल मार्ग स्थित डूंडापुरा मोड़ के पास हुआ

# बोलेरो में सवार होकर कैला देवी के दर्शन को जा रहे श्योपुर के 9 श्रद्धालुओं की करौली में मौत

*मृतकों में 2 बच्चे और 6 महिलाएं भी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर/करौली

राजस्थान के करौली में बोलेरो और ट्रक की भिड़ंत में 2 बच्चों व 6 महिलाओं समेत 9 लोगों की मौत हो गई। 4 लोग घायल हैं। हादसा सोमवार शाम करीब 5 बजे करौली-मंडरायल मार्ग स्थित डूंडापुरा मोड़ के पास हुआ।

एसपी ब्रजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि तेज रफ्तार बोलेरो और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों वाहनों के टकराने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वाहन के अनियंत्रित होने से हादसा हुआ।

बोलेरो में सवार लोग कैला देवी के दर्शन करने जा रहे थे। मौके पर पुलिस ने सभी घायलों को करौली जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने 9 लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, 4 घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया। इनमें से गंभीर घायल एक महिला का जयपुर के एसएमएस अस्पताल रैफर किया गया।



### पुलिस के ट्रक में रखकर अस्पताल लेकर गए शव

एक बच्चे और 2 महिलाओं समेत चार लोगों के शव पुलिस के ट्रक से करौली अस्पताल की मॉर्च्युरी लेकर गए। इस दौरान अस्पताल में लोगों की भीड़ जमा हो गई। भीड़ को हटाने के पुलिस बल तैनात किया गया था।

## संरक्षित करने के लिए पेयजल स्रोत भी चिन्हित करें, स्रोतों की क्षमता भी बढ़ाएं

# जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियां भविष्य की दृष्टि से भी जारी रखी जाएंः सीएम

**एक पेड़ मां के नाम कर्मकाण्ड न हो, आमजन भी जुड़ें**

**मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस से दिए जिला और संभागीय अधिकारियों को निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से लेकर 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान उत्सव के रूप में चला। कई जिलों में अच्छे कार्य हुए हैं। कई पुरानी बावड़ियां अस्तित्व में आ गईं। जल स्त्रोतों की सफाई भी की गई। अनेक स्थानों पर गुणवत्तापूर्ण कार्य हुए हैं। इन कार्यों की उपयोगिता को देखते हुए भविष्य की दृष्टि से 30 जून के बाद भी कार्यों को जारी रखा जाए। नवाचारों की जानकारी संकलित की जाए। जो कार्य शेष हैं, उन्हें चिन्हित कर पूरा करने का प्रयास हो।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास से प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर्स, कमिश्नर्स और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग से चर्चा कर रहे थे।

### शहरी, ग्रामीण और वन क्षेत्र सभी जगह हुए जल संरक्षण के कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल स्त्रोतों को चिन्हित करने और उनकी क्षमता बढ़ाने का अभियान निरंतर चले। ऐसे स्थान जहां पानी मिला है, उनका उपयोग भी हो जाए। रोजगार की दृष्टि से मत्स्य पालन या अन्य गतिविधियां भी संचालित की जाएं। सेडमैप के सहयोग से ऐसी जल संरचनाओं जहां भूमिगत जल कम हो गया है, को उपयोगी बनाने से संबंधित अध्ययन एवं सर्वे किया जाए। जनपद पंचायतें ऐसे जल स्त्रोतों को प्रभावी बनाने का कार्य करें। ग्रामीण क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान में कार्यों की अपर मुख्य सचिव मलय कुमार श्रीवास्तव और नगरीय क्षेत्र में संचालित जल संरक्षण कार्यों के संबंध में प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई ने विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### इन जिलों ने दिया कार्यों का विवरण

मुख्यमंत्री को आज की वीडियो कांफ्रेंस में सिंगरौली, छतरपुर, झाबुआ, दमोह, रायसेन, दतिया, खण्डवा, जबलपुर, अशोक नगर और इंदौर कलेक्टर्स ने जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों की जानकारी दी। रायसेन जिले में 58 अमृत सरोवर तैयार हुए हैं। नर्मदा किनारे स्थित 40 ग्रामों में स्वच्छता के कार्यों में जन सहयोग मिला। पंचायतों में जल संसद भी आयोजित की गईं। जबलपुर में करीब दौ साल पुरानी बावड़ी के कायाकल्प में सफलता मिली। अशोक नगर में गणेश शंकर ताल और मुंगावली में तालाब के गहरीकरण के कार्यों में जनसहयोग प्राप्त हुआ। इसी तरह इंदौर जिले में शहरों और गांवों में जल स्त्रोतों को बचाने और उपयोग में लेने के संबंध में लोगों में चेतना बढ़ी है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के लिए जिलावार लक्ष्य तय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह पौधरोपण का सामान्य अभियान नहीं है। जिलावार तय किए गए लक्ष्य पूरे किए जाएं। आमजन को जोड़ने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 15 जुलाई तक निरंतर अभियान चले। लोग अपने निवास परिसर और खेत में भी पौधे लगाएं। अभियान को पंचायतों तक ले जाएं। जियो टेगिंग और वेबसाइट पर पौध रोपण के फोटो अपलोड करने के प्रयासों को बढ़ाया जाए।

### शहरी क्षेत्रों में करीब सवा दो लाख नागरिकों ने श्रमदान किया

प्रदेश के प्रत्येक नगरीय निकाय में विशेष जल सम्मेलन बुलाए गए। जल संरचनाओं के आसपास से अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जल संरक्षण से जुड़े अनेक कार्यों को अंजाम दिया गया। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में अभियान में करीब सवा दो लाख नागरिकों ने श्रमदान कर जल संरचनाओं में लगभग 30 लाख घनमीटर क्षमतावर्धन का कार्य किया। एक हजार से अधिक जल संरचनाएं संरक्षित की गईं। लगभग छह लाख घनमीटर से अधिक गाद निकालने के साथ ही जल संरचनाओं के आसपास पौधे भी लगाए गए। जन-जागरूकता के लिए चित्रकला और निबंध स्पर्धाएं हुईं और कलश यात्रा जैसे आयोजन भी हुए। पुराने कुओं, तालाबों के संरक्षण और संवर्धन के कार्यों के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कार्य हुए हैं।

**मुख्यमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण सुना**

## बदलते दौर के भारत में अनेक क्षेत्रों में हो रही प्रगतिः डॉ. यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बाग मुगलिया स्थित विवेकानंद सामुदायिक भवन परिसर में मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह बदलते दौर का भारत है। अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रविवार को "मन की बात" कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जहां बैंगलुरु में देव भाषा संस्कृत बोलने वालों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी वहीं पूरी दुनिया में योग दिवस पर हुए कार्यक्रमों का विवरण भी दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत में आकाशवाणी केंद्र से प्रसारण की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने इस कार्यक्रम से आंध्रप्रदेश में कॉफी उत्पादन की जानकारी भी प्रदान की। मुख्यमंत्री ने विवेकानंद सामुदायिक भवन परिसर में पौधा भी लगाया। मुख्यमंत्री ने आम का पौधा रोपा। उनके साथ पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, सुमित पचौरी और अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने अन्य विषयों पर चर्चा के साथ ही विभिन्न देशों में योग दिवस पर हुए कार्यक्रमों का ब्यौरा भी दिया।

## राजेंद्र मप्र अभियोजन अधिकारी संघ के अध्यक्ष हुए निर्वाचित



विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश अभियोजन अधिकारी संघ के चुनाव में भोपाल के जिला अभियोजन अधिकारी राजेन्द्र उपाध्याय अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित घोषित किए गए हैं।

राजेन्द्र उपाध्याय को 319 वोट प्राप्त हुए। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी अभय सिंह राठौर को 168 वोट मिले। राजेन्द्र उपाध्याय ने अभय सिंह राठौर को 152 वोटों से हराया। राजेन्द्र उपाध्याय के पैनल के सभी सदस्य इस चुनाव में विजयी हुए हैं। उपाध्यक्ष के पद पर जबलपुर डीपीओ अजय जैन ने 328 वोट प्राप्त कर सुशीला राठौर को पराजित किया। महासचिव के पद पर भोपाल के एडीपीओ दिनेश आर्य ने 340 वोट प्राप्त कर आलोक श्रीवास्तव को हराया। सचिव पद पर एडीपीओ चौहान सिंह यादव निर्वाचित हुए हैं। भोपाल के एडीपीओ अरविंद दांगी सह-सचिव के पद पर निर्वाचित हुए हैं। दांगी को 347 वोट प्राप्त हुए, वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी धीरेंद्र सिंह चौहान को 181 वोट प्राप्त हुए। एडीपीओ हुकुमचंद निरंजन कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विजयी हुए। कोषाध्यक्ष के पद पर कुलदीप भदौरिया निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद राजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि अभियोजन अधिकारियों के हित के लिए मैं और मेरे पैनल के सभी सदस्य हर संभव प्रयास करेंगे। एडीपीओ मनोज त्रिपाठी ने बताया कि मप्र अभियोजन अधिकारी संघ के चुनाव मानस भवन में सुबह 10:30 बजे से प्रारंभ किये गये ,जिसमे मध्यप्रदेश के सभी जिलों से 600 अभियोजन अधिकारियों ने अपने मत का प्रयोग किया।

## भिलाई स्टील प्लांट में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग-भिलाई

एशिया के सबसे बड़ा भिलाई स्टील प्लांट में शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। मृतक का शव इलेक्ट्रिक केबल के बीच में फंसी हुई मिली है पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस 6 में सब स्टेशन 15 एफ के पैनल में आज सुबह काम करने गए कर्मचारियों ने केबल के बीच में शव को देखा जिसके बाद इसकी सूचना प्लांट के अधिकारी और भिलाई भट्टी थाने को दी गई पुलिस के द्वारा सब स्टेशन में कार्यरत ठेकेदार ने बता की मृतक व्यक्ति उसका कर्मचारी है और वही जांच में पता चल है कि सब स्टेशन की दीवार भी टूटी हुई हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि मृतक व्यक्ति केबल चोरी करने की नियत से प्लांट में घुस था और केबल काटते समय करंट की चपेट में आने से मौत हो गई है।

## पीएम की गरीब कल्याण की योजनाओं ने ऐतिहासिक बहुमत दिलायाः शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को खजुराहो लोकसभा के गुन्नौर और पवई विधानसभा के मतदाता और कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरीब कल्याण की योजनाओं ने भाजपा को तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत से लोकसभा चुनाव में विजय दिलाई है। शर्मा ने पन्ना के बराछ और बिलघाड़ी पहुंचकर मतदाताओं को सम्मानित किया और भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। शर्मा ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से भाजपा को विजय प्राप्त हुई है।

### तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का रिकॉर्ड

शर्मा ने कहा कि देश की आजादी के बाद नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले गैर कांग्रेसी पहले राजनेता हैं। यह उपलब्धि उनके प्रति देश की जनता के अटूट विश्वास, प्रेम और आशीर्वाद से ही संभव हो सकी है। प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण के लिए पिछले दस वर्षों में कार्य किए हैं। मप्र में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने जो कार्य किए हैं, उसकी वजह से मप्र में 29 सीटें जीती हैं।

### कांग्रेस ने विष घोलने का काम किया

शर्मा ने कहा कि मप्र सहित देशभर में कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं ने देश की जनता को जातियों में बांटकर समाज में विष घोलने का कार्य किया है।

## डॉक्टर्स डे पर मेडिकल कॉलेज के कार्यक्रम में शामिल हुए किरणदेव

**जगदलपुर।** जगदलपुर में शासकीय मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में डॉक्टर्स डे के अवसर पर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने मेडिकल कॉलेज के सभी डॉक्टर को डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित किया। शासकीय मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के ऑडिटोरियम में आयोजित डॉक्टर्स डे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल हुए। डॉक्टर्स डे कार्यक्रम में चित्रकूट विधायक विनायक गोयल भी साथ उपस्थित रहे, कार्यक्रम में मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि डॉक्टरों का हमारे समाज में एक अलग स्थान होता है।

**पहले यहां मिलता था देशभर के प्रसिद्ध व्यंजनों का स्वाद, असामाजिक तत्व कोच को पहुंचा रहे नुकसान**

**रेलवे के बड़े अधिकारी लगातार कर रहे हैं स्टेशन का दौरा, फिर भी अब तक नहीं गया किसी का ध्यान**

## कोच रेस्टोरेंट बना शौचालय, भोपाल स्टेशन पर एक साल से लावारिस पड़े कोच में बदमाशों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेल मंडल की ओर से जोर-शोर से मार्च 2022 में भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-6 के पास यात्रियों के लिए रेल कोच रेस्टोरेंट शुरू किया गया था, लेकिन यह सालभर में ही बंद हो गया।

तो वहीं लावारिस हालत में रखे होने से अब लोगों ने इसको शौचालय बना दिया है। साथ ही आसामाजिक तत्व कोच को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसको लेकर रेलवे अधिकारी का ध्यान ही नहीं है, जबकि आए दिन यहां पर रेलवे के आला-अधिकारी दौरा कर रहे हैं।



भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 की ओर पड़ा टूटा-फूटा कोच।

पटरियों को भी लगी जंग।

ऐसे बना शौचालय

### होना था सदुपयोग

रेलवे सूत्रों का कहना है कि रेलवे इस तरह का कोई भी निर्माण कार्य करवाता है तो उसके लिए सर्वे करवाता है। जो रेल कोच रेस्टोरेंट शुरू किया गया था, वहां बागीचा था, पार्किंग थी और स्वच्छ वातावरण था। यह देखना चाहिए था कि वहां रेस्टोरेंट का संचालन उचित रहेगा या नहीं, ताकि सुविधा का लाभ लोगों को मिले। लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी रेल कोच रेस्टोरेंट खोला गया था। अब कम से कम कोच को वापस कोच फैक्टरी या सुरक्षित जगह पर रखवाया जाना चाहिए।

### पहले ऐसा हुआ करता था कोच

रेल कोच रेस्टोरेंट लोगों के आकर्षण का केंद्र था। अब वही परिसर गंदगी से घिरा है। यहां बदबू के कारण खड़े होना भी मुश्किल है। यह अब केवल शो-पीस है। इस मामले को लेकर रेलवे के आला-अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

### 55 लाख रुपए से ज्यादा की आय की थी उम्मीद

रेलवे ने मार्च 2022 में कोच रेस्टोरेंट योजना शुरू की था। अब वह कोच बदहाली से घिर गया है। इसका संचालन पीपीपी मोड पर शुरू किया गया था। रेलवे को अनुमान था कि इससे सालाना 55 लाख रुपए से ज्यादा की आय होगी। जब यह शुरू हुआ था, तब लोग यहां अपने चार पहिया वाहन से सीधे रेस्टोरेंट तक पहुंच सकें, इसकी सुविधा शुरू की गई। इसकी खासियत थी कि कोच में विभिन्न प्रदेशों के लजीज व्यंजन जैसे मुंबई की पाव भाजी, कोल्हापुर का मीसल पाव, दक्षिण भारत का इडली-डोसा, बिहार का लिट्टी चोखा, पंजाब का छोला-कुलचा, राजमा-चावल, आलू-बड़ा, समोसा, बुंदेलखंड की आलू-टिक्की, मटर-चाट के साथ ही कई स्वादिष्ट व्यंजन यहां उपलब्ध थे। लेकिन छह माह बाद यह अनूठा रेस्टोरेंट बंद हो गया। इसके बाद एक बार फिर यह शुरू किया गया। लेकिन एक माह बाद यानी साल 2023 के पहले ही यह बंद हो गया। तब से कोच को बदहाली के लिए छोड़ दिया गया। लोगों का कहना है कि अब यह रेस्टोरेंट रात के समय आसामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। इतना ही नहीं, कोच का उपयोग शौचालय के रूप में भी होने लगा है।

## रायपुर रेलवे स्टेशन के पास कैंटीन में लगी आग, मची अफरा-तफरी, दमकलकर्मियों ने आग पर पाया काबू

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन में आग लगने का मामला सामने आया है। आग लगने से रेलवे स्टेशन में अफरा-तफरी मच गई है। मिली जानकारी के अनुसार, स्टेशन के पास स्थित कैंटीन में आग लगी है। सूचना मिलते ही रेल अफसर मौके पर पहुंचे। मामले में दमकल की टीम को जानकारी दी गई है। दमकल की टीम आग बुझाने लेकर कड़ी मशक्कत कर रही है। आग लगने का कारण अब तक पता नहीं चल सका है।



## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में मिली लाश

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** पेण्ड्रा थानाक्षेत्र में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश उसके ही रिश्तेदार के घर में एक कमरे में मिली। मृतक पिछले 4 माह से अपने रिश्तेदार के घर मे रहकर ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। फिलहाल मामले की जानकारी मिलते ही पेण्ड्रा पुलिस और पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुचकर मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

मामला पेण्ड्रा थानाक्षेत्र के डोंगरिया गाव का है जहां पर रहने वाले कल्याण सिंह के साढ़ू का बेटा चौहान सिंह जो रहने वाला मरवाही थानाक्षेत्र के बरौर गांव का था वो पिछले 4 माह से अपने मौसा के घर पर ही रहकर ही ट्रैक्टर चलाने का काम करता था और वही उन्ही के घर मे रहता था। संदिग्ध परिस्थितियों में शव उसके घर के एक कमरे में मिला जिसके बाद गाव में सनसनी फैल गई। मृतक चौहान सिंह के सिर पर गहरे वार के निशान भी थे जिसकी सूचना गांव के कोटवार के द्वारा पेण्ड्रा पुलिस को दी गई।

**एंटी साइबर क्राइम टीम ने की हैदराबाद में कार्रवाई**



## महादेव सट्टा एप का पैनल चलाने वाले सात आरोपियों को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग-भिलाई

एंटी साइबर क्राइम यूनिट की टीम ने हैदराबाद में दबिश देकर ऑनलाइन महादेव सट्टा एप का पैनल चलाने वाले सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी आरोपी भिलाई के रहने वाले हैं।

एंटी साइबर क्राइम यूनिट एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि भिलाई के कुछ युवक ऑनलाइन महादेव सट्टा एप का पैनल हैदराबाद के तेलंगाना में चला रहे थे। सूचना मिलने के बाद एक टीम गठित कर टीम को रवाना किया गया। जहां एक मकान में छापामार पैनल संचालित करते एक नाबालिग समेत छह युवकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से लैपटाप, मोबाइल फोन, सट्टे का लेखा-जेखा, बैंक खाते, एटीएम और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस मामले का जल्द खुलासा करेगी। दुर्ग क्राइम ब्रांच की टीम तेलंगाना के गच्चीबाउली पहुंची। जहां एक मकान में ऑनलाइन महादेव सट्टा एप का पैनल संचालित किया जा रहा था। जहां भिलाई के कैंप निवासी सुजीत साव के द्वारा पैनल चल रहा था और कार्यवाही के दौरान एक आरोपी तीसरे माले से छलांग लगा दी। पुलिस ने जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी इलाज जारी है। वहीं अन्य आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर दुर्ग लगाया गया। पकड़े गए आरोपियों में बी चंदू निवासी कैंप एक वृंदा नगर 18 नंबर रोड, अभिषेक वर्मा निवासी कुरुद ढांचा भवन जामुल भिलाई, हिमांशु चौहान निवासी कैंप 1 प्रगति नगर छावनी भिलाई, उदय निवासी कैंप 1, उमा पब्लिक स्कूल के पास थाना वैशाली नगर भिलाई, सुजीत साव निवासी कैंप 1 भिलाई समेत एक नाबालिग शामिल है।

## सरकारी शराब दुकान में नौ लाख से ज्यादा कैश की चोरी

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले के एक सरकारी शराब दुकान में चोरी की वारदात हुई है। यह मामला साजा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत देवकर का है। जानकारी अनुसार देवकर के सरकारी शराब दुकान से 9 लाख 20 हजार 680 रुपए को अज्ञात चोर ने रविवार-सोमवार की दरमियानी रात को चोरी किया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद आज सुबह शराब दुकान में पुलिस की टीम पहुंची हुई थी। पुलिस के अनुसार अज्ञात चोर ने ताला को खोलकर रुपए चोरी किया है। इसके अलावा दुकान में लगे सीसीटीवी केबल को काट दिया था। इस कारण सीसीटीवी फुटेज नहीं मिल सका है। पुलिस को यहां काम करने वाले प्लेसमेंट कर्मचारियों के ऊपर शक है। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रहीं है। डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया गया है। अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### कोरबा में तीन दिन से हो रही झमाझम बारिश... नगर निगम की खुली पोल

## चिमनी भट्टा क्षेत्र जलमग्न, घरों में घुसा सीवेज का गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



घर के अंदर भी पानी, घर के बाहर भी पानी, जहां देखों वहां पानी ही पानी। ये हाल है कोरबा नगर निगम क्षेत्र का। जहां शारदा विहार वार्ड 12 चिमनी भट्टा में लोगों के घर के अंदर पानी घुस गया। इस पानी ने निगम के सारे दावों की पोल खोल दी। पहली ही बारिश ने दून के पुराने जख्म को फिर कुरेद दिया। हर साल की तरह वार्ड न.12 चिमनी भट्टा फिर जलमग्न हो गया। एक बार फिर नगर निगम के बड़े-बड़े दावे धराशायी हो गए। नालियों में भरा कचरा और सीवर की गंदगी लोगों के घरों तक पहुंच गई। घरों में बारिश का पानी घुसने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

लोगों ने बताया कि सालों पुरानी इस समस्या का समाधान न कोई सरकार निकाल पाई और न ही नगर निगम। सोमवार रात को हुई बारिश में यह बात एक बार फिर साबित हुई। दर्जनों घरों में बरसाती पानी घरों में घुसा। पहले ही बारिश में जिस तरह से जलभराव हुआ जिसके चलते रात भर जगना पड़ा।

यहीं हाल बालकों नगर के अन्दर स्थित सेक्टर 5 शॉपिंग कांप्लेक्स का है, जहां पर विनोद रिचार्ज सेंटर दुकान है। जिसके समीप सेक्टर 5 कॉलोनी स्थित है। बालको कॉलोनी और नेहरू नगर बस्ती से आने वाली मुख्य नाली है। उस नाली के ऊपर दुकान का निर्माण किया गया है। इस नाली के ऊपर हो जाने के कारण नाली बार-बार जाम हो रही है। नगर निगम द्वारा सफाई करने के बावजूद बारिश के मौसम में नाली जाम हो जाता है। मुड़ापार रिंग रोड पर मारुति शो रूम की वर्कशाप के यार्ड में पानी में भी जल भराव देखने को मिला।जिससे यार्ड में रखे सभी सोल्ड गाड़ियों को कर्मचारियों में बाहर निकाला।

### आकाशीय बिजली गिरी किसान की मौत

बलरामपुर-रामानुजगंज में शनिवार शाम चार बजे के करीब रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम पीपरोल में बिजली गिरने से घर के अंदर बैठे किसान की मौत हो गई। वही घर के बाहर किसान के बैल पर भी बिजली गिरा जिससे उसकी मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया। घटना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पीपरोला के गम्हारपारा में रहने वाले किसान श्याम बिहारी गुप्ता पिता सुदेश्वर साहू उम्र 55 वर्ष शाम चार बजे के करीब अपने घर के अंदर थे। इसी दौरान बिजली के गिरने से उनकी स्थिति गंभीर हो गई, जिसके बाद उन्हें रामानुजगंज अस्पताल लाया गया। लेकिन उनकी मौत हो गई। बिजली गिरने से मृतक किसान श्याम बिहारी के घर के बाहर बैल की भी मौत हो गई।

## नगर निगम ने पेश किया 15 सौ करोड़ का बजट

# विपक्ष के हंगामे से शुरु हुई बजट बैठक काला कपड़ा पहन सदन पहुंचे विपक्षी पार्षद

## विपक्ष ने शुरुआत में की महापौर से इस्तीफे की मांग

जबलपुर।

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने सोमवार दोपहर नगर निगम सदन में वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुमानित आय व्यय बजट प्रस्तुत किया। जिसमें वित्तीय वर्ष 24-25 में कुल आय 15 अरब 37 लाख 28 हजार 900 और कुल व्यय 15 अरब 34 लाख 65 हजार रुपये अनुमानित है। महापौर ने इस बार 2 लाख 63 हजार रुपये लाभ का बजट पेश किया। बजट बैठक की शुरुआत दोपहर 3 बजे हुई। जहां नगर निगम अध्यक्ष ने सर्वप्रथम नवनिर्वाचित सांसद, एमआईसी सदस्यों और नेता प्रतिपक्ष को बधाई दी। जिसके बाद एमआईसी सदस्य श्रीमति अंशुल राघवेन्द्र यादव ने नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा को बजट की प्रति सौंपी। जिसके बाद महापौर ने बजट भाषण दिया। बजट बैठक की शुरुआत विपक्ष के हंगामे से हुई। विपक्ष के सभी पार्षद काला कपड़ा पहन कर सदन में पहुंचे। सदन की शुरुआत में महापौर के खिलाफ नारेबाजी करते हुये, उनसे इस्तीफा देने की मांग की। जिसके बाद किसी तरह बजट बैठक शुरु हुई। महापौर के बजट भाषण के बाद 09 जुलाई तक के बैठक स्थगित कर दी। अब पार्षद बजट पर अध्ययन करेंगे, जिसके बाद आगामी सदन की बैठक में बजट पर चर्चा होगी।

महापौर द्वारा प्रस्तुत बजट में ज्यादा कुछ नया देखने को नहीं मिला, अधिकांश वादे और प्रावधान पिछले बजट के ही थे। इस बार पार्षद मद जहां 90 लाख रुपये कर दी गई है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के वार्डों को प्रतिशत प्रतिशत अधिक राशी विकास कार्यों के लिये दी जाएगी। बजट में खास यह रहा कि शहरीय सीमा में 12 लाख पौधा लगाने का प्रावधान किया गया। वहीं अक्टूबर तक 100 इलेक्ट्रिक ऐसी बस का संचालन शुरु होने की बात की गई है। बजट में इस साल फिल्म सिटी का काम पूरा होने की बात की गई। इसके अलावा इंटरनेशनल स्टेडियम काम शुरु करने का प्रावधान में बजट में किया गया। तिलवारा और ग्वारीघाट में हाईटेक पार्किंग के साथ साथ शहर में आधा दर्जन स्थानों में मल्टी लेवल पार्किंग व्यवस्था की जाएगी। शहर को अग्नि हादसे से बचाने के लिये शहर के अलग अलग हिस्सों में फायर स्बस्टेशनबनाने की बात भी बजट में की गई। हर वार्ड की प्रमुख चौराहों पर सीसीटी लगाने का काम पूरा करने और शहर में दो 56 भोग मार्केट इस साल बनाने का प्रावधान भी बजट में किया गया है। गौवंश संरक्षण कि दिशा में नई गौशाला बनाने के साथ साथ गौमूत्र और गोबर संरक्षण कि दिशा में भी नगर निगम कदम उठाएगी।







### अभिभाषण पर मौन नेता प्रतिपक्ष

बजट बैठक में सबसे खास यह रहा कि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के बजट भाषण के बाद नेताप्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा पूरी तरह से मौन रहे। जबकी निगम परम्परा अनुसार भी बजट बैठक के प्रथम दिन महापौर के अभिभाषण के बाद नेता प्रतिपक्ष अपनी बात रखता है। फिर उसके बाद नियत तारीख तक के लिये बैठक स्थगित होती है। लेकिन इस बार जब सबको उम्मीद थी कि महापौर के भाषण के बाद नेता प्रतिपक्ष कुछ न कुछ जरूर कहेंगे। तब नेता प्रतिपक्ष ने कुछ नहीं कहा। इस चुप्पी का लोग अलग अलग मतलब निकाल रहे हैं। अधिकांश का मानना यही है कि नेताप्रतिपक्ष और विपक्ष बजट पर चर्चा वाले दिन ही महापौर को घेरेंगे। सोमवार की खामोशी रणनीतिक थी।

### हर घर पहुंचाएंगे पानी

अमृत योजना के तहत बन रही टंकी में नल कनेक्शन की प्रक्रिया को भी आसान किया गया। अब शहरवासी 50 प्रतिशत शुल्क चुकाकर कनेक्शन ले सकेंगे। वहीं शेष 50 प्रतिशत 25-25 की दो किश्त में चुकाने की सहूलत होगी। वहीं इस साल 475 किलोमीटर पाईप लाईन बिछाने का प्रावधान भी बजट में किया गया है।

### कांग्रेस के नाम पर वोट लिया, भाजपा से सौदा कर लिया

विपक्ष के पार्षद काला कपड़ा पहन कर नगर निगम में पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उप नेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी, सचेतक आयोध्या तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने जमकर नारे बाजी की। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जनता ने कांग्रेस को वोट दिया था। कांग्रेस के नाम पर वोट लेकर महापौर ने भाजपा से सौदा कर लिया। जनता ने कांग्रेस का महापौर बनाया था। महापौर का पार्टी बदलना जनता के साथ धोखा है। महापौर इस्तीफा दें फिर चुनाव जीत कर आएं। वहीं राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सैय्यद ताहिर एक अटैची लेकर पहुंचे। जिसके जरिये उन्होंने महापौर खरीद फरोख्त का आरोप लगाया।



# सुबह और शाम की बारिश से मौसम हुआ सुहावना

### अगले 24 घंटों में भारी वर्षा के आसार


जबलपुर।

मानसून सक्रिय है। सोमवार को दिनभर बादल छाए रहे, दोपहर से शाम तक हल्की बारिश होती रही। मौसम विज्ञान ने चेतावनी दी है कि अगले 24 घंटे के दौरान जिलों के कुछ स्थानों पर तडित झंझावात के साथ भारी वर्षा की संभावना है। मानसून पूरे संभाग में सक्रिय है कई स्थानों पर तेज बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले 24 घंटों में 3 से 4 इंच बारिश हो सकती है। सोमवार की सुबह रिमझिम बारिश होती रही, दिन में मौसम खुल गया था लेकिन बादल छाए रहे और शाम होते ही तेज बारिश हो रही थी फिर रुक रुककर वर्षा हो रही थी। इस दौरान 11.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक मानसून का सिस्टम सक्रिय है। जबलपुर सहित मध्यप्रदेश में अच्छी बारिश हो रही है। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई है और लोगों को गर्मी से राहत मिली। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 30.05 डिग्री सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 24.02 डिग्री सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 93 प्रतिशत और सायंकाल 92 प्रतिशत आंकी गई। पिछले 24 घंटों में कुल वर्षा 11.08 मिली मीटर दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 210.10 (8 इंच) मिमी दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष आज के दिन वर्षा नहीं हुई थी। जबकि कुल वर्षा 256.08 मिमी हो चुकी थी। सूर्योदय सुबह 5.29 पर और सूर्यास्त शाम 7.00 पर हुआ। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा के आसार हैं। दक्षिणी पश्चिमी हवायें 6 से 7 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली।

## कलेक्टर ने ली बैठक | रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव की तैयारियां तेज

**जबलपुर।** रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव जबलपुर-2024 की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर दीपक सक्सेना और व्हीएफजे के मुख्य महाप्रबंधक संजीव कुमार भोला की टीम ने व्हीकल फैक्टरी जबलपुर में बैठक की। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीति यादव, एमपीआईडीसी की एग्ज्यूकिटिव डायरेक्टर सुसृष्टी प्रजापति, जीएमडीआईसी विनीत रजक तथा अन्य संबंधित अधिकारी थे, वहीं व्हीएफजे की ओर से महाप्रबंधक कमलेश कुमार, ए.के. राय, आशुतोष कुमार सहित अन्य सभी अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि एमपीआईडीसी द्वारा 20 जुलाई 2024 को जबलपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें डिफेंस, मिनरल्स, एग्रीकल्चर, टेक्सटाइल, एग्रोफूड सहित विभिन्न इंडस्ट्रियों को बढ़ावा देने एवं उनके उत्थान के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए जाने हैं। इस कॉन्क्लेव में देशभर की प्रख्यात औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। म.प्र. सरकार उक्त सभी उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल माहौल निर्मित करना चाहती है जिससे कि स्थानीय वेंडर्स के लिए व्यवसाय करने के लिये पर्याप्त अवसर हो तथा सभी के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़े। बैठक में डिफेंस इंडस्ट्री के विकास एवं उसके लिए अनुकूल वातावरण निर्मित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। एमपीआईडीसी के अधिकारियों ने बताया कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में डिफेंस इंडस्ट्री के विकास एवं उसके विस्तार के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे तथा प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। व्हीएफजे के मुख्य महाप्रबंधक भोला ने बताया कि जबलपुर में डिफेंस इंडस्ट्री के विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि व्हीएफजे इसके लिए स्वयं प्रयत्नशील है। अभी हाल ही में व्हीएफजे ने ट्रिपल आईटीडीएम के साथ मिलकर एमओयू साइन किया है जिससे कि रिसर्च एवं डेवलपमेंट के क्षेत्र में बेहतर कार्य किए जा सके। बैठक में इस बात पर सहमति बनी की डिफेंस इंडस्ट्री के विस्तार के लिए स्थानीय वेडर्स को पर्याप्त अवसर मिलने चाहिए, लेकिन इसके लिए यह भी आवश्यक है कि स्थानीय वेंडर्स गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का निर्माण करें एवं समय पर उनकी आपूर्ति सुनिश्चित करें। इस संबंध में भोला ने कहा कि सभी स्थानीय इंडस्ट्रियों में स्किल डेवलपमेंट की दिशा में कार्य करने की जरूरत है जिससे कि वे बड़ी डिफेंस इंडस्ट्रियों की मांग के अनुरूप विशेष गुणवत्तापूर्ण उत्पाद निर्मित कर सकें। इसके साथ ही उन्होंने नवीनतम डिफेंस टेक्नोलॉजी को अपनाने एवं उसके अनुरूप आगे बढ़ने की जरूरत पर जोर दिया। इस दौरान कहा गया कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की जाएंगी एवं डिफेंस इंडस्ट्री के विकास एवं विस्तार के लिये ठोस कदम उठाए जाएंगे। बैठक में बताया गया कि रीजनल इंडस्टी कॉनक्लेव जबलपुर -2024 जबलपुर संभाग में स्थापित, स्थापनाधीन एवं प्रस्तावित उद्योगों से संबंधित प्रमुख उद्योगपतियों, विभिन्न उद्योग संगठनों सहित लगभग 1000-12000 निवेशकों की सहभागिता होगी।



## भेड़ाघाट में नगर तथा ग्राम विकास प्राधिकारी की नियुक्ति क्यों नहीं

### हाई कोर्ट ने जनहित याचिका पर मांगा जवाब

**जबलपुर।** भेड़ाघाट में नगर तथा ग्राम विकास प्राधिकारी की नियुक्ति न किए जाने के रवैये को जनहित याचिका के जरिये चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश शील नागू व न्यायमूर्ति अचल कुमार पालीवाल की युगलपीठ के समक्ष सोमवार को मामले की सुनवाई हुई। प्रारंभिक तर्क सुनने के बाद कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य शासन, प्रमुख सचिव राजस्व, आवास एवं पर्यावरण विकास विभाग, संभागायुक्त, कलेक्टर, जबलपुर, आयुक्त सह संचालक नगर एवं ग्राम निवेश विभाग, अतिरिक्त तहसीलदार व सीएमओ भेड़ाघाट नगर परिषद सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। इसके लिए 16 अगस्त तक का समय दिया है। जनहित याचिकाकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता पूनम आनंद की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम की धारा-38 और मास्टर प्लान के अनुसार भेड़ाघाट में नगर तथा ग्राम निवेश प्राधिकारी की नियुक्ति की जानी चाहिए थी। किंतु अब तक ऐसा नहीं किया गया है। लिहाजा, भेड़ाघाट का विकास कार्य मास्टर प्लान के अनुरूप समुचित तरीके से नहीं हो पा रहा है। वर्तमान व पूर्व अध्यक्ष-पार्षद और उनके स्वजन आदि की कार्यप्रणाली पर ठोस अंकुश सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। जिनके ऊपर मास्टर प्लान को ठीक से लागू कराने का दारोमदार था, वे भूमि के दुरुपयोग में प्रवृत्त हो गए हैं। नगर परिषद के दस्तावेजों में अनेक प्रकार की त्रुटियां परिलक्षित हो रही हैं।



## मुंबई के लिए सीधी वायुसेवा को लेकर जबलपुर वासियों में उत्साह

जबलपुर।

जबलपुर से मुंबई सीधी वायुसेवा के शुभारंभ के अवसर पर नगरवासियों में बेहद उत्साह देखा गया तथा बहुत बड़ी संख्या में फ्लायर्स ने जबलपुर से मुंबई तक की सीधी यात्रा की। इस अवसर पर वायुसेवा संघर्ष समिति के संयोजक हिमांशु खरे ने बताया कि मुंबई वायुसेवा के आरंभ होने से जबलपुर देश की आर्थिक राजधानी से सीधे जुड़ गया है तथा नगर के उद्योग व्यापार जगत, चिकित्सा क्षेत्र एवं उच्च शिक्षा के लिए बाहर पढ़ रहे हैं युवाओं में भी इस वायु सेवा को लेकर अच्छा उत्साह देखने में आया है। समिति के हिमांशु खरे, मनु तिवारी ने बताया कि वायु सेवा संघर्ष समिति द्वारा पिछले लगभग तीन माह से जबलपुर की फ्लाइट कनेक्टिविटी को लेकर वृहद आंदोलन किया जा रहा है जिसके फल स्वरुप जबलपुर को मुंबई की सीधी वायु सेवा प्राप्त हुई तथा आगामी 1 सितंबर से जबलपुर बेंगलुरु से भी जुड़ने जा रहा है। इसी तारतम्य में आज समिति के सदस्यों ने जबलपुर विमानतल पहुंचकर इंडिगो वायुसेवा के स्थानीय प्रबंधन से भेंट कर उन्हें मुंबई वायुसेवा के लिए धन्यवाद दिया तथा इंडिगो कंपनी के कार्यपालक निदेशक के नाम एक पत्र भी सौंपा जिसमें जबलपुर को पुणे, चेन्नई, हैदराबाद, अहमदाबाद, कोलकाता आदि शहरों से जोड़ने की मांग भी की। इस अवसर पर वायुसेवा संघर्ष समिति के जितेंद्र पचौरी, बसंत मिश्रा, अरुण पवार, प्रीति चौधरी आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर सक्सेना ने प्रेसवार्ता में इंडस्ट्री कॉनक्लेव के विजन को बताया

# औद्योगिक विकास में मील का पत्थर होगा रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव : कलेक्टर

जबलपुर।

रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव जबलपुर -2024 की आवश्यकता और तैयारियों के संबंध में कलेक्टर दीपक सक्सेना ने प्रेसवार्ता कर इंडस्ट्री कॉनक्लेव के विजन को बताया। उन्होंने कहा कि एमपीआईडीसी द्वारा 20 जुलाई 2024 को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कल्चरल एंड इनफार्मेशन सेंटर जबलपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें डिफेंस, मिनरल्स, एग्रीकल्चर, टेक्सटाइल, एग्रोफूड सहित विभिन्न उद्योगों को बढ़ावा देने एवं उनके उत्थान के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किया जायेगा। इस कॉन्क्लेव में देशभर की प्रख्यात औद्यौगिक इकाईयों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। म.प्र. सरकार उक्त सभी इंडसट्रियों को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल माहौल निर्मित करना चाहती है, जिससे कि स्थानीय वेंडर्स के लिए व्यवसाय करने के लिये पर्याप्त अवसर हो तथा सभी के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़े।

इस दौरान डिफेंस इंडस्ट्री के विकास एवं उसके लिए अनुकूल वातावरण निर्मित करने के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही बताया कि रीजनल इंडस्टी कॉनक्लेव जबलपुर -2024 जबलपुर संभाग में स्थापित, स्थापनाधीन एवं प्रस्तावित उद्योगों से संबंधित प्रमुख उद्योगपतियों, विभिन्न उद्योग संगठनों सहित एक हजार से अधिक निवेशकों की सहभागिता होगी। जिससे औद्योगिक विकास का समर्थन करने वाले वातावरण का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव में निवेशकों की सहभागिता आवश्यक है। अतः इसके लिये क्यू आर कोड जारी किया गया है, जिसे स्कैन कर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते है। साथ ही वैन्यू लोकेशन के लिये भी क्यूआर कोर्ड दिया गया है। पत्रकार वार्ता में रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव को सफल बनाने के लिये सुझाव भी लिये गये तथा महत्वपूर्ण सुझावों पर अमल करने की प्रतिबद्धता भी जाहिर की गई। प्रेसवार्ता के दौरान एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक सुसृष्टि प्रजापति ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव के बारे में बताया। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीति यादव, एमपीआईडीसी की एग्ज्यूकिटिव डायरेक्टर सुसृष्टी प्रजापति, जीएमडीआईसी विनीत रजक तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



### सुबह 9.30 बजे होगी शुरुआत

कलेक्टर ने बताया रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव 20 जुलाई 2024, शनिवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कल्चरल एंड इनफार्मेशन सेंटर (तय्यब अली पेट्रोल पंप के पास, जबलपुर) में सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस कॉन्क्लेव में 4 प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र माइंस एंड मिनरल्स, एग्रीकल्चर एंड फ़ूड प्रोसेसिंग, एयरोस्पेस और डिफेंस, टेक्सटाइल्स एंड गारमेंट्स - पर आधारित सत्र आयोजित किए जाएंगे। कॉन्क्लेव के अतिरिक्त मुख्य आकर्षण में बायर-सेलर मीट, इंडसट्रियल एग्ज़िबिशन, और जबलपुर एक्सपो जैसे कई अन्य कार्यक्रम भी होंगे।

## प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प: चली वॉटर केनन, कई गिरफ्तार

# नीट पेपर लीक और नर्सिंग घोटाले के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन





**जबलपुर।** नीट पेपर लीक और नर्सिंग कॉलेजों के फर्जीवाड़े में किए गए घोटालें के विरोध में कांग्रेसजनों ने सोमवार को जिला मुख्यालय में जमकर हल्ला बोला। कलेक्ट्रेट का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों को घंटाघर चौराहें पर बेरीकेटिंग लगाकर रोक लिया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता इसके पूर्व गांधी टाउन हॉल में उपस्थित हुए और वहां से रैली के रुप में कलेक्ट्रेट का घेराव करने रवाना हुए। इस बीच कार्यकर्ताओं को पुलिस ने घंटाघर पर रोका और जब बैरीकेट पर कार्यकर्ता चढ़ने लगे तो पुलिस ने वाटर कैनन (पानी की बौछारे) कर भीड़ को तितर बितर किया। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों को हिरासत में ले लिया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर देश भर में इस तरह के धरना प्रदर्शन आयोजित किए गए। कांग्रेस जनों ने आरोप लगाया कि तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग पर आरोप लगे है हालांकि मौजूदा मंत्रीमंडल में खेल युवा एवं सहकारी मंत्री विश्वास सारंग को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। दोषियों पर कार्रवाई होने तक कांग्रेस का धरना प्रदर्शन चलता रहेगा।

नीट व नर्सिंग घोटाले को लेकर देश भर में विरोध-प्रदर्शन किए जा रहे है। जिसके चलते जबलपुर में भी विरोध शुरु हो गया है। आज कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में टाउन हाल के सामने एकत्र हुए। यहां से नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट जाने निकले. जैसे ही घंटाघर चौराहा पर पहुंचे तो पुलिस ने बैरीकेट लगाकर रोक दिया। इसके बाद जब कांग्रेस कार्यकर्ता बैरीकेट हटाते हुए आगे बढ़े तो पुलिस ने रोका. यहां तक विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। फिर पुलिस ने वाटर केनन चलाकर भीड़ को तितर-बितर किया. करीब एक घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान कई बार कांग्रेसियों की पुलिस झड़प भी हुई। कांग्रेसजन नही माने तो उन्हे हिरासत में ले लिया। इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा कि जब भी स्टूडेंट्स के साथ अन्याय हुआ है तो भाजपा सरकार ने पुलिस का सहारा लेकर विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की है। लेकिन कांग्रेसी किसी भी कीमत पर रुकने वाले नहीं है, वे छात्रों के हित में सड़क पर उतरेगें। उन्होने आरोप लगाते हुए कहा कि नीट घोटाले में भाजपा सरकार दोषी है. कोई भी भर्ती परीक्षाओं में लगातार घोटाले किए जा रहे हैं। रसूखदार लोगों से करोड़ों रुपए लेकर पेपर लीक कर रहे है। यह सब सरकार के इशारों पर हो रहा है।

ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निलेश डॉक्टर नीलेश जैन ने कहा कि किस तरह देश में नीट परीक्षा एवं मध्य प्रदेश में नर्सिंग व्यापम पटवारी और न जाने कितनी ही प्रतियोगी परीक्षाओं में चंद पैसों के लालच में सत्ताधारी दल के लोग छात्रों के भविष्य को बेच देते हैं। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने कहा कि इस घोटोले को लेकर कांग्रेस सड़कों पर सरकार के खिलाफ आंदोलन करेगी। कांग्रेस नेता दिनेश यादव, पूर्व विधायक संजय यादव, वरिष्ठ नेता रुपेंद्र पटेल, सम्मति सैनी, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, ताहिर अली, अयोध्या तिवारी, संतोष पंडा, अतुल नरेश बाजपेई, प्रमोद पटेल, राकेश पांडे, अमरचंद बावरिया, चमन पासी, रितेश बंटी गुप्ता, झल्लेलाल जैन, मदन लरिया, शिव कुमार चौबे, प्रवेन्द्र चौहान, विजय रजक, अमोल चौरसिया, अभिषेक यादव, रामदास यादव, विष्णु विनोदिया, सचिन वाजपेई, श्रीकांत विश्वकर्मा, प्रहलाद पटेल, प्रभा सिंह, राखी रज्जू सराफ, कहकसा अंजूम, रिजवान अली कोटी, सत्यम बाबा, प्रशांत जैन, असलम खान, गोपाल भाई, संदीप जैन, आदि कांग्रेसजन शामिल थे। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पीड़ित छात्र और उनके अभिभावक भी शामिल हुए।



### मालवीय चौक पर एकत्रित होकर प्रदर्शन

# अभिभावक संघ के आव्हान पर बंद रहा बेअसर

**जबलपुर।** निजी स्कूलों की मनमानी, अतिरिक्त वसूली गई फीस की वापसी और शेष स्कूलों पर कार्यवाही की मांग को लेकर अभिभाव संगठन द्वारा जबलपुर बंद का आव्हान सोमवार को किया गया। जो पूरी तरह से विफल साबित हुआ। बंद का असर तो कोसों दूर था, शहर 2 प्रतिशत लोगों को भी यह नहीं पता था कि आज कोई जबलपुर बंद है। बंद को आंदोलन सोशल मीडिया पर सिमटा रहा। फेसबुक, वाट्सअप, इंस्टाग्राम पर ही चर्चा बनाने का असफल प्रयास किया गया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने जबलपुर के जन के बीच माहौल बनाने और अपने बाद पहुंचाने का कोई प्रयास ही नहीं किया। पूरा आंदोलन खानापूर्ति के इर्दगिर्द सिमटा रहा और समाप्त हो गया।

अभिभावक संगठन के कार्यकर्ता जो कुल जमा एक दर्जन के करीब थे, मालवीय चौक में जमा हुये और नारे बाजी कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया। अभिभावक संगठन का कहना था सरकार समूचे प्रदेश में संचालित 33 हजार से अधिक निजी स्कूलों की मनमानियों पर नियंत्रण करे, विगत कुछ समय पुर्व जबलपुर के 11, उज्जैन, भोपाल में 4-5 निजी स्कूलों पर बस कार्यवाही की गई जबकि इन्हीं शहरों में सैकड़ों निजी स्कूल संचालित किए जा रहे हैं जिनपर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई प्रशासन द्वारा। मनीष शर्मा प्रदेश अध्यक्ष अभिभावक संगठन ने बताया कि वास्तविक रुप से अभी तक अभिभावकों को कोई भी राहत नहीं मिली है प्रशासन मात्र काग़जी कार्यवाही में ही लगा हुआ है। मालवीय चौक में प्रदर्शन के दौरा प्रफुल्ल सक्सेना, संतोष मार्के, संयम शर्मा, ललित दाहिया, अंकित गोस्वामी आदि ने बताया की जबलपुर, कुंडम, सिहोरा , श्रीधाम, रतलाम, नौरोजाबाद, कटनी, मंडला सहित 1 दर्जन शहरों में काले झंडे लगाए गए।

# मुझसे शादी करो, तभी वापस मिलेगी मार्कशीट

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अतंर्गत गुलौआ चौक में रहने वाली एक 22 साल की युवती ने शोहदे से परेशान होकर जहर पी लिया। घटना कल रात की बताई गई है। उल्टियां होने पर इलाज के लिए युवती को मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। उसकी हालत भी नाजुक बनी हुई है। युवती के पजिरनों का अरोप है कि आरोपी के खिलाफ मदनमहल थाने में शिकायत की गई लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा नौबत आत्मघाती कदम उठाने तक आ गई। पुलिस ने युवती और उसके परिजनें के बयान शुरु कर जांच शुरु कर दी है। युवती के परिजनों के अनुसार गुलौआ चौक के पास रहने वाली 22 वर्षीय एक युवती को गढ़ा क्षेत्र में रहने वाला शिवम विश्वकर्मा को परेशान कर रहा था। लड़के ने लड़की की 10 वी की मार्कशीट और आधार कार्ड भी अपने पास रख लिया था और वापस नहीं कर रहा था। वापस करने के लिए शर्त रखता था कि मुझसे शादी करोगी तभी मार्पशीट और अधारकार्ड मिलेगा। जिससे परेशान होकर युवती ने रविवार की देर रात जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। लड़की प्रायवेट जॉब करती है। रात में जब लड़की उल्टी करने लगी तो परिजन उसके कमरे में पहुंचे तो तब पूरे मामलें का खुलासा हुआ। युवती को तत्काल मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर है। घटना के संबंध में कोतवाली संभाग के सीएसपी रितेश सिंह शिव का कहना है कि युवती और उनके परिजनों के बयान लिए गए है। शिवम विश्वकर्मा नाम के लड़के पर परेशान करने के आरोप लगाए है। युवती और परिजनों के बयान दर्ज कर मामलें की जांच की जा रही है। कथित आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।



# भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरु

**मझौली।** कलश शोभा यात्रा श्री विष्णु बाराह मंदिर से नगर भ्रमण करते हुए वापस श्री विष्णु बाराह मंदिर पहुंची। श्री विष्णु बाराह मंदिर में 1 जुलाई दिन सोमवार से 9 जुलाई 2024 तक भगवान विष्णु बाराह की दशा अवतार की प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा गया है। जिसमें सभी भक्त पहुंचकर कथा का श्रवण करेंगे। कथावाचक पंडित ज्ञानेश त्रिपाठी वृंदावन धाम कथा प्रतिदिन दोपहर बाद 4 बजे से 7 बजे तक की जा रही है। 8 जुलाई 2024 को दोपहर 12:00 बजे से भगवान विष्णु बाराह के 10 अवतार की शोभायात्रा नगर में भ्रमण की जाएगी 9 जुलाई को कन्या भोजन विशाल भंडारा का आयोजन किया गया।

### दूसरी पत्नी को घर लाने पर भाई ने की मारपीट

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत बाजनामठ में दूसरी पत्नी घर लेकर आने के विरोध में छोटे भाई ने अपने बड़े भाई के साथ गालीगलौज व मारपीट कर लाठी से हमला कर घायल कर दिया।

तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाजनामठ निवासी 32 वर्षीय संतकुमार उईके का छोटा भाई शरद उइके गत रात 10.30 बजे दूसरी पत्नी लेकर घर आ गया, जिसका उसके बड़े भाई संतकुमार ने विरोध किया तो शरद ने गालीगलौज व मारपीट करते हुए लाठी से उसके सिर पर हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी भाई के खिलाफ fरिपोर्ट पर धारा 294, 324 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के आयोजित किया अभिप्रेरणा कार्यक्रम

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल महाविद्यालय में सोमवार को नव प्रवेशी विद्यार्थियों हेतु अभिप्रेरणा कार्यक्रम रखा गया। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उपस्थिति दी आज ही उनका पंजीकरण कराया गया। सुबह 10 बजे कार्यक्रम का उद्धघाटन प्राचार्य प्रो.एम.के.श्रीवास्तव द्वारा स्वागत भाषण से विधिवत किया गया। इसके पश्चात विभिन्न संकाय शिक्षकों और कर्मचारियों का विद्यार्थियों से परिचय कराया गया एवं परिसर का अवलोकन कराया गया। कार्यक्रम का संचालन जागेश्वर प्रजापति सहा. प्राध्यापक द्वारा किया गया कार्यक्रम में डॉ आनंदीलाल कुर्मी, डॉ. अर्चना नामदेव, डॉ.अखिलेश कुर्मी एवं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। 2 जुलाई 24 को सुबह 9 से कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा जिसमें शैक्षणिक विनियम और दिशा निर्देश छात्रवृत्ति आदि के विषय में सी.एल.वर्मा द्वारा जानकारी दी जाएगी। इसके पश्चात ग्रंथालय, प्रयोगशाला, कार्यशालाएं एवं डिजिटल संसाधनों का विद्यार्थियों को अवलोकन कराया जाएगा।



# एक पेड़ मां के नाम पर लगाये : सीईओ



**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पर्यावरण संरक्षण के लिये एक अभिनव अभियान शुरू किया है। जिसे पौधारोपण के लिये "एक पेड़ मॉ के नाम" अभियान नाम दिया गया है। इसके अंतर्गत 28 जून पौधारोपण विषय पर मानस भवन में आयोजित कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा बताई गई पौधारोपण की तकनीक, परमाकल्चर एवं फूड फॉरेस्ट को धरातल पर उतारने के बारे में विस्तार से बताया गया था। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति जयति सिंह द्वारा 01 जुलाई को जनपद पंचायत जबलपुर अंतर्गत विभिन्न ग्रामों का भ्रमण के दौरान पौधारोपण के लिये स्थल का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने पौधारोपण विषय पर आयोजित उक्त कार्यशाला में बताए गए फूड फॉरेस्ट की तर्ज पर ग्राम पंचायत बल्हवारा के ग्राम जमुनिया में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से पौधारोपण किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही कहा कि फूड फॉरेस्ट में मूल पौधारोपण के साथ बीच-बीच में छोटे-छोटे फलदार पौधे लगाए जावे। ग्राम पंचायत पड़वार एवं सिहोरा में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से पौधारोपण कराने को कहा। पौधारोपण में ऑर्गेनिक खाद का इस्तेमाल करने और सी.पी.टी. कार्य मनरेगा से किए जाने के निर्देश दिए, जिससे पशु पौधारोपण स्थल में प्रवेश न कर सकें। साथ ही बॉयो फेंसिंग किए जाने के लिये भी निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत सिलुआ पड़रिया में परमाकल्चर पद्यति से पौधारोपण किए जाने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत मुकुनवारा में वन विभाग एवं मनरेगा के अभिसरण से पौधारोपण किए जाने के निर्देश दिए गए। फूड फॉरेस्ट बनाने से फॉरेस्ट विकसित होने के साथ-साथ फलदार पौधों का पौधारोपण किया जावेगा। जिससे ग्रामीणजनों की आजीविका सुदृढ़ होगी एवं पौधारोपण का संरक्षण एवं संधारण होगा।

### शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर बदमाशों ने चाकू मारा

**जबलपुर।** बेलबाग थाना अतंर्गत बेलबाग टोरिया में मंदिर के पास दो बदमाशों ने एक युवक से शराब पीने के लिए रुपए की मांग की, रुपए नहीं मिलने पर बदमाशों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। युवक के दोस्त ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार भानतलैया बकरा मार्केट निवासी अयान उर्फ रॉबी अपने साथी अनिकेत के साथ सिविक सेंटर से खाना लेकर घर आ रहा था, जैसे ही बेलबाग टोरिया में मंदिर के पास निहाल गिरानिया और गुल्लू गौतेल मिले और शराब पीने के लिए रुपए की मांग करने लगे, रुपए देने से मना करने पर दोनों गालीगलौज करने लगे। निहाल ने चाकू से अयान के पैर में हमला कर दिया। उसके दोस्त अनिकेत ने बीच बचाव किया तो अनिकेत के साथ भी मारपीट कर चोटें पहुंचा दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 327,34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।




**श्री सत्यम पैगवार-** बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री सुनील पैगवार के पुत्र श्री सत्यम पैगवार (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दयाशंकर प्यासी-** कोल माइंस आफिस के पास गुप्तेश्वर निवासी श्री दयाशंकर प्यासी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सुदामा बागरी-** साईं विहार कॉलोनी सुहागी निवासी श्री विमल बागरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुदामा बागरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जयप्रीत सिंह साहनी-** हाउबाग कॉलेज के सामने निवासी श्री गुरविन्दर सिंह साहनी के पुत्र श्री जयप्रीत सिंह साहनी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कालिंदी नेमा-** गोरखपुर अनगढ़ महावीर मंदिर के पास निवासी श्री सालिगराम नेमा की धर्मपत्नी श्रीमती कालिंदी नेमा (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अभिषक कोरी-** तुलसी मोहल्ला घमापुर निवासी श्री राजू कोरी के पुत्र श्री अभिषेक कोरी (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शांतामनी नायडू-** गुप्तेश्वर बचई मूर्तिकार वाली गली निवासी श्री राजलिंगम नायडू की धर्मपत्नी श्रीमती शांतामनी नायडू (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रोहित बेन-** आदर्श नगर रामपुर रोड निवासी श्री राजू बेन के पुत्र श्री रोहित बेन (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती पलक चौधरी-** ग्वारीघाट रोड बादशाह हलवाई मंदिर के पास गली नं. 1 निवासी श्री आकाश चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती पलक चौधरी (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम लाल कोल-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री श्याम लाल कोल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुभाष सोनी-** गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री सुभाष सोनी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शशि ठाकुर-** जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री योगेंद्र सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती शशि ठाकुर (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री संजय गोलछा-** मेन रोड सदर निवासी श्री संजय गोलछा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# सूने मकान से 2 लाख के जेवर उड़ा ले गए चोर

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना अतंर्गत उतरायन एन्कलेव में सपरिवार चित्रकूट गए एक युवक के सूने मकान की पीछे के जाली हटाकर घुसे चोर सोने चांदी के जेवर और नगदी रुपए चोरी कर ले गए। चोरी गए माल की कीमत लगभग 2 लाख रुपए की बताई गई है। सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार उतरायन एन्कलेव निवासी 37 वर्षीय आदित्य खाण्डेकर गत 28 जून को दोपहर 1 बजे घर में ताला लगाकर सपरिवार चित्रकूट गया था, जहां से गत सुबह 11 बजे घर आकर मेन गेट का ताला खोलकर अंदर पहुंचा तो देखा कि घर का मेन दरवाजा एवं पीछे का दरवाजा खुला था। पीछे दरवाजे के बाजू से खिड़की की जाली हटाकर अज्ञात चोर घर के अंदर घुसे और अलमारी में रखे सोने के 2 मंगलूसत्र, 3 अंगूठी, 3 कान की इयरिंग, 5 झुमकी जिसमें से एक में 3 डायमण्ड लगा है, चांदी के 5 सिक्के और नगद 2 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# डुकाटी की छोटी मोटरसाइकिल भारत में लांच होने को तैयार, कीमत 10 लाख रुपए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



डुकाटी हाइपरमोटर्ड 698 मोनो, डुकाटी लाइनअप की सबसे छोटी मोटरसाइकिल है, जो भारतीय बाजार में लॉन्च होने के लिए तैयार है। इतालवी निर्माता ने अपने सोशल मीडिया चैनलों पर वाहन के आगामी डेब्यू के संकेत दिए हैं, हालांकि सटीक लांच की तारीख अभी भी अज्ञात है। इस दोपहिया वाहन की अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख (एक्स-शोरूम) है। डुकाटी से कम पावर और टॉर्क आउटपुट वाला एक वैश्विक बाजार संस्करण भी उपलब्ध है। इसमें एक उन्नत ट्रांसमिशन सेटअप है।

## डुकाटी से कम पावर और टॉर्क आउटपुट वाला एक वैश्विक बाजार संस्करण भी उपलब्ध

### हीरो मोटरकॉफ ने बढ़ाए स्कूटर और बाइक के दाम



देश की सबसे बड़ी टू-व्हीलर बनाने वाली कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने 1 जुलाई यानि कि आज से अपने चुनिंदा मॉडल्स की कीमतों में इजाफा किया है। इनमें मोटरसाइकिल्स और स्कूटर्स दोनों ही शामिल हैं। ऑटोमेकर ने बताया कि कीमत में बढ़ोतरी मॉडल दर मॉडल और स्पेफिक मार्केट के हिसाब से अलग-अलग दामों में महंगे होंगे। हीरो मोटोकॉर्प की ओर से जानकारी दी गई है कि 1 जुलाई 2024 से चुनिंदा बाइक्स और स्कूटर वाहनों की प्राइज में 1500 रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है। कंपनी का कहना है कि इनपुट कॉस्ट में बढ़ोतरी के चलते कीमतें बढ़ाना जरूरी हो गया था, ऐसे में लागत बढ़ने का कुछ हिस्सा कस्टमर्स पर डाला जाएगा।

### हीरो करिज्मा का सेंटेनियल एडिशन लांच



देश की प्रमुख दो पहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी करिज्मा बाइक का लिमिटेड एडिशन लांच किया है। इसे काफी खास बनाया गया है और कंपनी ने इसे सेंटेनियल एडिशन नाम दिया है। कंपनी के अनुसार, इस बाइक की सिर्फ 100 यूनिट ही बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी। इसकी डिलीवरी कंपनी की ओर से सितंबर 2024 से शुरू की जाएंगी। आपको बता दें कि, इस मोटरसाइकिल को पहली बार जनवरी में हीरो वर्ल्ड इवेंट में लोगों के सामने पेश किया गया था। जहां कंपनी ने एक्सट्रीमी 125आर लॉन्च की थी और मावरिक 440 को पेश किया था।

### प्यूजो किस्बी ई-स्कूटर की भारत में टेस्टिंग



प्यूजो किस्बी इलेक्ट्रिक स्कूटर भारत में टेस्टिंग के दौरान देखा गया है। यह ई-स्कूटर पूरी तरह से मेड इन इंडिया है जो कि महिंद्रा के ईवी प्लांट में तैयार हो रहा है। कंपनी इसे अक्टूबर 2024 में पेरिस मोटर शो में लॉन्च कर सकती है। यह स्कूटर किसी भी भारतीय ई-स्कूटर को टक्कर नहीं देगा। प्यूजो ई किस्बी के अक्टूबर 2024 में पेरिस मोटर शो में डेब्यू करने की उम्मीद है। महिंद्रा एंड महिंद्रा, प्यूजो मोटर साइकल की सह-मालिक है।

## खबर संक्षेप

### मारुति सुजुकी की जून में बिक्री 12 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** वाहन बनाने वाली कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की जून महीने में कुल थोक बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 1,79,228 इकाई रही। मारुति सुजुकी इंडिया ने एक बयान में कहा कि कंपनी की पिछले साल इसी महीने में थोक बिक्री 1,59,418 इकाई थी। कुल घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री तीन प्रतिशत बढ़कर 1,37,160 इकाई रही, जून 2023 में यह 1,33,027 इकाई थी।

### कोयला उत्पादन जून तिमाही में आठ % बढ़ा



**नई दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली कोल इंडिया लिमिटेड का कोयला उत्पादन चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में आठ प्रतिशत बढ़कर 18.93 करोड़ टन रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कोल इंडिया का कोयला उत्पादन 17.55 करोड़ टन था। हमने 18.92 करोड़ टन के लक्ष्य को पार करते हुए चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 100 प्रतिशत संतुष्टि हासिल की।

### इरेडा का कर्ज बढ़कर 9,136 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी इरेडा ने सोमवार को कहा कि उसने अप्रैल-जून 2024 में 9,136 करोड़ रुपये के कर्ज को मंजूरी दी, जो सालाना आधार पर कई गुना वृद्धि को बताता है। समीक्षाधीन अवधि में कर्ज वितरण भी 67.61 प्रतिशत बढ़कर 5,320 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 3,174 करोड़ रुपये था।

### विमान ईंधन कीमत में वृद्धि, वाणिज्यिक सिलेंडर 30 रुपए सस्ता



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों के अनुरूप विमान ईंधन की कीमत में सोमवार को 1.2 प्रतिशत की वृद्धि की गई। होटल तथा रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी (19 किलोग्राम) सिलेंडर की कीमत में 30 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई। सिलेंडर की कीमत 30 रुपये घटाकर 1,646 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर कर दी है।

### रिलायंस के पूंजीकरण में 100 अरब डॉलर की बढ़ोतरी संभव



**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज इस सदी के अपने चौथे मौद्रीकरण दौर में बाजार पूंजीकरण में 100 अरब डॉलर तक की बढ़ोतरी कर सकती है। तेल से लेकर दूरसंचार तक के कारोबार में सक्रिय रिलायंस इंडस्ट्रीज के पिछले तीन दशकों में चलाए गए मौद्रीकरण चक्रों में शेयरधारकों को दो-तीन गुना मूल्य मिला है।

### एसईजेड को बढ़ावा देने विभागों से विचार आमंत्रित

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने विशेष आर्थिक क्षेत्रों में नई जान डालने और एसईजेड एवं घरेलू बाजार के बीच कारोबारी लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित कदमों पर विभिन्न विभागों के विचार आमंत्रित किए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय ने कच्चे माल पर मिले शुल्क लाभ पर एसईजेड में निर्मित उत्पादों की घरेलू बाजार में बिक्री की अनुमति देने का सुझाव दिया है क्योंकि इससे मूल्य-वर्धन को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

## 2403 शेयरों में तेजी, 1112 शेयरों में आई गिरावट

# माह के पहले दिन सेंसेक्स में 443 अंकों की बढ़त, निफ्टी भी चढ़ा

### सुबह के सत्र में सपाट कारोबार

*बता दें कि, सुबह बाजार सपाट स्तर पर खुला था। इस दौरान सेंसेक्स 2.93 अंक यानि कि 0.00 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,029.80 के स्तर पर खुला था। वहीं निफ्टी 18.70 अंक यानि कि 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,029.30 के स्तर पर खुला था।*

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार जुलाई माह का पहला दिन दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद बढ़त के साथ बंद हुआ। इस दौरान प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों ही लाल निशान पर रहे। कारोबारी सप्ताह के पहले दिन बंबई स्टॉक एक्सचेंज के 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सेंसेक्स 131.40 अंक यानि कि 0.55 प्रतिशत बढ़कर 24,142 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी 18.70 अंक यानि कि 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,029.30 के स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के अंत में करीब 2403 शेयरों में तेजी देखने को मिली, वहीं 1112 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 115 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस दौरान निफ्टी की कंपनियों में सबसे अधिक लाभ कमाने वालों में टेक महिंद्रा, विप्रो, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट और ग्रासिम इंडस्ट्रीज के शेयर शामिल हैं, जबकि एनटीपीसी, आयशर मोटर्स, डॉ रेड्डीज लैब्स, एसबीआई और अपोलो हॉस्पिटल्स के शेयर लाल निशान पर बंद हुए।

### सेंसेक्स में टॉप गेनर और टॉप लूजर शेयर

वहीं बात करें सेंसेक्स की तो, टेक महिन्द्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, हिन्दुस्तान यूनिलिवर और टीसीएस के शेयर टॉप गेनर रहे। वहीं एनटीपीसी, एसबीआई, सनफार्मा, एल एंड टी और इंडसइंड बैंक के शेयर टॉप लूजर रहे।



### बेंचमार्क सूचकांक में मामूली गिरावट

जबकि, बात करें प्री-ओपनिंग सत्र की तो, बेंचमार्क सूचकांक मामूली गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आए। इस दौरान सेंसेक्स 91.52 अंक यानि कि 0.12 प्रतिशत गिरकर 78,941.21 पर और निफ्टी 62.60 अंक यानि कि 0.26 प्रतिशत गिरकर 23,948 पर कारोबार करते देखा गया था।

### रुपया 11 पैसे टूटकर 83.45 प्रति डॉलर पर



अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले 11 पैसे कमजोर होकर 83.45 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों के बढ़ने से रुपये में यह गिरावट आई। हालांकि, विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में मजबूत रुख, सकारात्मक विनिर्माण पीएमआई आंकड़े तथा प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले कमजोर डॉलर ने तीव्र गिरावट को रोक दिया।

### सोना स्थिर, चांदी में 200 रुपए की तेजी



राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 72,350 रुपए प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित रहा जबकि चांदी की कीमत में 200 रुपए की तेजी आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। चांदी की कीमत 200 रुपए की तेजी के साथ 90,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई जो पहले 90,100 रुपए प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,350 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रही। यह पिछले बंद भाव के बराबर है।'

### कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 443 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर

घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण सोमवार को बढ़कर 443.05 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया। यह इसका अब तक का रिकॉर्ड स्तर है। पूंजीकरण में यह उछाल सेंसेक्स के अपने नए शिखर पर पहुंचने के बीच आया है। रिकॉर्डतोड़ तेजी का असर बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्यांकन पर पड़ा और वह 4,43,05,344.36 करोड़ रुपये (5.31 लाख करोड़ डॉलर) के अपने नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले हफ्ते सेंसेक्स में 1,822.83 अंक यानी 2.36 प्रतिशत की बड़ी उछाल दर्ज की गई थी। वहीं जून के पूरे महीने में सेंसेक्स ने 7.14 प्रतिशत की जबर्दस्त बढ़त हासिल कर निवेशकों की संपत्ति बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।

# अपनी आयुर्वेद कारोबार को 1,100 करोड़ में खरीदेगी पतंजलि फूड्स




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


बाबा रामदेव की अगुआई वाली पतंजलि आयुर्वेद ने अपने घरेलू और निजी देखभाल कारोबार को 1,100 करोड़ रुपए में समूह की सूचीबद्ध कंपनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड को बेचने का फैसला किया है। इस अधिग्रहण से खाद्य तेल कंपनी पतंजलि फूड्स को दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनी बनने में मदद मिलेगी। निदेशक मंडल ने पतंजलि आयुर्वेद के पूरा गैर-खाद्य कारोबार यानी बालों और त्वचा की देखभाल, दांतों की देखभाल और घर में उपयोग वाले उत्पादों के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। इसमें सभी चल संपत्तियां, अचल संपत्तियां, अनुबंध, लाइसेंस, किताबें और रिकॉर्ड, कर्मचारी और पीएएल की कुछ ग्रहण की गई देनदारियां शामिल हैं। यह सौदा शेयरधारकों, कर्जदाताओं और अन्य आवश्यक मंजूरियों के अधीन है। पतंजलि फूड्स ने कहा कि यह सौदा कंपनी के एक अग्रणी एफएमसीजी कंपनी में बदलने की प्रक्रिया को गति देगा।

### एकमुश्त राशि में सौदा

यह सौदा स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं के मूल्यांकन के आधार पर 1,100 करोड़ रुपए की एकमुश्त राशि में हुआ है। निदेशक मंडल की मंजूरी के बाद, पतंजलि फूड्स अब अधिग्रहण के संबंध में निश्चित समझौतों को लागू करने के लिए जरूरी कदम उठाएगी और आवश्यक मंजूरियां हासिल करने के लिए आवेदन करेगी।

# मेटा फेसबुक, इंस्टाग्राम पर विज्ञापन देखने कर रहा मजबूर : यूरोपीय संघ

एजेंसी ⏭ लंदन




■ नई डिजिटल प्रतिस्पर्धा नियमावली का उल्लंघन करने का आरोप लगाया

यूरोपीय संघ के नियामकों ने सोशल मीडिया कंपनी मेटा पर फेसबुक एवं इंस्टाग्राम के उपयोगकर्ताओं को विज्ञापन देखने या उनसे बचने के लिए भुगतान करने को मजबूर कर समूह की नई डिजिटल प्रतिस्पर्धा नियमावली का उल्लंघन करने का सोमवार को आरोप लगाया।

फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे लोकप्रिय सोशल मीडिया मंचों का संचालन करने वाली अमेरिकी कंपनी मेटा ने यूरोपीय देशों के सख्त डेटा निजता नियमों का पालन करने के क्रम में पिछले साल नवंबर में यूरोपीय उपयोगकर्ताओं को फेसबुक और इंस्टाग्राम के विज्ञापन-मुक्त संस्करणों के लिए भुगतान करने का विकल्प देना शुरू किया था। यूरोपीय उपयोगकर्ता को फेसबुक और इंस्टाग्राम पर विज्ञापनों से बचने के लिए 10 यूरो यानी 10.75 डॉलर प्रति माह का भुगतान करना होता है।

### डीएमए आने के बाद जांच शुरू

आयोग ने नई डिजिटल प्रतिस्पर्धा नियमावली आने के फौरन बाद अपनी जांच शुरू की थी। यह जांच मार्च 2025 तक पूरी करनी होगी। मेटा के पास अब आयोग को जवाब देने का मौका है। इसमें दोषी पाए जाने पर मेटा को अपने वार्षिक वैश्विक राजस्व का 10 प्रतिशत तक जुर्माना भरना पड़ सकता है, जो अरबों यूरो तक हो सकता है। मेटा ने एक बयान में कहा, /''कोई विज्ञापन नहीं आने की सदस्यता यूरोप में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश का पालन करती है और डीएमए का अनुपालन करती है। हम इस जांच को समाप्त करने के लिए यूरोपीय आयोग के साथ आगे की रचनात्मक बातचीत की आशा करते हैं।

# भारतीय रिजर्व बैंक में अर्नब बने नए कार्यकारी निदेशक



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्नब कुमार चौधरी को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति बुधवार से प्रभाव में आएगी। चौधरी डीआईसीजीसी सहित तीन विभागों को देखेंगे। कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पहले, चौधरी पर्यवेक्षण विभाग में मुख्य महाप्रबंधक-प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि कार्यकारी निदेशक के रूप में, वह जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम, विदेशी मुद्रा विभाग और अंतर्राष्ट्रीय विभाग को देखेंगे। चौधरी एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और उनके पास अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री है। वह आईआईबीएफ के प्रमाणित सहयोगी भी हैं। उन्हें भारतीय रिजर्व बैंक में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने वित्तीय संस्थाओं के पर्यवेक्षण के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम किया है।


# 'ग्लोबल इंडिया एआई समिट' का आयोजन 3 व 4 जुलाई को

■ एआई के लाभ सभी के लिए सुलभ हों और देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान दें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय कृत्रिम मेधा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए तीन-चार जुलाई को वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगा।

जारी एक बयान के अनुसार, भारत इस नए युग की प्रौद्योगिकी की नैतिक और समावेशी वृद्धि के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। 'ग्लोबल इंडिया एआई समिट 2024' के जरिए भारत स्वयं को एआई नवाचार में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने की आकांक्षा रखता है। साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहता है कि एआई के



लाभ सभी के लिए सुलभ हों और देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान दें।

### दो दिवसीय आयोजन में तैयार होगी रूपरेखा

*प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम कृत्रिम मेधा के जिम्मेदार विकास, इस्तेमाल आदि के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और उद्योग जगत के कई नामचीन चेहरे इस कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता होंगे।*

### अध्यक्ष भारत करेगा मेजबानी :

*विज्ञप्ति में कहा गया कि कृत्रिम मेधा पर वैश्विक साझेदारी के प्रमुख अध्यक्ष के रूप में भारत सुरक्षित और भरोसेमंद एआई के प्रति जीपीएआई की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने के लिए सदस्य देशों तथा विशेषज्ञों की मेजबानी भी करेगा।*

## एनटीपीसी का बिजली उत्पादन बढ़कर 114 अरब यूनिट पहुंचा...



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी का बिजली उत्पादन अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 9.5 प्रतिशत बढ़कर 113.87 अरब यूनिट रहा। कंपनी ने एक बयान में बताया कि एनटीपीसी के कोयला आधारित बिजलीघरों में औसत क्षमता उपयोग (प्लांट लोड फैक्टर- पीएलएफ) 79.5 प्रतिशत रहा। बिजली मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली एनटीपीसी देश की कुल बिजली जरूरतों का 25 प्रतिशत हिस्सा पूरा करती है।

## दो हजार के 97.87 % नोट आए वापस

# 7,581 करोड़ के नोट अब भी लोगों के पास

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा देश में सर्कुलेशन से बाहर किए गए 2000 रुपये के गुलाबी नोटों को लेकर बड़ा अपडेट दिया गया है। बीते साल मई महीने में इन करेंसी नोट को चलन से बाहर किया गया था, लेकिन अब तक बाजार में मौजूद 100 फीसदी नोटों की वापसी नहीं हो सकी है। आरबीआई ने जुलाई महीने के पहले दिन इस संबंध में डिटेल शेयर करते हुए बताया है कि अभी भी लोग देश में 7000 करोड़ रुपये से ज्यादा मूल्य के 2000 रुपये के नोट दबाए बैठे हैं।

### बाजार में अभी भी बचे हैं 7581 करोड़ रुपये

सोमवार को केंद्रीय बैंक की ओर से 2000 रुपए के नोटों की वापसी का जो डेटा दिया गया, उसके मुताबिक, इन करेंसी नोट को चलन से बाहर किए जाने के बाद से अब तक 97.87 फीसदी नोट ही बैंकिंग प्रोसेस में वापस आए हैं, जबकि 2.13 फीसदी गुलाबी नोट लोगों के पास बने हुए हैं। इन दो फीसदी से ज्यादा नोटों की वैल्यू 7,581 करोड़ रुपये बताई गई है।



### पिछले साल किया था 2 हजार के नोट बंद करने का ऐलान

बीते साल 19 मई 2023 को जब भारतीय रिजर्व बैंक ने 2000 रुपये के नोटों को चलन से बाहर करने का ऐलान किया था, तो उस समय मार्केट में कुल 3.56 लाख करोड़ की मूल्य के 2,000 रुपये के नोट मौजूद थे, जबकि 29 दिसंबर 2023 को ये आंकड़ा घटकर सिर्फ 9,330 करोड़ रुपये रह गया था।

### क्लीन नोट पॉलिसी के तहत किए थे बंद

रिजर्व बैंक ने क्लीन नोट पॉलिसी के तहत 2000 रुपये के नोट को वापस लेने का ऐलान किया था। इसके बाद केंद्रीय बैंक ने स्थानीय बैंकों और 19 आरबीआई क्षेत्रीय कार्यालयों में इन नोटों को वापस करने और बदलवाने के लिए 23 मई से लेकर 30 सितंबर 2023 तक का समय दिया था।

### पहली नोटबंदी के बाद पेश हुए थे ये नोट

केंद्रीय बैंक ने 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के बैंक नोट नवंबर 2016 में तब पेश किए गए थे, जब सरकार ने चलन में मौजूद 5,00 और 1,000 रुपये के नोटों को बंद करने का फैसला सुनाया था। इसके बाद अन्य मूल्यवर्ग के बैंक नोट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने के बाद 2,000 रुपये के बैंक नोट शुरू करने का उद्देश्य पूरा हो गया। आरबीआई ने कहा कि इसलिए, 2018-19 में 2,000 रुपये के बैंक नोटों की छपाई बंद कर दी गई।

## वित्त मंत्रालय ने दी जानकारी, घरेलू उत्पादों और मोबाइल के लिए कर की दरें कम

# जीएसटी से घरेलू सामान पर कर की दरें घटीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि माल और सेवा कर आने से घरेलू उत्पादों और मोबाइल फोन के लिए कर की दरें कम हुई हैं और इससे हर घर को राहत मिली है। नई अप्रत्यक्ष कर प्रणाली के तौर पर जीएसटी ने सोमवार को अपने सात साल पूरे किए हैं। जीएसटी में लगभग 17 स्थानीय कर एवं उपकर शामिल किए गए और इसे एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था। सातवें जीएसटी दिवस का विषय 'सशक्त व्यापार, समग्र विकास' है।

मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''जीएसटी लागू होने के बाद घरेलू सामानों पर कर की दरें कम होने से घरेलू उपकरणों और मोबाइल फोन पर कम जीएसटी के माध्यम से हर घर को खुशी और राहत मिली है।'' जीएसटी करदाताओं का आधार अप्रैल 2018 तक 1.05 करोड़ था जो बढ़कर अप्रैल 2024 में 1.46 करोड़ हो गया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने कहा, ''हमने बेहतर अनुपालन के साथ ही करदाताओं के आधार में तगड़ा उछाल देखा है।

मंत्रालय ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद हर घर में खाद्य पदार्थों और बड़े पैमाने पर उपभोग की वस्तुओं पर खर्च कम हुआ है। बिना पैकिंग वाले गेहूं, चावल, दही और लस्सी जैसे खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लागू होने से पहले 2.5-4 प्रतिशत कर लगाया जाता था, जबकि जीएसटी लागू होने के बाद कर शून्य हो गया।

### सौंदर्य प्रसाधन में घटा

सौंदर्य प्रसाधन, कलाई घड़ी, प्लास्टिक के सैनिटरी उत्पाद, दरवाजे एवं खिड़कियां, फर्नीचर और गद्दे जैसे घरेलू सामानों पर जीएसटी प्रणाली में 18 प्रतिशत की दर से कर लगाया जाता है जबकि पहले उत्पाद शुल्क और वैट व्यवस्था में 28 प्रतिशत कर लगता था।




### 31.3 फीसदी से घटकर 18 हुआ

मंत्रालय ने कहा कि मोबाइल फोन, 32 इंच तक के टीवी, रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन, बिजली के उपकरण (एयर कंडीशनर के अलावा), गीजर और पंखे पर पहले 31.3 प्रतिशत कर लगता था, जो जीएसटी व्यवस्था में घटकर 18 प्रतिशत हो गया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि छोटे करदाताओं के लिए अनुपालन बोझ कम कर दिया गया है। जीएसटी परिषद ने वित्त वर्ष 2023-24 में दो करोड़ रुपये तक के सालाना कारोबार वाले करदाताओं के लिए वार्षिक रिटर्न दाखिल करने की जरूरत खत्म करने की सिफारिश की है।

चिंतन

# अब दंड नहीं न्याय संहिता एक और गुलामी से मुक्ति

एक जुलाई से देश एक और गुलामी के प्रतीक से मुक्ति पा ली है। राष्ट्र ने अंग्रेजों के समय बनाए गए आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट को पीछे छोड़ इनकी जगह तीन नए कानून विधानों को अपनाया है। दंड संहिता के भारतीयकरण की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। अंग्रेजों के समय के दंड संहिताओं में दंड पर अधिक फोकस था, अब नए भारत में अमृतकाल में एक जुलाई से लागू तीनों कानून विधान, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 में न्याय पर अधिक ध्यान है। इन तीनों कानून विधान ने ब्रिटिश कालीन कानूनों क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के स्तर तक सभी मामलों में न्याय प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर मिलेगा। नए कानूनों के तहत 90 प्रतिशत मामलों में दोषसिद्धि होगी। हालांकि विपक्ष ने इस पर पुनर्विचार करने के लिए सरकार से कहा है, पर यह बस राजनीतिक प्रतिक्रिया भर है। अब भारत में दुनिया में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली लागू हो गई है, जिनमें 'जीरो एफआईआर', ऑनलाइन पुलिस शिकायत पंजीकरण, एसएमएस जैसे इलेक्ट्रॉनिक तरीकों से समन व जघन्य अपराधों के लिए अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल हैं। तीनों नए कानून विधान नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसका उद्देश्य सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और प्रभावी न्याय प्रणाली सुनिश्चित करना है। पिछले साल संसद से पारित इन कानून विधानों के तहत अब कोई भी व्यक्ति पुलिस थाने जाए बिना ई-संचार माध्यम से घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करा सकता है। इससे पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी। 'जीरो' प्राथमिकी से अब कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करा सकता है, चाहे अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में न हुआ हो। इससे कानूनी कार्यवाही शुरू करने में होने वाली देरी खत्म होगी। नए कानूनों के तहत पीड़ितों को प्राथमिकी की एक निःशुल्क प्रति दी जाएगी, जिससे कानूनी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। नए कानून में जुड़ा एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि गिरफ्तारी की सूरत में व्यक्ति को अपनी पसंद के किसी व्यक्ति को अपनी स्थिति के बारे में सूचित करने का अधिकार दिया गया है। इससे गिरफ्तार व्यक्ति को तुरंत सहयोग मिल सकेगा। गिरफ्तारी विवरण पुलिस थानों और जिला मुख्यालयों में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा जिससे कि गिरफ्तार व्यक्ति के परिवार और मित्र महत्वपूर्ण सूचना आसानी से पा सकेंगे। फॉरेंसिक विशेषज्ञों का गंभीर अपराधों के लिए अपराध स्थल पर जाना और सबूत एकत्रित करना अनिवार्य बना दिया गया है। अपराध स्थल से सबूत एकत्रित करने की प्रक्रिया की अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी कराई जाएगी ताकि सबूतों में किसी प्रकार की छेड़छाड़ को रोका जा सके। इस कदम से जांच की गुणवत्ता व विश्वसीयता बढ़ेगी। नए कानूनों में महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गई है जिससे दो महीने के भीतर जांच पूरी की जाएगी।



विश्वकप
विनोद कौशिक

# अब जीत से कम कुछ नहीं

वेस्टइंडीज के बारबाडोस में भारत को दक्षिण अफ्रीका पर मिली खिताबी जीत सिर्फ जीत ही नहीं है, बल्कि यह अपने आप में एक दर्शन है, जिसमें सीखने के लिए बहुत कुछ छिपा है। अगर इस खिताबी जीत को डिकोड किया जाए, तो हमारे सामने बहुत कुछ ऐसा निकलकर आता है, जिसे जीवन में शुरुआत से ही अपनाया जाए, तो यह गेम चेंजर साबित हो सकता है। वास्तव में रोहित सेना की इस जीत ने तमाम फील्ड के पेशेवरों को कई बड़े संदेश दिए हैं, जो खिलाड़ियों ने सार्वजनिक जीवन में साबित करके दिखाए हैं। टीम भारत 4 वर्ल्ड कप जीतने वाली दुनिया की तीसरी क्रिकेट टीम बन गई है। इससे पहले सिर्फ ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के नाम ही ये रिकॉर्ड दर्ज है।

अनुभवी, मेहनती और युवा सितारों से सजी भारतीय क्रिकेट टीम ने गजब का प्रदर्शन किया और 17 साल बाद भारत को टी-20 वर्ल्डकप का चैंपियन बना दिया। संतुलित और सधी हुई टीम ने शुरूआत से ही जीत का जज्बा दिखाया जो फाइनल तक जारी रहा। यह पहली बार है जब किसी वर्ल्डकप में भारत अजेय रहा और सभी मैच जीतकर चैंपियन बना है। वेस्टइंडीज के बारबाडोस में भारत को दक्षिण अफ्रीका पर मिली खिताबी जीत सिर्फ जीत ही नहीं है, बल्कि यह अपने आप में एक दर्शन है, जिसमें सीखने के लिए बहुत कुछ छिपा है। अगर इस खिताबी जीत को डिकोड किया जाए, तो हमारे सामने बहुत कुछ ऐसा निकलकर आता है, जिसे जीवन में शुरुआत से ही अपनाया जाए, तो यह गेम चेंजर साबित हो सकता है। वास्तव में रोहित सेना की इस जीत ने तमाम फील्ड के पेशेवरों को कई बड़े संदेश दिए हैं, जो खिलाड़ियों ने सार्वजनिक जीवन में साबित करके दिखाए हैं। भारत ने 11 साल से कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती, हर कोई बोलने लगा था कि भारत चोकर्स है, लेकिन टीम इंडिया ने दिखा दिया कि हम चोकर्स नहीं चैंपियन हैं। 2011 के बाद भारत ने 5 फाइनल खेले, पिछले वनडे वर्ल्ड कप में तो जीतते-जीतते हार गए। टीम को तमाम आलोचनाएं झेलनी पड़ी। इस बार भी रोहित ब्रिगेड ने ऐसा मैच जीता है, जिस फाइनल में हर कोई सोच रहा था कि इंडिया जीत नहीं सकती। अगर देखा जाए तो टी-20 में 30 बॉल पर 30 रन होते ही क्या हैं, लेकिन गेंदबाजों ने, फील्डर्स ने, रोहित शर्मा की बेहतरीन कप्तानी ने यह साबित कर दिया कि जीत के लिए रन नहीं, जज्बा चाहिए। इसी जीत के जज्बे कारण भारत ने दक्षिण अफ्रीका के जबड़े से जीत छीनकर इतिहास रचा। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही भारत पिछले 17 सालों में 3 वर्ल्ड कप अपने नाम कर चुका है। इनमें 2 टी-20 और 1 वनडे कप शामिल है। अब तक भारतीय क्रिकेट टीम ने 2 वनडे वर्ल्ड कप और 2 टी-20 वर्ल्ड कप अपने नाम कर लिए हैं।

टीम भारत 4 वर्ल्ड कप जीतने वाली दुनिया की तीसरी क्रिकेट टीम बन गई है। इससे पहले सिर्फ ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के नाम ही ये रिकॉर्ड दर्ज है। ऑस्ट्रेलिया ने 7 बार वर्ल्ड कप जीता है, जबकि वेस्टइंडीज 4 बार वर्ल्ड चैम्पियन रह चुका है। दरअसल, 1983 में कपिल देव की कप्तानी में वेस्टइंडीज को हराकर भारतीय टीम पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनी थी। इसके बाद महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में 2007 में पहला टी20 वर्ल्ड कप जीता। फिर 2011 में वनडे वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। 1983 के बाद यह पहली बार था, जब ट्रॉफी भारत की झोली में आई और अब इस साल 2024 में रोहित ब्रिगेड ने टी-20 वर्ल्ड कप फतह कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की और दुनिया में धमक दिखाई। इस जीत की गूंज भारत ही नहीं पूरी दुनिया में सुनाई दी है। टीम में कप्तान रोहित शर्मा, अनुभवी खिलाड़ी विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, सूर्य कुमार यादव समेत तमाम खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और बारबाडोस में जीत का झंडा गाड़ा। भारत की



यह जीत खासकर पेशेवर लड़ाई लड़ रहे लोगों के लिए जिंदगी बदलने वाली साबित हो सकती हैं, जैसे टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने बदलकर दिखाया। देखा जाए तो कोहली लगातार फ्लॉप होते रहे, आलोचना झेलते रहे, शुरआती 7 मैचों की इतनी ही पारियों में कोहली का औसत 11 से भी कम का था, लेकिन सबसे बड़े मौके और सबसे बड़ी जरूरत पर कोहली ने दिखाया कि किसी भी व्यवसाय में चैंपियन या योग्यता के क्या मायने हैं। बस आपका खुद में भरोसा बने रहना चाहिए। वहीं, जब कप्तान आगे रहकर नेतृत्व करता है और अगर वह एक-दो बार विफल होता भी है, तो पूरी टीम उसकी क्षतिपूर्ति के लिए एकजुट हो जाती है, रोहित ने अपनी कप्तानी, एप्रोच और फैसलों से कुछ ऐसा ही पूरे टर्नामेंट से साबित कर दिखाया। परिणाम से बेपरवाह जल्द विकेट गिरने पर भी रोहित ने शुरुआत से ही आक्रामक एप्रोच पर अमल किया। वह शुरू में सस्ते में आउट हुए, लेकिन संदेश साफ था कि एप्रोच से कोई समझौता नहीं होगा। बाकी खिलाड़ी भी इसी राह पर चले और सफलता ने संदेश पर पूरी तरह मुहर लगा दी।

फाइनल मैच में अफ्रीका को जीत के लिए 30 गेंदों पर 30 रन की दरकार थी और उसके हाथ में पांच विकेट भी शेष थे। यानी मैच पूरी तरह से उसकी मुट्ठी में था, लेकिन भारत को भी अपनी जीत पर पूरा भरोसा था और इसी भरोसे ने भारत को विश्व विजेता बना दिया। टीम भारत की एप्रोच, सोच, कप्तान के फैसलों, जुझारू क्षमता, समग्र प्रयास ने बताया कि हार तब होती है, जब आप इसे मानसिक रूप से स्वीकार कर लेते हैं, अगर आप जीत का जज्बा रखते हैं तो कुछ भी नामुमकिन नहीं है। बस आपके हौसले बुलंद होने चाहिए। टीम भारत ने अंतिम क्षण तक हौसला नहीं खोया और जीत दर्ज कर दुनिया को दिखा दिया कि जज्बा क्या होता है। इसके साथ ही भारत ने आलोचकों के मुंह पर भी ताला लगा दिया।

जब बात बड़े मिशन, बड़े युद्ध और बड़ा लक्ष्य हासिल करने की आती है, तो यह टीमवर्क से ही हासिल किया जा सकता है। अपने हित (मसलन रिकॉर्ड को तरजीह देकर या बाकी बातों में उलझकर) कुछ हासिल नहीं किया जा सकता। खिताबी जीत ने संदेश दिया, हर शख्स का योगदान बड़े लक्ष्य को हासिल करने में अहम होता है। भारत का टी-20 विश्वकप का विजेता बनना इसलिए कहीं अधिक बड़ी और हर भारतीय को उत्साहित करने वाली उपलब्धि है, क्योंकि यह 17 वर्षों की लंबी तपस्या के बाद हासिल हुई। भारत ने इसके पहले 2011 में एक दिवसीय विश्वकप का खिताब जीता था। इस बार भारत ने अजेय रहते हुए टी-20 का विश्वकप अपने नाम कर लिया और क्रिकेट प्रेमियों समेत अन्य लोगों को भी उत्साह-उमंग से भर दिया।

इस पर आश्चर्य नहीं कि टी-20 का विश्व विजेता बनते ही रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जाडेजा ने क्रिकेट के इस प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। ऐसा करके उन्होंने न केवल एक उदाहरण स्थापित किया है, बल्कि नई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर भी दिया है। इस खिताब ने रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ियों की वर्षों की साध तो पूरी की ही, कोच राहुल द्रविड़ के गुरु ज्ञान को भी सार्थक कर दिया। भारत यह खिताब इसलिए अपने नाम कर सका, क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली टीम जोश और आत्मविश्वास से तो भरी हुई थी, अंतिम क्षण तक हार न मानने के जज्बे से भी लैस थी। इसी कारण वे हार के जबड़े से जीत खींच लाए। इस चमत्कृत करने वाली कामयाबी के लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है।

(लेखक खेल पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

सियासत
निरंकार सिंह



# उत्तर प्रदेश पर भाजपा की क्यों कमजोर हुई पकड़?

लोकसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश में सीटें कम मिलने के कारण भाजपा बहुमत का आंकड़ा पार नहीं कर पायी। इसके बारे में कई तरह की बातें कही जा रही हैं। दरअसल प्रदेश और देश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बढ़ती लोकप्रियता से उनके मंत्रिमंडल के ही कुछ लोग परेशान से हैं। इन मंत्रियों की मुख्यमंत्री बनने की लालसा भी हिलोरें मार रही है। जाने-अनजाने में कुछ केन्द्रीय नेताओं का भी इन्हें संरक्षण मिल रहा था। ये लोग नहीं चाहते थे कि योगी की लोकप्रियता बढ़े। इसलिए लोकसभा के चुनाव में भाजपा को जिताने और बढ़ाने में इनकी कोई विशेष सक्रियता भी दिखायी नहीं पड़ी। अब पार्टी संगठन एक टास्क फोर्स बनाकर इसके कारणों की छानबीन कर रहा है। प्रदेश में भाजपा की सीटें घटने के कई कारण बताए जा रहे हैं। पहला कारण दो बार लगातार चुनाव जीतने वाले सांसदों का अपने क्षेत्र में कार्यकताओं व जनता से सम्पर्क टूट गया था।

यदि आप सांसद या विधायक हैं तो आपको अपने क्षेत्र का बराबर दौरा करना चाहिए। लोगों के दुःख दर्द में शामिल होना चाहिए। उनकी समस्याएं जाननी चाहिए। जनता आप से यही अपेक्षा करती है। ये लोग मोदी और योगी के सहारे चुनाव जीतने की उम्मीदें लगाये बैठे थे, इसलिए अपने क्षेत्रों में जनता से सम्पर्क साधने की जरूरत नहीं समझी। ये लोग अपने घर पर ही ठेका -पट्टा पाने वालों का दरबार लगाते रहे। ऐसे लोगों को दोबारा टिकट देने वाले नेता भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं। दूसरा बड़ा कारण भाजपा प्रदेश और जिला संगठन भी जनता से दूर हो गया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कितने जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए कितनी बार दौरा किया, इसका कोई ब्यौरा पार्टी संगठन के पास नहीं है। प्रदेश में पार्टी का आई.टी. सेल पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। यही कारण है कि ग्रामीण अंचलों में असंतुष्ट प्रधानों, उप प्रधानों, पूर्व प्रधानों और प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों के जरिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी सहित कई नेताओं के फेक (फर्जी) वीडियो सोशल मीडिया पर फैलाये गये। ब्राह्मणों-ठाकुरों को लड़ाया गया, दलितों और पिछड़ों को भरमाया गया। इनके जरिए आरक्षण खत्म करने से लेकर संविधान बदलने तक की बातें तक कही गयीं। जिसका प्रदेश भाजपा का आईटी सेल कोई जवाब नहीं दे पाया। हर लोकसभा और विधानसभा चुनावों के छह महीने पहले ही मतदाता सूची का पोलिंग, बूथ स्तर पर संशोधन और परिवर्धन होता है। यदि भाजपा संगठन के कार्यकर्ता अपनी-अपनी पोलिंग बूथों पर सक्रिय रहते तो हजारों भाजपा समर्थकों के नाम मतदाता सूची से नहीं कटते। विपक्षी दलों के सामने अपने अस्तित्व को बचाये रखने का सवाल था इसलिए वे करो या मरो के संकल्प के साथ चुनाव लड़ रहे थे उन्होंने हर तरह के छल प्रपंच को किया जो वे कर सकते थे। इसका भी अंदाजा भाजपा का प्रदेश और जिला संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नहीं लगा सके।

कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी का गारंटी कार्ड का फार्म अल्पसंख्यक, अशिक्षित और निर्धन महिलाओं से भरवाया गया। उन्हें डर था कि तीन तलाक के मामले खत्म करने के कारण ये महिलाएं भाजपा को वोट दे सकती हैं। काट के लिए पार्टी स्तर पर कोई प्रयास नहीं किया गया। पन्ना प्रमुखों की तमाम जिलों में फर्जी सूची बनायी गयी जो वास्तव में कहीं थे ही नहीं। कई उम्मीदवारों ने इसकी शिकायत भी की है। यदि वास्तव में पन्ना प्रमुख होते तो उनके मोबाइल फोन नम्बरों के जरिए इन फर्जी वीडियो का आईटी सेल जवाब दे सकता था। कुल मिलाकर फेक वीडियो और अफवाहों का जमीनी स्तर पर भाजपा का संगठन कोई जवाब नहीं दे सका और पार्टी कई जगह चुनाव हार गयी। हालांकि जो काम विपक्षी दलों का आईटी सेल कर रहा था वह भाजपा का आईटी सेल कर सकता था। पर उसे तो पता ही नहीं चला और उसके पास ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के नम्बर भी नहीं होंगे। बहरहाल पार्टी संगठन इस हार की समीक्षा के लिए बनाई गई टास्क फोर्स के सूचनाओं का इंतजार कर रही है। पर यहां सवाल यह उठता है कि क्या कोई संगठन खुद अपनी कमियों को स्वीकार करेगा? इस टास्क फोर्स के काम के लिए दूसरे राज्यों के लोगों को लगाया गया होता तो शायद सही जानकारी सामने आती। लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में 2019 में उसे जहां 62 सीटें मिली थीं, वहीं 2024 के आम चुनाव में 33 पर संतोष करना पड़ा है। भाजपा को उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में 29 सीटें कम मिलने की पूरे देश में चर्चा है।

(लेखक वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## खुशहाली अपने भीतर प्रसन्नता की गहरी भावना



संकलित
दर्शन

आपको अपने भीतर प्रसन्न रहने की जरूरत क्यों है? जब आप प्रसन्नता की एक आंतरिक अवस्था में होते हैं, तब आप स्वाभाविक रूप से अपने आसपास हर किसी के साथ और हर चीज के साथ मधुर होते हैं। दूसरों के साथ अच्छे होने का निर्देश देने के लिए किसी धर्मग्रंथ या दर्शन की जरूरत नहीं है। एक ही सवाल से शुरू करते हैं, हम खुशहाली किसे मानते हैं? बिलकुल सीधे तौर पर, खुशहाली बस अपने भीतर प्रसन्नता की एक गहरी भावना है। अगर आपका शरीर सुखद महसूस करता है तो हम उसे स्वास्थ्य कहते हैं। अगर वह बहुत सुखद बन जाता है, तो हम उसे सुख कहते हैं। अगर आपका मन सुखद बनता है तो हम उसे शांति कहते हैं। अगर वह बहुत सुखद बन जाता है तो हम उसे ख़ुशी कहते हैं। अगर आपकी भावना सुखद बनती है तो हम उसे प्रेम कहते हैं, अगर वह बहुत सुखद बन जाती है तो हम उसे करुणा कहते हैं। अगर आपकी जीवन ऊर्जाएं सुखद बनती हैं, तो हम उसे आनंद कहते हैं। अगर वे बहुत सुखद बन जाती हैं तो हम उसे परमानंद कहते हैं। आप पूरा बस यही खोज रहे हैं, भीतर और बाहर की प्रसन्नता। जब प्रसन्नता भीतर होती है तो उसे शांति, आनंद या खुशी कहते हैं। जब आपके चारों ओर का माहौल सुखद बन जाता है, तो उसे सफलता का नाम दिया जाता है। अगर आपकी इनमें से किसी में भी रुचि नहीं है और आप स्वर्ग जाना चाहते हैं, तो आप क्या खोज रहे हैं? बस दूसरी दुनिया की सफलता!

## धैर्यता को धारण करना एक रचनात्मक प्रक्रिया



संकलित
प्रेरणा

इसमें कोई शक नहीं कि प्रतिदिन हम सभी कहीं न कहीं, कभी न कभी अधैर्य हो ही जाते हैं और उसका खामियाजा भी भुगतते रहते हैं, परंतु इस अधैर्यता रूपी जंजीर से मुक्त होना आज तक हममें से कोई सीख नहीं पाया। चाहते तो सभी हैं कि हम अधैर्यता से मुक्त हों,परंतु धैर्यता को सहज रीती से धारण करें कैसे? इस प्रश्न का उत्तर किसी के पास नहीं हैं। धैर्यता को धारण करना, यह एक रचनात्मक प्रक्रिया है जो हर कोई बड़ी आसानी से कर सकता है। इस प्रक्रिया का सबसे पहला कदम है खुले मन से यह स्वीकार करना कि हमारी अधीर्यता के निर्माता स्वयं हम खुद ही हैं और कोई नहीं अतः जैसे हमने निरंतर अधीर रहने की आदत को सालों साल पाला और पोसा है, ठीक उसी तरह हम धैर्य रखने की आदत को भी अपने भीतर जाग्रत कर सकते हैं। हमारी अन्य रचनाओं की तरह यह प्रक्रिया की शुरुआत भी हमारे मानस में ही होती है, जहां पर पहले हम धैर्य को धारण करते हैं और फिर अपने आत्मविश्वास के बल द्वारा उसे संपूर्ण रूप मे अपने भीतर उभारते हैं। कहते हैं कि सब्र का फल मीठा होता है और काली रात के बाद सुनहरा सवेरा होता है। निस्संदेह इसमें कोई शक नहीं कि 'धैर्यता का गुण' आज नहीं तो कल हमें सकारात्मक एवं मीठा फल अवश्य प्रदान करता ही है। यह तथ्य सिद्ध है कि 'धैर्य और विवेक' यह एक दूसरे के पूरक हैं, क्योंकि बहुधा जो लोग धैर्यशील होते हैं उनकी बुद्धिमता एवं गंभीरता का स्तर दूसरों की भेंट में कई गुना अधिक ऊंचा होता है।

## सटाका




## आज की पाती

### बढ़ती जनसंख्या समस्याओं की जड़

हमारा देश विकास और अन्य बहुत से अच्छे कामों में दुनिया भर में नंबर वन पर है और आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन जनसंख्या के मामले में भी हमारा देश दुनिया भर में एक नंबर पर पहुंच चुका है। इस मामले में हमने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश की जनसंख्या लगभग 144 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है और भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो सकती है। अगर भारत सरकार और देश का आमजन बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए गंभीरता दिखाए तो भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में आगे नहीं बढ़ेगा। जनसंख्या वृद्धि को रोकना नितांत आवश्यक है क्योंकि इससे कई समस्याएं पैदा होती हैं।

*-नीलम ठाकुर, दुर्ग*

## ट्रेंड

### गुमराह की कोशिश न करें



मैं नेता प्रतिपक्ष से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करना चाहता हूं कि कृपया वो संसद को गुमराह करने की कोशिश न करें। अग्निवीर योजना के संबंध में बहुत सारे लोगों से, 158 संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया गया, उनके सुझाव लिए गए, तब यह अग्निवीर योजना लाई गई है।

-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री

### माफी मांगें राहुल



राहुल गांधी द्वारा सदन में हिंसक बुलाना, करोड़ों हिंदुओं का अपमान है। नेता विपक्ष की मर्यादा को भंग करने वाले ऐसे विवादित और शर्मनाक बयान का कड़े शब्दों में विरोध करता हूं। इसके लिए राहुल गांधी को हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए।

-पियूष गोयल, केंद्रीय मंत्री

### नहीं झुकते



हम लोहिया जी , शहीद ए आजम भगत सिंह जी, राष्ट्रपति महात्मा गांधी जी , लोक नायक जयप्रकाश नारायण जी को पढ़कर राजनीति में आए है, हम पर जितना जुल्म करना है करो, मगर हम डरने वाले नही है। मां भारती ने ऐसे बच्चे पैदा किए है जो किसी के आगे नहीं झुकते।

-संजय सिंह, आप नेता

### सच्चाई एक्स पर



यह परेशान करने वाली बात है कि लगभग पूरे मीडिया ने एक ही झूठ को एक जैसे शब्दों के साथ दोहराया। विरासती खबर न केवल फर्जी है, बल्कि मौलिक रूप से फर्जी भी है। सच्चाई एक्स पर है।

-एलन मास्क, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# आठ लाख अफगानियों को देश से बाहर निकालेगा पाक



पाकिस्तान ने बिना दस्तावेज वाले अफगान शरणार्थियों को उनके देश वापस भेजने की विवादास्पद योजना का दूसरा चरण शुरू करने की तैयारी कर ली है। पाक अधिकारियों के मुताबिक करीब 8 लाख अफगानियों को निष्कासित करने की योजना है। पिछले साल नवंबर में पहले चरण में लगभग 5.41 लाख लोगों को देश छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। तब वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान की काफी किरकिरी हुई थी। अलजजीरा में छपी रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तानी अधिकारियों का कहना है कि यदि अफगान शरणार्थियों ने स्वेच्छा के साथ देश नहीं छोड़ा तो उन्हें गिरफ्तारी और निर्वासन का सामना करना पड़ सकता है। अफगानियों को अफगानिस्तान वापस भेजने के पहले चरण में पाकिस्तानी सरकार ने दावा किया था कि वहाँ पर लगभग 44 लाख अफगान शरणार्थी थे जिनमें से करीब 17 लाख के पास कोई दस्तावेज नहीं है। पाकिस्तानी सरकार ने सुरक्षा चिंताओं और संघर्षरत अर्थव्यवस्था का हवाला देते हुए कार्यवाई के फैसले को सही बताया था। दरअसल, अफगानिस्तान में जब से तालिबानी सरकार आई है तब से पाकिस्तान में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के हमले बढ़ गए हैं।

## ऑफ बीट

# धार्मिक अनुभव बदल सकता है मेटावर्स



नई तकनीकें हमेशा हमारे धार्मिक अनुभवों में नयापन और बदलाव लेकर आई हैं। 1880 के दशक में रेडियो सुनना कई लोगों की नजर में धार्मिक महत्व रखता था क्योंकि उन्हें ऐसा लगता था कि रेडियो में सुनाई दे रही आवाज किसी और लोक से आ रही है। उस दौरान प्रेतात्माओं से संवाद करने के लिए होने वाली सभाएं काफी लोकप्रिय हो गई थीं क्योंकि कुछ लोगों को लगता था कि रेडियो ने आध्यात्मिक दुनिया के लिए एक द्वार खोल दिया है। भले ही दुनिया के कुछ हिस्सों में औपचारिक धार्मिक गतिविधियों में भागीदारी में कमी देखी जा रही है, लेकिन नयी तकनीकें हमारे आध्यात्मिक जीवन में नयापन लाती रहेंगी। हमारे समय का सबसे नया माध्यम मेटावर्स एक सूचनात्मक और अनुभवात्मक तकनीक है, जहां उपयोगकर्ता आभासी वास्तविकता (वीआर) में बनाए गए सामाजिक वातावरण में बातचीत कर सकते हैं। मेटावर्स को पहले से मौजूद तकनीकों का उपयोग करके व्यवस्थित और निर्मित किया जा रहा है। इसके पूर्ण रूप और विकास के लिए उन तकनीकों के उपयोग की आवश्यकता होगी जो अभी तक मौजूद नहीं हैं। उदाहरण के लिए, मौजूदा तकनीक का उपयोग करके 3डी ऑनलाइन स्पेस में तेजी से प्रतिपादन या कंप्यूटिंग संभव नहीं है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# धरती को मिला 'नया चंद्रमा', वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में खोजा विशाल एस्टेरॉयड

*वैज्ञानिकों ने एक ऐसे एस्टेरॉयड की पहचान की है, जो धरती के चारों तरफ घूमते हुए इसके साथ सूर्य का भी चक्कर लगा रहा है। इस एस्टेरॉयड को वैज्ञानिकों ने अर्द्ध-चंद्रमा या अर्द्ध-उपग्रह के रूप में वर्गीकृत किया है। यह कम से कम 100 ईसा पूर्व से हमारे ग्रह के साथ है।*

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

हमारा सौरमंडल हैरान करने वाले रहस्यों से भरा हुआ है। वैज्ञानिकों ने ऐसी ही आश्चर्यजनक खोज में एक क्षुद्रग्रह का पता लगाया है, जो सूर्य के चारों ओर अपनी वार्षिक परिक्रमा में पृथ्वी के साथ-साथ चल रहा है। इस एस्टेरॉयड को 2023 एफ डब्ल्यू-13 नाम दिया गया है। वैज्ञानिकों ने एस्टेरॉयड को अर्द्ध-चंद्रमा या अर्द्ध-उपग्रह कहा है, क्योंकि यह चंद्रमा की तरह ही पृथ्वी के समान समय सीमा में सूर्य की परिक्रमा कर रहा है। हालांकि, ये पाया गया है कि एस्टेरॉयड पर पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण का भी खिंचाव पड़ा है। 50 फीट (15 मीटर) व्यास का एस्टेरॉयड पृथ्वी से लगभग 1.4 करोड़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

### पृथ्वी के साथ सूरज का चक्कर लगा रहा अर्द्ध-उपग्रह



### एरिजोना में की दो क्षुद्रग्रह की पुष्टि

*वैज्ञानिकों ने 28 मार्च 2023 के पैन-स्टार्स सर्वे दूरबीन की मदद से एस्टेरॉयड को देखा था। दूरबीन को हवाई द्वीप पर एक निष्क्रिय ज्वालामुखी के शीर्ष पर रखा गया था। कनाडा-फ्रांस-हवाई दूरबीन के साथ ही एरिजोना में दो ऑब्जर्वेटरी ने भी क्षुद्रग्रह की उपस्थिति की पुष्टि की। क्षुद्रग्रह को आधिकारिक तौर पर 1 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ में माइनर प्लैनेट सेंटर ने सूचीबद्ध किया था। हमारे सौरमंडल में नए चंद्रमा, ग्रहों के साथ-साथ अन्य खगोलीय वस्तुओं को नामित करने की जिम्मेदारी इसी संगठन पर है।*

**एस्टेरॉयड के मार्ग की मैपिंग की**
खगोलशास्त्री एड्रियन कॉफिनेट ने एस्टेरॉयट के मार्ग की मैपिंग के लिए एक कक्षा सिम्युलेटर का उपयोग किया। इस कक्षा सिम्युलेटर को शौकिया खगोलशास्त्री टोनी डन ने विकसित किया था। वैज्ञानिकों के अनुसार, एस्टेरॉयड कम से कम 100 ईसा पूर्व से हमारे ग्रह के साथ चक्कर लगाता हुआ प्रतीत होता है।



### पृथ्वी से नहीं होगी टक्कर

*वैज्ञानिकों के अनुसार, इस एस्टेरॉयड के सूर्य के चारों ओर अपनी कक्षा में पृथ्वी के चारों ओर लगभग साल 3700 अनुसरण करने की संभावना है। कॉफिनेट ने कहा, यह पृथ्वी का अब तक ज्ञात सबसे लंबा अर्द्ध उपग्रह प्रतीत होता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि क्षुत्रग्रह भले ही हमारे ग्रह के अपेक्षाकृत करीब मंडरा रहा है, लेकिन इसके पृथ्वी से टकराने की संभावना नहीं है।*

# जेल में बंद कश्मीरी सांसद राशिद इंजीनियर को मिली बड़ी राहत

## लोकसभा में शपथ लेने पर एनआईए ने जताई सहमति



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनआईए कश्मीरी नेता और लोकसभा चुनाव में जीते निर्दलीय सांसद राशिद इंजीनियर को 5 जुलाई को संसद में शपथ लेने की अनुमति देने पर सहमित दे दी है। एनआईए के वकील ने दिल्ली की अदालत में कहा जेल में बंद कश्मीरी नेता राशिद को मीडिया से बात न करने जैसी शर्तों के आधार पर संसद में सांसद के तौर पर शपथ लेने की अनुमति देनी चाहिए।

एनआईए द्वारा कहा गया है कि सहमति शर्तों पर ही निर्भर है। इस मामले में कल दिल्ली की पटियाला हाईकोर्ट आदेश जारी कर सकता है। इससे पहले शपथ के लिए राशिद ने अंतरिम जमानत या हिरासत पैरोल की मांग की है। बता दें कि इंजीनियर राशिद उत्तरी कश्मीर की राजनीति काफी चर्चित नाम है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को हराया था और वह दो बार विधायक भी रह चुके हैं।

### बेटों ने किया चुनाव प्रचार

*गौरतलब है कि एनआईए ने साल 2019 में इंजीनियर राशिद को टेरर फंडिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। राशिद के खिलाफ आतंकी गतिविधियों का आरोप लगा था। तिहाड़ जेल से ही राशिद ने चुनाव लड़ा और इस दौरान उनके दो बेटों अबरार राशिद और असरार राशिद ने लगातार चुनाव प्रचार किया और लोगों के बीच पहुंचे। इसका फायदा राशिद को मिला और उन्होंने सभी को चौंकाते हुए जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता उमर अब्दुल्ला को पटखनी दे डाली है। एनआईए के वकील ने कहा कि रशीद का शपथ ग्रहण कुछ शर्तों के अधीन है, जिसमें मीडिया से बात नहीं करना भी शामिल है।*

### तिहाड़ में रहते हुए लड़ा चुनाव

*इंजीनियर राशिद पर (यूएपीए) के तहत केस दर्ज हैं और वे पिछले पांच साल से दिल्ली की तिहाड़ जेल में सजा काट रहे हैं। इंजीनियर राशिद अवामी इत्तेहाद पार्टी से जुड़े थे, लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 में उन्होंने जेल से ही निर्दलीय चुनाव लड़ा था। इससे पहले साल 2019 के आम चुनाव में भी वह निर्दलीय उम्मीदवार थे, लेकिन तब नेशनल कॉन्फ्रेंस के मुहम्मद अकबर लोन से हार गए थे। इस बार उन्हें जीत मिली है, जिसके बाद शपथ के लिए उन्होंने पेरोल और अंतरिम जमानत तक की याचिका लगाई है।*

भारतवंशी समुदाय ने जताई मंदिर बनाने की इच्छा

# यूएई के बाद अब रूस में हिंदू मंदिर की मांग



एजेंसी ▶▶ मॉस्को

पीएम मोदी की रूस यात्रा के पहले वहां मौजूद भारतवंशी समुदाय ने हिंदू मंदिर की मांग की है। वैसे तो रूस अपने रूढ़िवादी चर्च के लिए जाना जाता है, लेकिन दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा हिंदू धर्म भी देश में धीरे-धीरे बढ़ रहा है। एक मजबूत ईसाई आबादी के बावजूद, रूस में हिंदू मंदिर और सामुदायिक समूह दिखाई देने लगे हैं। हिदू आबादी बढ़ने के साथ ही देश में हिंदू मंदिर की इच्छा तेज हो रही है।

### रूस में कैसे पहुंचा हिंदू धर्म

रूस में हिंदू धर्म 19वीं सदी के आखिर में रूस में दिखाई देने लगा था, जिसे 'पेरेस्त्रोइका' कहा जाता है। पेरेस्त्रोइका का अर्थ है पुनर्गठन। यह एक ऐसे युग के बारे में इस्तेमाल किया जाता है, जब गतिरोध को समाप्त करने के लिए राजनीतिक और आर्थिक प्रणालियों को बदलने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## सेबेक्स-2 घातक परमाणु, चंद सेकंड में मचा देगा तबाही

# भारत ने विकसित किया दुनिया का सबसे खतरनाक विस्फोटक

*भारत ने दुनिया का सबसे खतरनाक विस्फोटक सेबेक्स-2 विस्फोटक तैयार किया है। तबाही मनाचे वाले हथियारों की क्षमता को और बढ़ा देगा। जिससे दुश्मन थरथर कांपेंगे और ये चंद सेकंड में दुश्मन के खेमे में तबाही मचा देगा।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत रक्षा क्षेत्र में लगातार नई उपब्धियां हासिल कर रहा है। इसके साथ ही भारत रक्षा उत्पादन में भी पड़ोसी देशों को पीछे छोड़ता जा रहा है। इस बीच भारत ने एक ऐसा विस्फोटक पदार्थ तैयार किया है जो ट्राइनाइट्रोटॉल्विन (टीएनटी ) से दोगुना ज्यादा घातक है। जिसे सेबेक्स 2 नाम दिया गया है। जिसे दुनिया के सबसे ताकतवर गैर-परमाणु विस्फोटकों में से एक माना जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, इस विस्फोटक के विकसित होने के बाद भारत की विस्फोटक क्षमता में क्रांति आने की उम्मीद है। इस विस्फोटक के इस्तेमाल से बमों, आर्टिलरी शेल्स और वारहेड्स की क्षमता में कई गुना बढ़ा देगा. यही नहीं इस नए विस्फोटक का वजन भी काफी कम है. सेबेक्स-2 के फॉर्म्युलेशन को भारतीय नौसेना ने सोमवार को टेस्टिंग के बाद सर्टिफाई भी कर दिया है।



### टीएनटी से दो गुना घातक है ये विस्फोटक

बता दें कि किसी विस्फोटक की क्षमता या उसकी ताकत को टीएनटी से तुलना कर आंकी जाती है। टीएनटी का मतलब ट्राइनाइट्रोटॉल्विन है जो दुनिया का सबसे लोकप्रिय और ताकतवर विस्फोटक है। एक ग्राम टीएनटी के विस्फोट में निकलने वाली ऊर्जा लगभग 4000 जूल के बराबर होती है। एक मीट्रिक टन यानी एक हजार किलोग्राम टीएनटी के धमाके से जितनी ऊर्जा निकलती है उसे टीएनटी समतुल्य यानी टीएनटी के बराबर माना जाता है। जो जितना टीएमटी समतुल्य होगा वह विस्फोटक उतना ही ज्यादा घातक होगा।

### भारतीय नौसेना ने की टेस्टिंग

*इस विस्फोटक की भारतीय नौसेना के डिफेंस एक्सपोर्ट प्रमोशन स्कीम के तहत टेस्टिंग की गई है। इस विस्फोटक के इस्तेमाल से वर्तमान हथियारों की क्षमता में कई गुना की बढ़ोतरी होगी। यही नहीं भारत द्वारा विकसित कि गए इस विस्फोट को दुनियाभर की सेनाएं इस्तेमाल करने के लिए आगे आएंगी।*

### अब तक का सबसे घातक विस्फोटक

बता दें कि भारत का अब तक का सबसे घातक विस्फोटक ब्रह्मोस मिसाइल के वारहेड में लगाया जाने वाला है। जिसकी टीएनटी 1.50 समतुल्य है। फिलहाल दुनिया के अधिकतर वारहेड्स की टीएनटी तुल्यता 1.25-1.30 के बीच होती है।

### चीन का गला घोंटने के लिए भारत की तगड़ी तैयारी



**नई दिल्ली।** दक्षिण चीन सागर और हिंद महासागर क्षेत्र (कडफ) को जोड़ने वाले मलक्का स्ट्रेट, जिसे चीन के लिए चोक प्वाइंट माना जाता है, उसके एंट्री प्वाइंट पर स्थित अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के लिए भारत ने शानदार प्लान बनाया है 9 अरब डॉलर की लागत से प्रोजेक्ट्स लॉच किए हैं, जिसका मकसद इस क्षेत्र को शिपिंग केंद्र और पर्यटन स्थल बनाना है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, भारत की रणनीति का एक अनिवार्य हिस्सा बनकर उभर रही है, ताकि इंडो-पैसिफिक में चीन के बढ़ते प्रभुत्व को संतुलित किया जा सके।

**मेक इन इंडिया की बल्ले-बल्ले**
*सूत्रों ने बताया कि इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) ने 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत तेजी से पिघलने वाले विस्फोटक (एचएमएक्स) के कंपोजिशन के आधार पर सेबेक्स 2 को तैयार किया है। यह कंपोजिशन 'वॉरहेड्स की विनाशकारी क्षमता, हवा से गिरा जाने वाले बम, तोपखाने के गोले और अन्य युद्ध सामग्री की मारक क्षमता में बहुत इजाफा करेगी, जो लक्ष्यों को नुकसान पहुंचाने के लिए विस्फोट और विखंडन प्रभाव का उपयोग करते हैं।'*

**हिंद महासागर की सुरक्षा जरूरी**
*मलक्का स्ट्रेट, जो हिंद महासागर में दाखिल होने का दरवाजा है, भारत ने वहीं पर चीन की गर्दन दबोचने की योजना बनाई है। हिंद महासागर में आने वाली चीनी पनडुब्बियों को संकीर्ण मलक्का जलडमरूमध्य में सतह पर आने के लिए मजबूर होना पड़ता है।*

## खबर संक्षेप

### जीआरएसई समुद्र में उपयोग होने वाली 'टग' बनाएगा



**कोलकाता।** उपक्रम (पीएसयू) शिपयार्ड गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने बांग्लादेश के लिए एक समुद्री 'टग' बनाने के लिए देश के रक्षा मंत्रालय के साथ सोमवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते पर जीआरएसई के निदेशक कमांडर शांतनु बोस और बांग्लादेश के रक्षा मंत्रालय के रक्षा खरीद महानिदेशालय में खरीद निदेशक कमांडर ए.के.एम. मारुफ हसन की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

### तुर्की में विस्फोट, पांच लोगों की मौत



**इस्तांबुल।** तुर्की में भीषण विस्फोट होने से 5 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 63 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मृतकों की संख्या अभी बढ़ने की आशंका है। घायलों में कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना तुर्की के पश्चिमी शहर इजमीर में रविवार को हुई, जहां एक रेस्तरां के टैंक में बड़ा विस्फोट हो गया। इससे पांच लोगों की मौत हो गई और 63 अन्य घायल हो गए।

## काला दिवस...तीन नए कानूनों का विरोध



**कोलकाता।** सोमवार को कोलकाता में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन के विरोध में काला दिवस मनाते हुए अधिवक्ता एक दूसरे को काला रिबन पहनते हुए।

मदद के लिए भारत को दिया धन्यवाद

# संयुक्त राष्ट्र की बैठक में पहली बार शामिल हुआ तालिबान

एजेंसी ▶▶ दोहा

तालिबान का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को कतर में अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र की अगुवाई वाली बैठक में शामिल हुआ। बैठक से पहले आयोजकों ने अफगानिस्तान को आश्वस्त किया था कि महिलाओं को इस बैठक में शामिल नहीं किया जाएगा। यूएन की पहल पर कतर की राजधानी दोहा में हो रही बैठक अफगान संकट पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित तीसरी बैठक है।

**तालिबान ने भारत का जताया आभार:** तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता और उसके प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि प्रतिनिधिमंडल ने बैठक के दौरान रूस, भारत और उज्बेकिस्तान सहित देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान भारत से मिले समर्थन के लिए तालिबान ने नई दिल्ली को धन्यवाद भी दिया। मुजाहिद ने आगे बताया कि 'भारत ने दोहा बैठक में अफगानिस्तान की स्थिति का समर्थन किया। इस पर अफगानिस्तान की मदद के लिए भारत को धन्यवाद दिया गया।' इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व संयुक्त सचिव जेपी सिंह कर रहे हैं।

क्रैश से आधे घंटे पहले ही उड़ान भरी थी

# फ्रांस में बिजली की केबल से टकराया जेट, 3 लोगों की मौत

» मरने वालों में एक महिला भी शामिल

» रेस्क्यू टीम ने बचाव अभियान चलाया



हादसे के बाद बीच सड़क पड़ा जेट का मलवा।

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस की राजधानी पेरिस में एक प्राइवेट जेट बिजली के तार से टकरा गया। इसमें सवार 3 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मरने वालों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक घटना नेशनल हाईवे ए-4 पर हुई, जेट ने क्रैश से आधे घंटे पहले ही उड़ान भरी थी। प्लेन का मॉडल सेसना 172 है। जेट का ऊपरी हिस्सा बिजली की केबल से जा टकराया, जो एक हाई वोल्टेज इलेक्ट्रिक पावर केबल थी। जिसके बाद जेट में आग लग गई। हाईवे को दोनों तरफ से बंद कर दिया गया और मौके पर रेस्क्यू टीम ने बचाव अभियान चलाया। जेट को चलाने वाले पायलट को पिछले साल ही लाइसेंस मिला था। पायलट को 100 घंटे का जेट उड़ाने का एक्सपीरिएंस था।

### अधिकारियों ने उठाए जेट के उड़ान भरने पर सवाल

एविएशन मिनिस्ट्री ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस साल अब तक दो प्राइवेट जेट ए-4 नेशनल हाईवे पर हादसे का शिकार हो चुके हैं। इससे पहले भी स्थानीय अधिकारियों ने प्लेन के यहां से उड़ान भरने पर सवाल उठाया था। स्थानीय लोगों के मुताबिक छुट्टी का दिन था इसलिए हाईवे पर ज्यादा गाड़ियां थी।

## जापान ने किम जोंग के अलावा चीन को भी चिंतित किया

# जापान रखेगा उत्तर कोरिया और चीन की हर हरकतों पर पैनी नजर

एजेंसी ▶▶ टोकियो



जापान ने उत्तर कोरिया को मुंहतोड़ जवाब देते हुए पृथ्वी निगरानी उपग्रह का प्रक्षेपण किया है। इससे पहले उत्तर कोरिया ने अमेरिका-जापान और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में 2 बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया था। अब जापान ने पृथ्वी निगरानी उपग्रह छोड़कर किम जोंग के अलावा चीन को भी चिंतित कर दिया है। जापान ने सोमवार को अपना नया महत्वाकांक्षी एच3 रॉकेट प्रक्षेपित करने के साथ ही आपदा प्रतिक्रिया और सुरक्षा के लिए एक उन्नत पृथ्वी निगरानी उपग्रह अंतरिक्ष में तैनात कर दिया। ' जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी' (जाक्सा) ने बताया कि एच3 नंबर 3 रॉकेट ने दक्षिण पश्चिमी जापान के एक द्वीप पर तानेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी और करीब 16 मिनट बाद तय योजना के अनुसार अपना 'पेलोड' (उपग्रह) छोड़ा। उन्नत भूमि निरीक्षण उपग्रह या एएलओएस-4 को आपदा प्रतिक्रिया तथा मानचित्रण के लिए पृथ्वी की निगरानी करने तथा डेटा एकत्रित करने का काम सौंपा गया है। यह सैन्य गतिविधि जैसे कि मिसाइल प्रक्षेपण पर नजर रखने में भी सक्षम है।

### चीनी रॉकेट तियानलोंग-3 लॉन्चिंग के कुछ देर बाद ही क्रैश



पड़ोसी देश चीन को रविवार को उस वक्त बड़ा झटका लगा, जब लॉन्चिंग के बाद तुरंत बाद रॉकेट क्रैश हो गया। चीन ने तियानलोंग-3 रॉकेट लॉन्च किया, लेकिन कुछ ही दूरी की उड़ान भरने के बाद उसमें बड़ा धमाका हो गया। बीजिंग तियानबिंग टेक्नोलॉजी कंपनी ने रविवार को जानकारी देते हुए कहा कि प्रारंभिक जांच के मुताबिक तियानलोंग-3 रॉकेट पहले फेज में ही लॉन्च पैड से अलग होकर हवा में ही विस्फोट हो गया। इस दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### खराब मौसम बना प्रक्षेपण में देरी की वजह

पहले यह प्रक्षेपण रविवार को किया जाना था, लेकिन खराब मौसम के कारण इसमें देरी हुई। एएलओएस-4 मौजूदा एएलओएस-2 की जगह लेगा और यह अधिक व्यापक क्षेत्र की निगरानी कर सकता है। जापान कुछ समय के लिए दोनों उपग्रह का संचालन करेगा। जापान एक स्थिर, व्यावसायिक रूप से प्रतिस्पर्धी अंतरिक्ष परिवहन क्षमता को अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण मानता है।

## महादेवी के 10 महाविद्या स्वरुपों की होगी आराधना

# आषाढ़ गुप्त नवरात्र वृद्धि योग में छह जुलाई से

### इस बार घोड़े पर सवार होकर आएंगी माता

जबलपुर।

हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ मास के गुप्त नवरात्र की शुरुआत छह जुलाई, शनिवार से होगी। उस दिन वृद्धि योग बनेगा। पं शिवशंकर तिवारी ने बताया कि इस बार आषाढ़ गुप्त नवरात्र नौ नहीं बल्कि 10 दिनों की होगी, ऐसा चतुर्थी तिथि की वृद्धि होने के कारण होगा। जो कि 15 जुलाई तक रहेगी। नवरात्र मां दुर्गा की 10 महाविद्याओं की पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि देवी की पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। साथ ही यह दिन तंत्र विद्या के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। साथ ही यह साधना गुप्त रूप से की जाती है। मान्यता है कि अगर कोई साधक अपनी साधना को किसी दूसरे व्यक्ति को बता देता है, तो पूजा का फल नष्ट हो जाता है।

जिस वार से नवरात्र शुरू होती है, उसके अनुसार देवी का वाहन निश्चित होता है। चूंकि इस बार आषाढ़ गुप्त नवरात्र का पर्व



छह जुलाई, शनिवार से शुरू हो रहा है, इसलिए देवी का वाहन घोड़ा है। देवी का ये वाहन शुभ नहीं माना जाता। ऐसा होने से पड़ोसी देशों से विवाद की स्थिति बनने का खतरा रहता है।

### आषाढ़ गुप्त नवरात्र तिथि और शुभ मुहूर्त

हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ मास के गुप्त नवरात्र की शुरुआत छह जुलाई, दिन शनिवार को होगी। वहीं, इसका समापन 15 जुलाई, दिन सोमवार को होगा। वैदिक पंचांग के अनुसार आषाढ़ माह के प्रतिपदा तिथि की शुरुआत छह जुलाई सुबह चार बजकर 25 मिनट पर आरंभ होगी और इसका अंत सात जुलाई सुबह चार बजकर 25 मिनट पर होगा।

### कलश स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त

कलश की स्थापना छह जुलाई सुबह पांच बजकर 11 मिनट से लेकर सात बजकर 26 मिनट पर करना अच्छा होगा। वहीं अभिजीत मुहूर्त पर भी कलश स्थापना की जा सकती है, जो सुबह 11 बजे से लेकर 12 बजे तक रहेगा। अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना करना बेहद शुभ माना जाता है।



## बरसात की शुरुआत में ही खुली निर्माण कार्यों की पोल

**जबलपुर।** क्षेत्रीय जनों ने बताया कि निर्मल चंद्र जैन वार्ड क्रमांक 60 में बीजेपी कार्यालय के सामने स्थानीय विधायक द्वारा अधोसंरचना योजना द्वारा नाली का निर्माण कार्य स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया था, उक्त कार्य बरसात लगने से पहले पूर्ण कर देना चाहिए था, परंतु नाली का निर्माण कार्य अधूरा रहने से भयावह स्थिति में जल प्लावन देखने को मिल रहा है, जहां स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है स्थिति तो यह है कि यहां घुटने के ऊपर तक पानी भर जाता है जब इस विषय में वार्ड पार्षद से बात हुई तो उन्होंने बताया कि यह निर्माण कार्य विधायक की अनुशंसा पर हुआ था, परंतु किसी टेक्निकल कारण से अधूरा रह गया, जो कुछ दिन में जल्द पूरा कर इस समस्या का समाधान किया जाएगा। अब देखना होगा कि कार्य जल्द पूर्ण होता है कि जनता का आक्रोश सड़क पर फुट न आए। वहीं इस संबंध में क्षेत्रीय पार्षद रीना ऋषि यादव का कहना है कि अधूरा कार्य शीघ्र पूरा कर दिया जाएगा।

## जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने सेवानिवृत्ति पर शिक्षिका को दी समारोहपूर्वक विदाई

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया की आज शासकीय माध्यमिक शाला कन्या उर्दू में कार्यरत शिक्षिका नज़मा कादिर अपनी चालीस वर्ष की सेवा पूर्ण करने के पश्चात सेवानिवृत्त हो गयीं। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने पहुँच कर शिक्षिका नज़मा कादिर को पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, ज़ियाउर्रहीम, मीनूकांत शर्मा, दिनेश गोंड, राकेश श्रीवास, रऊफ खान, राजकुमार



यादव, संजना सोनी, शबाना खान, स्वाति गड़ेवाल, अनीता जैन, राजेश सहारिया, फिलिप एंथोनी, राकेश गुप्ता, एनोस विक्टर, देवेंद्र भट, संतोष मिश्रा, दीपेश जैन, गोपीशाह, वसीमुद्दीन, सुरेन्द्र चौधरी, सुधीर अवधिया आदि ने उपस्थित होकर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नौजवान लंगर कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

**जबलपुर।** गढ़ा बाजार स्थित तकिया मोहल्ला में गत रात्रि नौजवान लंगर कमेटी की मीटिंग रखी गई। कमेटी के सरपरस्त इब्राहिम शाह, नियाज़ मंसूरी, शादाब मंसूरी की उपस्थिति में सर्व सहमती से इस वर्ष की कार्यकारिणी मे फैजुल मंसूरी को अध्यक्ष पद के लिए एवं आशिक शाह (उपाध्यक्ष), नाजिर शाह (सचिव), आसिफ खान (कोषाध्यक्ष) पद के लिए चुना गया। साहिल मंसूरी, मोनू शाह, फैजान खान, सौहेल खान को कमेटी का मेंबर नियुक्त किया गया। इस मौके पर मुहल्ले के बुजुर्ग और नौजवान मौजूद थे।

## दक्षिण जोन अंतर वाहिनी खेलकूद स्पर्धा में 6वीं बटालियन एसएएफ जबलपुर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जबलपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) के जवानों के लिए मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम भोपाल में 25 जून से 28 जून तक दक्षिण जोन अंतर वाहिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें मप्र की कुल 09 बटालियनों (6वीं वाहिनी विसबल जबलपुर, 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल, 8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा, 9वीं वाहिनी विसबल रीवा, 10वीं वाहिनी विसबल सागर, 23वीं वाहिनी विसबल भोपाल, 25वीं वाहिनी विसबल भोपाल, 35वीं वाहिनी विसबल मंडला एवं 36वीं वाहिनी विसबल बालाघाट)



के अधिकारी, कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। क्रीड़ा प्रतियोगिता में 6वीं बटालियन जबलपुर द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया, जिसमें 6वीं बटालियन के खिलाड़ियों ने 14 स्वर्ण पदक, 13 रजत एवं 17 कांस्य पदक प्राप्त किए, साथ ही जूडो, ताइक्वांडो, आर्म्स रेसलिंग में चैम्पियनशिप ट्राफी व वालीबॉल में रनर अब ट्राफी मिलाकर कुल चार ट्राफियां प्राप्त की, जिसमें टीम मैनेजर निरीक्षक विक्रम सिंह के हमराह स्पोर्ट्स प्रभारी प्र.आर. कश्यप बागरी के साथ मुख्य रूप से निरीक्षक जुझार सिंह, नव आर. सक्षम लिंगवाल, नव आर. अंकित सिंह एवं आर. अखिलेश तिवारी द्वारा पूरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया।क्रीड़ा प्रतियोगिता में बटालियन के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किए जाने पर कमांडेंट सिद्धार्थ चौधरी (भापुसे) द्वारा सभी को कार्यालय में आमंत्रित कर पुरस्कृत किया गया एवं उन्हें भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करने शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट अभिषेक राजन, सुश्री अंजुलता पटले, एड्ज्यूटेंट सुबोध लोखण्डे, असिस्टेंट कमांडेंट एपी सिंह, पुषेन्द्र आठिया, निरी. विक्रम सिंह, हितेश फुलझेले, उ.नि. उत्सव सिंह व बटालियन के अधिकारी, कर्मचारीगण सम्मिलित रहे।

## पंजाबी महासंघ जबलपुर का अनूठा प्रयास

# सर्वाइकल कैंसर पर हुई कार्यशाला

जबलपुर।

विश्व चिकित्सा दिवस की पूर्व संध्या पर पंजाबी महासंघ जबलपुर एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में सर्वाइकल कैंसर पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि इंद्र मोहन भाटिया अध्यक्ष पंजाबी महासंघ जबलपुर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में डॉ. अभिजीत बिश्नोई विशिष्ट अतिथि, डॉ. स्वराज नायक मुख्य वक्ता, नीता चावला कार्यक्रम अध्यक्ष एवं नीता नारंग कार्यक्रम प्रभारी के रूप में सम्मिलित हुए। डॉ. नायक ने कार्यशाला में विभिन्न चित्रों के



माध्यम से महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर को होने से रोकने एवं उसके उपचार एवं बचाव के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यशाला में बोलते हुए डॉक्टर विश्नोई ने कहा कि निश्चित यह कार्यशाला महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक उपयोगी साबित होगी, ऐसी कार्यशालाएं समाज में निरंतर होती रहनी चाहिए। कार्यक्रम में श्रीमती ज्योति जैन एवं श्रीमती रूपा राव विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जबलपुर की महिला कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ. ऋचा शर्मा, नम्रता भाटिया, एकता नैय्यर, रुचि गुलाटी, निधि तनेजा, अंजलि विग, सन्या सूरी, योगिता विज, शिप्रा चड्ढा, वंदना आनंद प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यशाला को सफल बनाने में पंजाबी महासंघ जबलपुर के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन भाटिया, सह-सचिव कौशल, सचिव अरविंद नैय्यर, संजय चड्ढा, योगेश साहनी, श्रेय भाटिया, वरुण नैय्यर का विशेष सहयोग रहा।

## हजरत चांद शाह वली का उर्स आज से

**जबलपुर।** उपरैनगंज स्थित हजरत चांद शाह वली रहमतुल्ला अलैह के दो दिवसीय उर्स शरीफ का आगाज आज मंगलवार सांय बाद नमाज मगरिब क़ुरान ख्वानी के साथ होगा। जिसके बाद मजार शरीफ पर गुल पोशी की जाएगी तथा नजरों न्याज़ पेश की जाएगी। उर्स शरीफ के दूसरे दिन 3 जुलाई बुधवार को दोपहर 3 बजे मौलाना की गली स्थित मरहूम वली मोहम्मद खान के निवास से संदल जुलूस निकाला जाएगा, जो प्रमुख मार्गो से गस्त करते हुए मजार शरीफ पहुंचेगा, जहाँ परंपरानुसार मजार शरीफ पर चादर पोशी व गुल पोशी की जाएगी। नजरों न्याज़ पेश करने के बाद लंगर तक़सीम किया जाएगा। उर्स कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल वाजिद खान, सचिव मोहम्मद ताहिर खान, मो. रिज़वान खान, आशीष उसरेठे ने तमाम अक़ीदतमंदों से शिरकत की गुजारिश की है।

## हवाबाग महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया दीक्षारंभ समारोह



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार हवाबाग महाविद्यालय जबलपुर में (नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु अभिप्रेरण कार्यक्रम सत्र 2024-25) के अंतर्गत दिनांक 01 जुलाई 2024 को महाविद्यालय में दीक्षारम्भ समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्रबंधक श्रीमती लक्ष्मी छाया सिलास, प्राचार्य डॉ. शहवार सैयद एवं वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. आलोक चंसोरिया की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। दीक्षारम्भ समारोह के उद्घाटन समारोह में सम्मानीय अतिथियों का स्वागत पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ पौधे देकर किया गया। संस्था का परिचय, स्वागत भाषण एवं विज़न महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शहवार सैय्यद ने विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती एल.सी सिलास ने महाविद्यालय की गौरवशाली परम्परा के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया। तत्पश्चात इस समारोह कार्यक्रम के अगले चरण में **NEP** 2020 के अनुसार शैक्षणिक संरचना और परीक्षा प्रणाली के बारे में विस्तार से अभिनव सांयखेड़कर ने जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के तृतीय चरण में महाविद्यालय के संकाय प्रध्यापक और कर्मचारीयों का परिचय हुआ। कार्यक्रम की चतुर्थ कड़ी में परिसर का अवलोकन किया एवं वरिष्ठ छात्रों के साथ नये विद्यार्थियों का इंटरएक्टिव सत्र को विद्यार्थियों ने बहुत पसंद किया। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. हिमानी उपाध्याय एवं समिति सदस्य डॉ. जयश्री दीक्षित, डॉ. कंचन सहगल, डॉ. कविता शर्मा, अभिनव सांयखेड़कर, महेन्द्र श्रीवास्तव, सुश्री रूचि केसरवानी, डॉ. अनीता भराडे, मोहम्मद हसनैन बेग के सहयोग से संपन्न हुआ। दीक्षारम्भ समारोह के उद्घाटन समारोह का मंच संचालन मोहम्मद हसनैन बेग द्वारा सफलता पूर्वक किया गया।

**नाम सुधार सूचना**

मैं सशपथ कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त नाम पते का स्थाई निवासी होकर मुझ शपथकर्ता के समस्त दस्तावेजों में मेरे नाम अंग्रेजी में GORAV KUMAR GUGLIANI S/O LATE. JANKINATH GUGLIANI दर्ज है तथा मेरे पासपोर्ट में मेरे नाम की स्पेलिंग GAURAV KUMAR GUGLIANI त्रुटीवश दर्ज है मै शपथकर्ता मेरे पासपोर्ट में त्रुटीवश दर्ज नाम की स्पेलिंग GAURAV KUMAR GUGLIANI के स्थान पर सही स्पेलिंग GORAV KUMAR GUGLIANI दैनिक समाचार पत्र में जाहीर सूचना के माध्यम से प्रकाशित करवाकर पासपोर्ट में सही करवाने के लिए यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

दिनांक : 25.06.2024
स्थान : मंदसौर
शपथकर्ता

## पौधारोपण व सरपंच सम्मान भी आयोजित

# श्राइन जूनियर एकेडमी में स्वास्थ्य शिविर संपन्न

जबलपुर।

राष्ट्रीय सेवा व सांस्कृतिक संगठन हम फाउंडेशन भारत द्वारा हितकारिणी डेंटल कॉलेज के सहयोग से श्राइन जूनियर एकेडमी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजित किया गया। जनरल फिजिशियन डॉ. चौहान द्वारा अभिभावक, शिक्षक तथा छात्र-छात्राओं का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर



शाला परिसर में पौधारोपण भी किया गया। स्थानीय सरपंच बिनेकी श्रीकुमार एवं कुटरगोंदी सरपंच श्रीमती सावित्री सहित जबलपुर के वरिष्ठ समाजसेवी प्यारे पहलवान को शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन के राकेश त्रिवेदी, विजेश गोस्वामी, एड. जयेश सिंह राठौर, एड. रंजीता नरेलिया, मोहन सिंह, अशोक श्रीवास्तव, आत्मज्योत, सिकंदर सिंह, सुदीप्तो भट्टाचार्य सहित अन्य की उपस्थिति रही।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, SHIV ADHAR YADAV S/O SANGRAM YADAV VILL-DHARAMUR BELA, TEH-VARANASI, DISTT-VARANASI (UTTAR PRADESH)-221101 I, have changed of my name and date of birth from name SHIVDHAR YADAV and date of birth 01/06/1942 (name and date of birth as per my SON, ARMY NO.15685928H RANK- HAV, NAME - RAMESH YADAV UNIT 1 STC MT COY, JABALPUR (MP) Army service records to name SHIV ADHAR YADAV and date of birth 01/01/1952 (name and date of birth as per my AADHAR CARD vide affidavit dated 29/06/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-SHIV ADHAR YADAV
INCORRECT NAME-SHIVDHAR YADAV
CORRECT DATE OF BIRT-01/01/1952
INCORRECT DATE OF BIRTH-01/06/1942

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO. 15714861A RANK L/NK NAME KAMLESH KUMAR S/O HISABI LAL PATEL UNIT MB AREA SIG COY, JABALPUR (MP) I, have changed name and date of birth of my MOTHER, from name RUKMAN BAI and date of birth 04/05/1962 (name and date of birth as per my Army service records to name RUKMAN PATEL and date of birth 01/01/1961 (name and date of birth as per my MOTHER, AADHAR CARD vide affidavit dated 28/06/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-RUKMAN PATEL
INCORRECT NAME-RUKMAN BAI
CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1961
INCORRECT DATE OF BIRTH-04/05/1962

**(नाम परिवर्तन की सूचना)**

मैं VIKASH VISHWAKARMA S/O SUKRAT LAL VISHWAKARMA यह सूचित करता हू कि कक्षा 10वीं की अंकसूची में मेरा नाम VIKASH KUMAR VISHWAKARMA लिखा हुआ है, जिसे बदलकर मैंने अपना नाम VIKASH VISHWAKARMA रख लिया है, जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, एवं बैंक पासबुक आदि में लिखा हुआ है । अतः मेरे नाम को VIKASH VISHWAKARMA ही पढ़ा -लिखा एवं समझा जावें ।
पूर्व नाम
VIKASH KUMAR VISHWAKARMA
वर्तमान नाम VIKASH VISHWAKARMA
पता-NEW RAM NAGAR, NEAR SURAHI BUILDING, AMKHERA, JABALPUR (M.P.) - 482004

## 80 वर्ष पूर्ण कर चुके सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी सम्मानित

### मेधावी छात्र-छात्राओं को भी किया पुरस्कृत

**जबलपुर।** सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण संघ ने बताया कि आज संघ के द्वारा सेवानिवृत्त पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों जिन्होंने 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर अगली पारी की शुरुआत की है, उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसके साथ ही पुलिस परिवार के बच्चों, नाती, पोतों जिन्होंने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार का वरन पुलिस विभाग का नाम रोशन किया है, ऐसे मेधावी 14 छात्रों का सम्मान जिला दंडाधिकारी दीपक सक्सेना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, कमाडेंट 6वीं बटालियन सिद्धार्थ चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा के द्वारा किया गया। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण



संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी द्वारा इस आयोजन की जानकारी देते हुए बताया गया कि आज पुलिस परिवार के मेधावी छात्रों तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का सम्मान करने में अत्यंत आनंद की अनुभूति हो रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह द्वारा संघ की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए सभी बच्चों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को शुभकामनाएं दी गईं, वही जिलाधिकारी दीपक सक्सेना द्वारा सभी के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आयोजन की प्रशंसा की गई। संघ के उपाध्यक्ष डीएल तिवारी ने ऐसे आयोजन को हर वर्ष करने की घोषणा की। संगठन के सचिव अशोक तिवारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ साथ वीके सिंह रिटायर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीडी चतुर्वेदी उप पुलिस अधीक्षक लछमन तिवारी, हाकमसिंह, सुकांत बैनर्जी, अवधेश तिवारी, आरएस कालरा, मिथलेश तिवारी, अशोक शुक्ला, अनिल वैद्य, सीताराम तिवारी, सभी का अभिनंदन करते हुए मेधावी छात्रों और उनके माता पिता को धन्यवाद ज्ञापित कर संघ के सभी साथियों, कोर ग्रुप के सदस्यों और कार्यक्रम के कुशल संचालन के लिए प्रफुल्ल श्रीवास्तव का आभार व्यक्त किया गया।

**नाम सुधार**

मैं, श्रीमति तमन्ना गुप्ता TAMANNA GUPTA उम्र 32 वर्ष पति श्री पीयूष मित्तल, निवास आर बी-5, 503/D, कांचघररोड, रेल सौरभ कालोनी ( बर्न क. ), कोचिंग डेपो के पास, जबलपुर-482001 , शपथपूर्वक निम्नांकित कथन करती हूँ कि -
1. यह कि, मैं उपयुक्त लिखे पते पर निवास करती हूँ ।
2. यह कि, मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम TAMMANA GUPTA दर्ज किया गया है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम TAMANNA GUPTA है । मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, बर्थ सर्टिफिकेट में मेरा सही नाम, यानि TAMANNA GUPTA ( तमन्ना गुप्ता ) ही दर्ज है।
3. यह कि, मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम, TAMANNA GUPTA ( तमन्ना गुप्ता ) दर्ज किया जाना चाहिए ।
गलत नाम : TAMMANA GUPTA
सही नाम : TAMANNA GUPTA

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/66
दिनांक :- 01/07/2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री रोहित गुप्ता पिता श्री सुरेश कुमार गुप्ता (2) श्रीमती रीना गुप्ता पति श्री सुरेश कुमार गुप्ता ने मकान नं. 32/डी-2 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 600 व.फु.,प्रथमतल 600 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/67
दिनांक :- 01/07/2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जियेन्द्र कुमार सेवलानी पिता स्व. श्री अर्जुनदास सेवलानी ने मकान नं. 879/1A/FF/O.C.104 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी प्रथमतल 149 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/68
दिनांक :- 01/07/2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती विद्या जैन पति श्री अशोक कुमार जैन, श्री अनुभव जैन, श्री अभिषेक जैन एवं श्री अंकित जैन तीनों के पिता श्री अशोक कुमार जैन ने मकान नं. 986/1 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 4764 व.फु., भूतल 1600 व.फु., प्रथमतल 1600 व.फु., द्वितीय तल 1600 व.फु., तृतीय तल 1600 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

एक अरब से ज्यादा कीमत

# 22 साल बाद बिकने जा रहा राजकुमारी डायना का पुश्तैनी घर



**नई दिल्ली।** राजकुमारी डायना का पुश्तैनी घर 22 साल बाद बिकने वाला है। यह घर उनके पिता और सौतेली मां का बताया जा रहा है। इंग्लैंड स्थित लंदन के मेफेयर क्षेत्र के इस घर की कीमत 1.3 करोड़ डॉलर यानी लगभग एक अरब रुपये से ज्यादा लगाई गई है। वेदरेल के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष पीटर वेदरेल ने बताया कि राजकुमारी डायना का यह प्रभावशाली घर 22 सालों में पहली बार बिकने वाला है, जिसे वे एक अन्य साथी के साथ मिलकर बेचेंगे।



यह संपत्ति 2000 के दशक की शुरुआत तक काउंटेस स्पेंसर के स्वामित्व में रही थी। इसके बाद वह एक हवेली के फ्लैट में रहने लगी थीं। 2000 में ही इस पुश्तैनी घर को काउंटेस स्पेंसर ने एलन और मैरी होबार्ट नामक कला संग्राहकों को बेच दिया था। 2021-2024 की शुरुआत में एलन और मैरी की मृत्यु के बाद इस घर को उनके परिवार वालों द्वारा बेचा जा रहा है। वेदरेल और चेस्टरटन्स नामक कंपनियां इस टाउनहाउस को बेच रही हैं।

इस घर की पहली मंजिल पर एक रिसेप्शन हॉल और भोजन कक्ष है। यहां पर एक रसोई भी है, जो आंगन में खुलती है। इसके अलावा इस घर की चारों मंजिलें लिफ्ट से जुड़ी हुई हैं। इसमें एक दक्षिण मुखी छत, आंगन, भूमिगत कार पार्किंग और एक निजी गैराज भी है। इस घर में एक ड्राइंग रूम, लाइब्रेरी और 5 बेडरूम हैं। इनमें से 3 बेडरूम दूसरी मंजिल पर और 2 शीर्ष मंजिल पर हैं। सभी कमरों में अलग बाथरूम और ड्रेसिंग रूम बनवाए गए हैं।

### 1980 के दशक की शुरुआत में बना था यह घर

बता दें कि 24 फार्म स्ट्रीट पर स्थित यह 4 मंजिला टाउनहाउस 1980 के दशक की शुरुआत में बनाया गया था। इसे 1990 में राजकुमारी डायना के परिवार ने खरीदा था। उनके पिता अर्ल स्पेंसर ने इसे उनकी सौतेली मां काउंटेस राइन स्पेंसर को उपहार में दिया था। 1992 में अर्ल स्पेंसर की मृत्यु के बाद, काउंटेस स्पेंसर ने संपत्ति का पूर्ण स्वामित्व ग्रहण कर लिया था।

## ब्रह्मपुत्र नदी के गहरे पानी में तैरता दिखा हाथियों का झुंड




**नई दिल्ली।** हाथियों को अक्सर भूमि के भारी-भरकम प्राणी के रूप में देखा जाता है, लेकिन असम में एक हालिया वीडियो ने उनके अद्भुत तैराकी कौशल को उजागर किया है। फोटोग्राफर सचिन भराली ने ड्रोन फुटेज के माध्यम से हाथियों के एक झुंड को ब्रह्मपुत्र नदी के गहरे पानी में तैरते हुए कैद किया है। यह वीडियो निमाती घाट पर फिल्माया गया है, जहां हाथियों का यह झुंड गहरी नदी में तैरता हुआ दिख रहा है और उनके शरीर का केवल ऊपरी भाग दिखाई दे रहा है।इस अद्भुत वीडियो ने कई लोगों को हैरान कर दिया है और यह साबित किया है कि हाथी पानी में भी तैर सकते हैं। आईएएस अधिकारी सुप्रिया साहू ने भी इस अद्भुत दृश्य पर कमेंट किया है। इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया यह वीडियो तेजी से वायरल हो गया है और इसे अब तक 4.2 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है। सोशल मीडिया यूजर्स ने इस वीडियो पर हैरानी और तारीफ के साथ मिलीजुली प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एक साथ तैरते हाथियों की शांत और शक्तिशाली कल्पना न केवल उनकी अनुकूलनशीलता बल्कि असम की अविश्वसनीय जैव विविधता को भी उजागर करती है।

वर्ल्ड रिकॉर्डधारी भाई!

## एक ने चंदन की लकड़ी पर रामसेतु दूसरे ने शंख पर उकेरी रामायण





**नई दिल्ली।** धार्मिक नगरी उज्जैन के दो युवा भाइयों ने महाकाल की नगरी का नाम रोशन किया है। दोनों भाई का नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। दोनों चचेरे भाइयों में से एक ने चंदन की लकड़ी पर रामसेतु बनाया है, तो वहीं दूसरे भाई ने शंख पर रामायण की पूरी कहानी का निर्माण किया है। चित्रकार चेतन पिता नवीन कैथवास ने चंदन की लकड़ी के छोटे से टुकड़े पर रामसेतु की पूरी कहानी बनाकर अपना नाम 5वें वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करवा लिया है। इसी प्रकार सौरभ पिता रूपेंद्र कैथवास ने शंख पर पूरी रामायण बनाकर अपना नाम चौथी बार वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज करवाया। दोनों भाईयों ने हासिल किए कई वर्ल्ड रिकॉर्डबाबा महाकाल की नगरी के दोनों भाई चेतन और सौरभ ने अपनी कला के माध्यम से चित्रकारी से कई वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं।

### रामसेतु में बनाई गईं 80 कलाकृतियां

बाबा महाकाल की नगरी मे चेतन ने रामसेतु की पूरी कहानी का निर्माण 10.5 बाय 2 सेमी के चंदन की लकड़ी के एक छोटे से टुकड़े को स्पाइरल के आकार पर उकेर कर किया गया है, जिसमें वानर सेना की कुल 80 आकृतियां हैं। इसमें वानर सेना पहाड़ लाकर पुल बनाते हुए दर्शाए गए हैं।

# पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने किया होम एंड पर्सनल केयर व्यवसाय का अधिग्रहण

**हरिद्वार।** पतंजलि फूड्स लिमिटेड (जिसे आगे "पीएफएल" या "कंपनी" कहा जाएगा) के बोर्ड ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ("पीएएल") के होम एंड पर्सनल केयर ("एचपीसी") बिजनेस के अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिससे कंपनी के एक अग्रणी एफएमसीजी कंपनी के रूप में परिवर्तन की गति तेज होगी। पीएएल एचपीसी व्यवसाय में वर्तमान में भारत के एफएमसीजी स्पेस में एक मजबूत ब्रांड इक्विटी और देश भर में एक वफादार उपभोक्ता आधार रखती है। इस एचपीसी व्यवसाय में वर्तमान में चार प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं (अ) डेंटल केयर (ब) स्किन केयर (स) होम केयर (द) हेयर केयर। एचपीसी व्यवसाय के अधिग्रहण की यह रणनीतिक पहल कंपनी के मौजूदा एफएमसीजी उत्पाद के पोर्टफोलियो को प्रतिष्ठित ब्रांडों की एक श्रंखला के साथ मजबूत करेगी और राजस्व एवं एबिटा (एबिटा) की वृद्धि में भी योगदान देगी।

पीएफएल, पीएएल के संपूर्ण एचपीसी व्यवसाय को एक चालू व्यवसाय के आधार पर अधिग्रहित करने के लिए तैयार है, और इसमें व्यवसाय, संबंधित कर्मचारियों, वितरण नेटवर्क, अनुबंधों, लाइसेंसों, परमिटों, सहमतियों और इस ऑपरेशन के लिए आवश्यक अनुमोदनों से संबंधित सभी परिसंपत्तियां और देनदारियां शामिल हैं जिसे आगे ''व्यवसायिक उपक्रम'' के रूप में संदर्भित किया जाएगा)। अधिग्रहण का समापन विभिन्न पूर्ववर्ती शर्तों की पूर्ति के अधीन है जो कि मुख्य रूप से व्यवसायिक उपक्रम के हस्तांतरण के लिए आवश्यक नियामक अनुमोदन हैं। इसके अलावा, कंपनी एचपीसी व्यवसाय के उत्पाद पोर्टफोलियो के बौद्धिक संपदा के मूल्य और इसके बाजार महत्व को भी स्वीकार करती है। तदनुसार, कंपनी और पीएएल ने लाइसेंसिंग समझौते में प्रवेश करने के लिए भी सहमति व्यक्त की है, जो कंपनी को पीएएल के स्वामित्व वाले ट्रेडमार्क और संबंधित बौद्धिक संपदा अधिकारों का उपयोग करने की अनुमति देता है, जो एचपीसी व्यवसाय के उत्पाद पोर्टफोलियो से संबंधित हैं।

एचपीसी व्यवसाय के हस्तांतरण के लिए कंपनी और पीएएल (स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किए गए मूल्यांकन परिश्रम के आधार पर) के बीच ग्यारह सौ करोड़ रुपये की एकमुश्त राशि पर पारस्परिक रूप से बातचीत की गई है, जो प्रथागत समापन तिथि समायोजन और कंपनी और पीएएल के बीच निष्पादित किए जाने वाले व्यवसाय हस्तांतरण समझौते में निर्धारित अन्य शर्तों के अधीन होगी। अलग से, कंपनी और पीएएल के बीच 3 प्रतिशत टर्नओवर आधारित शुल्क के साथ-साथ अन्य शर्तों के लिए की लाइसेंसिंग व्यवस्था पर सहमति हुई है। इस अधिग्रहण से 'पतंजलि' ब्रांड के एफएमसीजी उत्पाद पोर्टफोलियो का एकत्रीकरण होगा। इस अधिग्रहण से ब्रांड इक्विटी और संवर्धन, उत्पाद नवाचारों, लागत अनुकूलन, बुनियादी ढांचे और परिचालन दक्षता और बाजार हिस्सेदारी पर सकारात्मक प्रभाव के मामले में अनेक प्रमुख तालमेल होंगे।

इस अधिग्रहण के साथ, कंपनी ने यह भी बताया कि उसने एफएमसीजी क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने की अपनी यात्रा में एक मजबूत एफएमसीजी कंपनी होने की अपनी स्थिति की पुष्टि की है, जैसा कि उसने अपने पहले एफपीओ के समय अपने शेयरधारकों के प्रति प्रतिबद्धता जताई थी। पीएफएल के बोर्ड के अनुमोदन के अनुसार, कंपनी अब अधिग्रहण के संबंध में निश्चित समझौतों को निष्पादित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी और साथ ही लेनदेन के लिए आवश्यक अनुमोदन के लिए आवेदन करेगी।

*राहुल गांधी जब सिर्फ सांसद थे तो उन्हें हर महीने 1 लाख रुपये सैलरी मिलती थी। इसके साथ 45 हजार का भत्ता भी दिया जाता था, लेकिन अब उन्हें नेता प्रतिपक्ष के तौर पर करीब साढ़े तीन लाख सैलरी मिलेगी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष के तौर पर सैलरी मिलेगी, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री समृति इरानी को सिर्फ पेंशन दी जाएगी। पिछले चुनाव और इस बार की कहानी एकदम पलट गई है।*

# जो मंत्री थे उनको पेंशन... जिनकी गई सांसदी उनको मिनिस्टर की सैलरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2019 में स्मृति ईरानी अमेठी से जीतीं और कैबिनेट में भी जगह मिली। वहीं, राहुल गांधी अमेठी हार गए और वायनाड से सांसद बने, लेकिन मोदी सरनेम मामले में उनकी सांसदी भी चली गई थी। हालांकि, कोर्ट के फैसले के बाद उनकी लोकसभा की सदस्यता बहाल हो गई। अब राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बने हैं और उन्हें कैबिनेट मिनिस्टर के बराबर सैलरी मिलेगी, जबकि अमेठी हारने के बाद स्मृति ईरानी पूर्व सांसद के तौर पर पेंशन पाएंगी। सैलरी एंड अलाउंसेज ऑफ एलओपी पार्लियामेंट एक्ट 1977 के अनुसार नेता प्रतिपक्ष को केंद्रीय मंत्री के बराबर सैलरी के साथ उनके जैसी सुविधायें भी मिलती हैं। यहां केंद्रीय राज्य मंत्री और स्वतंत्र प्रभार की बात नहीं हो रही है। राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष के लिए हर महीने 3 लाख 30 हजार रुपये सैलरी के साथ वो सभी सुविधाएं मिलेंगी, जो केंद्रीय मंत्रियों को मिलती हैं।

### नेता प्रतिपक्ष राहुल को मिलेंगे करीब साढ़े 3 लाख और 14 लोगों का स्टॉफ

### मंत्री रहीं ईरानी को मिलेंगे पेंशन के तौर पर अब केवल 25 हजार





### यह मिलेगा राहुल को

राहुल गांधी को एक आलीशान बंगला मिलेगा, जिसके लिए उन्हें कोई किराया नहीं देना होगा। पद की अवधि समाप्त होने बाद एक महीने तक बगैर किराए के बंगले में रह सकते हैं। लीडर ऑफ ओपोजिशन के रूप में राहुल गांधी को सरकारी गाड़ी, ड्राइवर, फ्री मेडिकल सुविधाएं, मुफ्त टेलीफोन, मुफ्त यात्रा और 14 लोगों का पर्सनल स्टाफ भी मिलेगा। 14 लोगों के स्टाफ में एक निजी सचिव, दो अतिरिक्त निजी सचिव, दो सहायक निजी सचिव, एक हिंदी स्टेनो, एक क्लर्क, एक सफाई कर्मचारी और फोर्थ क्लास के चार कर्मचारी मिलेंगे। राहुल गांधी प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई, सीवीसी और सीआईसी जैसी संवैधानिक एजेंसियों के प्रमुखों की नियुक्ति के लिए बनाई गई कमेटी का हिस्सा होंगे। इस कमेटी में प्रधानमंत्री भी शामिल होते हैं।

### स्मृति को नहीं मिला है कोई पद

पूर्व केंद्रीय मंत्री समृति ईरानी की बात करें तो लोकसभा चुनाव 2024 में अमेठी सीट से हारने के बाद उन्हें कैबिनेट में कोई पद नहीं मिला है और अब पूर्व सांसद के तौर पर उन्हें पेंशन मिलेगी। सांसदों की सैलरी और भत्ते से जुड़े 1977 नियम के तहत समृति ईरानी को हर महीने 25 हजार रुपये पेंशन दी जाएगी।

### नागपुर में नकली दवाइयों के गिरोह का भंडाफोड़

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले की पुलिस ने नकली दवाइयों के गिरोह का भंडाफोड़ किए जाने की घटना के सिलसिले में उत्तर प्रदेश से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

उज्जैन में सावन मास में किया गया है बदलाव

# भस्म आरती में वीकेंड पर वीआईपी ट्रीटमेंट बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

अगर आप सावन मास में बाबा महाकाल की भस्म आरती के लिए जा रहे हैं तो वीकेंड यानी शनिवार-रविवार को जाएं। इन दो दिनों में किसी को भी वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं मिलेगा। इससे आम जनता आसानी से बाबा महाकाल की भस्म आरती कर सकेगी। सावन मास में श्रद्धालुओं की भीड़ देखते हुए महाकाल मंदिर समिति ने दर्शन व्यवस्था में ये बदलाव किया है। इन दो दिनों में किसी भी अधिकारी से लेकर मीडियाकर्मियों को प्रॉटोकोल नहीं मिलेगा। अभी भस्म आरती में 1700 श्रद्धालुओं को अनुमति मिलती है। इनमें से 700 से अधिक आम श्रद्धालु होते हैं। जबकि, 400 श्रद्धालु ऑनलाइन अनुमति लेकर आते हैं। बाकी के भक्त घंटों लाइन में खड़े होकर ऑफलाइन भस्म आरती की अनुमति लेते हैं। इनके अलावा 400 से ज्यादा लोग वीआईपी प्रॉटोकोल के जरिये भस्म आरती में शामिल होते हैं।

**अप्रैल में भी बदले नियम :** गौरतलब है कि अप्रैल महीने में भी बाबा महाकाल मंदिर समिति ने नियमों में बदलाव किए थे। उनके मुताबिक, श्रद्धालुओं और मीडियाकर्मियों की नंदी हॉल में एंट्री पूरी तरह से बंद कर दी गई थी। समिति ने गर्भगृह में प्रवेश के लिए पुजारियों के लिए भी नियम बनाए थे। दरअसल, 25 मार्च की सुबह भस्म आरती में गुलाल के कारण गर्भगृह में आग लग गई थी। इस आग में 14 पुजारी आग की चपेट में आ गए थे। तब से मंदिर समिति और जिला प्रशासन महाकाल मंदिर की उत्तम व्यवस्था में जुट गया था।



### 3 लाख से ज्यादा भक्त

*बता दें, सावन के महीने में 3 लाख से ज्यादा भक्त रोज बाबा महाकाल के दर्शनों के लिए आते हैं। शनिवार और रविवार को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है। उज्जैन कलेक्ट नीरज कुमार ने कहा कि भक्तों की इतनी संख्या को देखते हुए दो दिन प्रॉटोकोल खत्म कर दिया गया है। इससे आम लोगों को फायदा होगा। फिलहाल प्रशासन सावन महीने को देखते हुए ये बदलाव कर रहा है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो आगे भी इसे लागू किया जा सकता है।*

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500-82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544 (रायपुर / 16 / जुलाई 24)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी बामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. मैं भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 08116592844

## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।


**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।


## शब्द पहेली - 5559



**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -5558 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5570

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |


MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5569 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

हरिभूमि
# सहेली



कवर स्टोरी / रेखा शाह आरबी

हंसते-बोलते प्यारे रिश्तों के बीच किसी गलतफहमी की वजह से खामोशी आ जाए, यह सही नहीं है। ईगो, जिद या फिर संकोच में भी हम आपस में बातचीत ना करके मन में खटास बैठाए रहें और रिश्तों में दूरी बना लें, यह भी उचित नहीं। हमें अपने रिश्ते ऐसे नहीं बिखरने देने चाहिए, बातचीत करके दूरियां खत्म कर रिश्तों को सहेजना चाहिए, इसी में सबकी खुशियां हैं।

## रिलेशनशिप में कभी ना आने दें खामोशी

पति-पत्नी के बीच का रिश्ता हो, दोस्ती का या फिर प्रेमी-प्रेमिका का रिश्ता, हर रिश्ता भरोसे और समझदारी पर टिका होता है। अगर किसी रिश्ते में गलतफहमी आ भी जाए तो उसे बातचीत से सुलझाया जाना चाहिए। लेकिन कुछ लोग बातचीत करने के बजाय खामोश रहना पसंद करते हैं, जिसका परिणाम यह होता है कि धीरे-धीरे रिश्ता खत्म हो जाता है। चाहे कितना भी करीबी रिश्ता हो, अगर एक बार रिश्ते में गांठ पड़ जाती है तो रिश्ते को बिखरने में देर नहीं लगती। इसे एक उदाहरण से समझ सकते हैं। नीता और सुनीता वर्षों से एक-दूसरे की अभिन्न सहेली थीं। एक-दूसरे के साथ हर दुख-सुख, हंसी-खुशी को साझा करती थीं। एक बार नीता ने सुनीता से कुछ आर्थिक मदद मांगी। सुनीता किसी कारण नीता की मदद नहीं कर पाई। नीता को लगा कि उसकी सहेली उसकी मदद कर सकती थी, लेकिन उसने जान-बूझकर ऐसा नहीं किया। यह बात नीता के मन में घर कर गई। हालांकि उसे इस संबंध में खुलकर सुनीता से कम से कम एक बार बात जरूर करनी चाहिए थी, लेकिन बात ना करने के कारण आखिरकार दोनों के रिश्तो के बीच खटास पड़ गई। दोनों ने आपस में बातचीत करना बंद कर दिया। निरंतर खामोश रहने से एक अच्छा-भला रिश्ता खत्म हो गया। इसीलिए जब बात अपनों की हो तो खुलकर बात कर लेनी चाहिए। किसी अपने को खोने से बेहतर है, बगैर किसी पूर्वाग्रह के उसके सामने अपना प्वाइंट ऑफ व्यू जरूर रख दें। रिश्तों में गलतफहमियां ना बढ़ें, इसके लिए यहां बताई जा रही कुछ बातों का ध्यान रखकर अपने रिश्ते सहेजे जा सकते हैं।



### ना खींचें लंबी खामोशी

कई बार हम झगड़ों और बहस से बचने के लिए रिश्तों में खामोशी धारण कर लेते हैं। इस तरह का व्यवहार रिश्तों को कमजोर करके उसे खत्म कर देता है, जबकि हमें करना यह चाहिए कि जिस किसी से गलतफहमी की वजह से खामोशी है, उससे सीधी, सरल भाषा में खुलकर बात करें। सामने वाले की शंकाओं को दूर करें और रिश्ते को खत्म होने से बचा लें।



### दूर करें संशय

यदि आपको अपना रिश्ता प्रिय है तो एक बार अपने संशय दूर करने का प्रयास जरूर करें। हो सकता है, अगला आपके प्रयास की प्रतीक्षा कर रहा हो या आप भी मन ही मन उसके प्रयास की प्रतीक्षा कर रहे हों। यह भी हो सकता है कि बात करने से आप उसकी बातों से पूर्ण रूप से सहमत ना हों और रिश्ता पहले जैसा नॉर्मल ना हो। लेकिन कम से कम एक-दूसरे के प्रति संशय तो नहीं रहेगा, असली वस्तुस्थिति से आप दोनों अवगत हो जाएंगे। क्या पता, बाद में रिश्ते फिर से बन जाएं।

### कभी तीसरे व्यक्ति को माध्यम ना बनाएं

कई बार हम जिससे नाराज होते हैं, उससे अपनी बातें स्वयं ना कहकर अपने दोस्तों से कहलवाते हैं। ऐसे में अकसर ऐसा होता है कि बात बनने के बजाय और बिगड़ जाती है। इसीलिए अपनी बात अपने किसी दोस्त या रिश्तेदार के माध्यम से कहने के बजाय स्वयं उस व्यक्ति के सामने रखें, जिससे आपकी नाराजगी है। किसी दूसरे के माध्यम से बात कहने में और भी गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। हम स्वयं अपनी बात जितने सीधे, सरल और प्रभावी तरीके से रख सकते हैं, दूसरा कोई व्यक्ति नहीं रख सकता है।

### सरल तरीके से कहें अपनी बातें

रिश्ता कोई भी हो, उसमें मौजूद गलतफहमी को दूर करने के लिए जब भी अपनी बातें कहें तो सीधे, सरल और सौम्य तरीके से कहें। ना कि बहुत ज्यादा घुमा-फिरा कर कहें। कभी-कभी ऐसा होता है कि जिससे हम मन में नाराज होते हैं, उसका थोड़ा-सा भी मजाक या उसकी घुमावदार बातें, ताने सी लगती हैं या हम गलत मतलब निकाल लेते हैं। इसीलिए जब तक रिश्ता नॉर्मल नहीं हो, तब तक ऐसे टोन और लहजे से बचें। कहने का मतलब है कि अपने रिश्तों को आसानी से खोने ना दें, इन्हें सहेज कर रखें। a

डाइट सजेशन / रिचा शर्मा
सीनियर डाइटिशियन, कैलाश हॉस्पिटल, एनसीआर

## बारिश के मौसम में डाइट का रखें ध्यान

बारिश के मौसम में बीमार होने की आशंका सबसे ज्यादा संक्रमित भोजन करने से होती है। ऐसे में बचाव के लिए जरूरी है कि इस दौरान अपनी डाइट को लेकर आप पूरी सावधानी बरतें।



बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। बारिश ने जहां भीषण गर्मी से लोगों को राहत दी है, वहीं इस मौसम में कई तरह की बीमारियों के होने की आशंका भी बढ़ जाती है। वजह, इस मौसम में हवा में नमी अधिक होती है, जो बैक्टीरिया के ग्रोथ के लिए सबसे अनुकूल वातावरण होता है। इसके अलावा बारिश में जल-जनित बीमारियां होने की भी आशंका अधिक रहती है। इनसे बचाव के लिए खान-पान पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है, जिससे आप बीमारियों से बच कर स्वस्थ रह सकती हैं। इस मौसम में क्या खाएं और किनसे परहेज करें, जानिए।

### क्या खाएं

- बारिश में जल-जनित बीमारियां, जैसे- कॉलरा, टाइफाइड, पीलिया होने की आशंका अधिक रहती है। इसलिए काफी देर से खुला रखा या बाजार में खुले में बिकने वाला पानी ना पिएं, कोशिश करें उबला पानी ही पिएं, गंदे स्थान पर लगे नल का पानी पीने से बचें।
- बेकरी प्रोडक्ट्स जैसे ब्रेड, बिस्कुट और केक आदि को खरीदने से पहले जांच लें, क्योंकि इस मौसम में फंगस भी बहुत तेजी से बढ़ते हैं। इसलिए एक्सपायरी डेट देखकर ही कोई फूड आइटम खरीदें।
- यह मौसम फूड आइटम्स में बैक्टीरिया के पनपने के लिए अनुकूल होता है। इससे बचाव के लिए खाने को उचित तापमान पर पकाएं। ऐसा खाना जल्दी संक्रमित नहीं होता है और इसे कुछ समय तक खराब होने से बचाया जा सकता है।
- फलों और सलाद के लिए सब्जियों को खाने से पहले अच्छी तरह पानी से कई बार धो लें।
- सब्जी को काटने से पहले दो-तीन बार पानी से धोकर ही उसके बाद पकाना चाहिए।



- कोशिश करें कि इस मौसम में ताजा खाना ही खाएं। खाना अगर कुछ देर पहले बना है और ठंडा हो गया है तो इसे दोबारा गरम कर ही खाना चाहिए। इससे बैक्टीरिया की संभावना खत्म हो जाती है। आमतौर पर लोग कुछ देर पहले बने खाने को गर्म नहीं करते हैं और यही संक्रमण का कारण बनता है।
- प्रोटीन रिच फूड, जैसे- मटन, चिकन, फिश, पनीर, चीज आदि के जल्दी खराब होने की आशंका रहती है। इन्हें पकाने के बाद देर तक ना रखें।
- खाना खाने से पूर्व साबुन से अच्छी तरह हाथ जरूर धोएं। a

प्रस्तुति:रिचा पांडे

### इनसे करें परहेज



- इस मौसम में कटे रखे हुए फल खाना बीमारियों को दावत देना है, इससे बचना चाहिए।
- सड़क किनारे खुले में बिकने वाले फूड्स नहीं खाने चाहिए, इससे संक्रमण फैल सकता है।
- ऐसी आइसक्रीम खाने से बचना चाहिए, जो उचित तापमान में ना रखी गई हो। इस तरह की आइसक्रीम से गले में संक्रमण होने की आशंका अधिक रहती है।
- इस मौसम में बाजार में बिकने वाला जूस नहीं पीना चाहिए, भले ही वह ताजा क्यों ना हो, यह बीमार कर सकता है।
- बारिश में हरी सब्जियों को खाने से बचना चाहिए।




ब्यूटी
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

एलोवेरा, हेल्थ के लिए ही नहीं ब्यूटी निखारने में भी हेल्पफुल होता है। खासतौर पर इसका जैल स्किन सेल्स को स्मूद, सॉफ्ट बनाता है। एलोवेरा किस तरह ब्यूटी निखारने में हेल्पफुल है, आप भी जानिए।

## सौंदर्य निखारे एलोवेरा

एलोवेरा, बगीचों में ही नहीं, लोगों के घरों में भी आसनी से देखने को मिल जाता है। यह गमलों में आसानी से उगाया जा सकता है। एलोवेरा के यूज से त्वचा और बालों की देखभाल काफी लाभदायक मानी जाती है। एलोवेरा के पौधे में नमी रोकने की भरपूर क्षमता होती है। यह पावरफुल नेचुरल मॉयश्चराइजर है। यह स्किन की डेड सेल्स को रिमूव कर स्किन को सॉफ्ट और ब्राइट बनाता है।

**एजिंग प्रोसेस को कम करे:** एलोवेरा एस्ट्रिंजेंट की तरह कार्य करता है और स्किन सेल्स को कसकर बांध देता है, जिससे समय से पूर्व झुर्रियां नहीं आतीं हैं और यह बुढ़ापे को रोकने में मददगार साबित होता है। साथ ही इसमें एंटी ऑक्सीडेंटिव गुण विद्यमान होते हैं, जो स्किन सेल्स के रिजुवेनेशन की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करते हैं। एलोवेरा के उत्पादों के लगातार प्रयोग से स्किन पर एजिंग इफेक्ट को कम करने में मदद मिलती है।



**ब्यूटी प्रोडक्ट्स में होता है यूज:** एलोवेरा ना केवल स्किन को हेल्दी बनाता है, इसकी नई कोशिकाओं के बनने में भी सहायक होता है। एलोवेरा को क्लींजर, मॉयश्चराइजर जैसे कई ब्यूटी प्रोडक्ट्स में मुख्य घटक के रूप में प्रयोग किया जाता है।

**सूजन करे दूर:** एलोवेरा का जूस सूजी हुई नसों के उपचार में भी मददगार साबित होता है। यह त्वचा में घाव, संक्रमण आदि के उपचार में प्रभावी साबित होता है। एलोवेरा में विद्यमान जिंक, एंटी इनफ्लेमेटरी का कार्य करता है, इससे त्वचा की सूजन दूर होती है।



**बहुत यूजफुज है जैल:** एलोवेरा जैल या जूस को त्वचा पर सीधा अप्लाई किया जा सकता है। प्रयोग करने में पहले पत्तियों को अच्छे से धो लेना चाहिए। एलोवेरा जूस या जैल को प्रतिदिन चेहरे पर 20 मिनट तक लगाकर साफ ताजे पानी से धोना फायदेमंद होता है। यह त्वचा को मुलायम और नम बनाए रखने में मदद करता है। अगर इसका नियमित रूप से सेवन किया जाए तो यह त्वचा को सॉफ्ट और यंग दिखाने में मददगार साबित होता है। यह त्वचा को तैलीय बनाए बगैर उसमें नमी को बनाए रखने में मदद करता है।

**फेस मास्क के रूप में:** एलोवेरा को फेस मास्क के रूप में भी उपयोग में लाया जा सकता है। एक चम्मच जई या मुल्तानी मिट्टी, एक चम्मच संतरे की छाल का पावडर, दही और एक चम्मच एलोवेरा जैल मिलाकर इस मिश्रण को त्वचा पर 30 मिनट तक लगाकर छोड़ दें। फिर त्वचा को धो डालें। चेहरे पर नया निखार दिखेगा।

**हेयर केयर:** एलोवेरा बालों की हेल्थ के लिए भी बहुत फायदेमंद है। एलोवेरा जैल को बालों पर अच्छी तरह से लगाएं और 20 मिनट के बाद इसे धो लें। इससे बाल मजबूत, मुलायम और चमकीले बनते हैं। a

मेकअप / निधि गोयल


सीजन बदलने के साथ हमारी लाइफस्टाइल में काफी कुछ बदल जाता है। अब जैसे बरसात शुरू हो गई तो अन्य बातों के साथ ही आपको मेकअप स्टाइल में भी चेंज कर लेना चाहिए। आपके लिए कुछ यूजफुल टिप्स।


## रेनी सीजन मेकअप स्टाइल आप दिखेंगी अट्रैक्टिव

बरसात के मौसम में मेकअप करने के बाद सबसे बड़ा टास्क होता है उसको टिकाए रखना। दरअसल, आप मेकअप तो अच्छे से कर लेती हैं लेकिन जैसे ही घर से बाहर निकलती हैं तो वातावरण की नमी के कारण आपको पसीना आने लगता है। पसीने के कारण आपका मेकअप खराब होने लगता है। ऐसे में जरूरी है कि आप कुछ ऐसी बातों का ध्यान रखें, जिससे आपका मेकअप खराब नहीं हो।

**ऐसे करें बेस तैयार:** लॉन्ग लास्टिंग मेकअप के लिए आपको चेहरे पर सबसे पहले अच्छा बेस बनाएं। अगर आप लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल करती हैं तो ध्यान रखें कि ऑयल फ्री फाउंडेशन का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे आपके चेहरे पर अलग सा चिपचिपापन नजर आएगा। बरसात के मौसम में बीबी क्रीम का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे चेहरे पर एक बेस बन जाता है। यह पसीने के कारण बहती नहीं है।

**कंसीलर का इस्तेमाल:** मेकअप के दौरान महिलाएं कंसीलर का इस्तेमाल चेहरे से दाग-धब्बों को छिपाने के लिए करती हैं। ध्यान रखें कि इस मौसम में आप क्रेयॉन कंसीलर का इस्तेमाल करें। यह वाटरप्रूफ होता है और पसीना आने पर भी जल्दी हटता नहीं है।





**आंखों को बनाएं अट्रैक्टिव:** चेहरे का पूरा मेकअप, काफी हद तक आंखों पर टिका होता है। इस सीजन में वाटरप्रूफ काजल ही लगाएं। इससे आपका काजल फैलेगा नहीं और आंखें भी बेहद आकर्षक नजर आएंगी।

**आईशैडो:** आंखों का मेकअप आईशैडो के बिना सूना नजर आता है। इस सीजन में आप आंखों पर लाइट कलर के वाटरप्रूफ आईशैडो, जैसे- पिंक, पीच, सी ग्रीन, लाइट ब्ल्यू आदि का इस्तेमाल करें। ग्लिटर आईशैडो से बचें, क्योंकि ये ग्लिटर नमी के कारण बह सकती है, इससे आपका लुक बिगड़ सकता है।

**वाटरप्रूफ मस्कारा:** आप पलकों पर वाटरप्रूफ मस्कारा ही इस्तेमाल करें। मस्कारा लगाने पर आपकी आंखें बेहद सुंदर नजर आएंगी। मस्कारा में कई कलर्स अवेलेबल हैं।



**ऐसे अप्लाई करें लिपस्टिक:** लिपस्टिक में आप अपनी पसंद का कोई भी कलर लगा सकती हैं। बस ध्यान रखें कि वह आप पर सूट करती हो। आप थोड़े ब्राइट कलर के वाटरप्रूफ लिपस्टिक यूज कर सकती हैं। a

(मेकअप आर्टिस्ट साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)



# भारत का '10 का दम', महिला टीम ने टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया




एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एकमात्र टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को सोमवार को चौथे और आखिरी दिन दस विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 373 रन पर आउट करने के बाद भारत को जीत के लिए 37 रन का आसान लक्ष्य मिला जो मेजबान ने बिना कोई विकेट गंवाए 9.2 ओवर में हासिल कर लिया। भारत ने पहली पारी छह विकेट पर 603 रन पर घोषित की थी। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज शुभा सतीश ने नाबाद 13 और शेफाली वर्मा ने नाबाद 24 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने इससे पहले 2002 में पार्ल में भी दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराया था।

### वोल्वार्ट तीनों प्रारूप में शतक जड़ने वाली पहली महिला

*पहली पारी में 266 रन पर आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन किया। लौरा वोल्वार्ट ने 314 गेंद में 122 और सुने लुस ने 203 गेंद में 109 रन बनाए। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 232 रन से आगे खेलते हुए वोल्वार्ट और मरियाने काप ने रन बनाना जारी रखा। वोल्वार्ट ने अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा और एक ही साल में टेस्ट, वनडे तथा टी20 में शतक बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गई। वोल्वार्ट 122 के स्कोर पर राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर पगबाधा आउट हुई। दक्षिण अफ्रीका ने 300 रन का आंकड़ा पार किया जो भारत के खिलाफ उसका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है।*

## खबर संक्षेप


### वर्तमान में रहें और खुले दिमाग से खेलें

**चंडीगढ़।** भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा को बखूबी पता है कि शीर्ष स्तर पर दबाव का सामना कैसे करना है और उन्होंने पेरिस ओलंपिक जा रहे भारतीय खिलाड़ियों को वर्तमान में रहने और खुले दिमाग से खेलने की सलाह दी। बीजिंग ओलंपिक 2008 में पुरुषों की 10 मीटर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण जीतने वाले बिंद्रा ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों को ओलंपिक में बिताए समय का पूरा लुत्फ उठाना चाहिए।



### आडवाणी की नजरें खिताबी हैट्रिक पर

**रियाद।** भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी मंगलवार से यहां शुरू होने वाली एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में खिताब की हैट्रिक पूरा करने के लक्ष्य के साथ भाग लेंगे। इस चार दिवसीय टूर्नामेंट में एशिया से शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमें आडवाणी के अलावा सौरव कोठारी और ध्रुव सितवाला भी भारतीय चुनौती को पेश करेंगे। आडवाणी ने 2005 के बाद से नौ एशियाई बिलियर्ड्स खिताब जीते हैं। वह इसके पिछले दो आयोजनों के चैंपियन है।



### लक्ष्य को लय हासिल करने का भरोसा

**कैलगरी।** पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का कर चुके भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे कनाडा ओपन में अपने अभियान को शुरू करेंगे तो उनकी कोशिश लय में वापसी के साथ पिछले एक साल के खिताबी सूखे को खत्म करने की होगी। सेन विश्व रैंकिंग में 14 स्थान पर फिसल गये हैं और बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 स्तर की इस प्रतियोगिता में उन्हें चौथी वरीयता मिली है। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों में वह यहां चुनौती पेश करने वाले इकलौते भारतीय है।

## यूरो 2024 : क्वार्टर फाइनल में स्पेन का जर्मनी से होगा सामना

# स्पेन ने जॉर्जिया को 4-1 से रौंदा, पुर्तगाल को हराने वाली टीम का अभियान खत्म

एजेंसी ▶▶| कोलोन

शुरुआती आत्मघाती गोल से उबरते हुए स्पेन ने जॉर्जिया को 4-1 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्पेन के रॉबिन ले नोरमांड ने 18वें मिनट में आत्मघाती गोल करके जॉर्जिया को बढ़त दे दी थी। इसके बाद रौड्री और फेबियन रूई ने गोल करके स्पेन को मैच में लौटाया। निको विलियम्स और डानी ओल्मो ने बाकी दो गोल किए। स्पेन का सामना शुक्रवार को स्टटगार्ट में क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी से होगा। इस हार के साथ ही जॉर्जिया के स्वर्णिम अभियान पर रोक लग गई जिसने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम को 2-0 से हराया था।

### बेलिंगम के गोल से जीता इंग्लैंड

गेलसेनकिरचेन। जूड बेलिंगम के बेहतरीन गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। एक समय पर लग रहा था कि इंग्लैड यूरो चैंपियनशिप के सबसे बड़े उलटफेर का शिकार हो जाएगा जब स्लोवाकिया स्टॉपेज टाइम तक इवान शरांज के गोल के दम पर 1-0 से आगे चल रहा था। बेलिंगम ने हालांकि अतिरिक्त समय में बराबरी का गोल दागा और हैरी केन ने विजयी गोल करके 1966 के बाद पहला बड़ा खिताब जीतने की इंग्लैंड की उम्मीदों को कायम रखा।



### क्वार्टर फाइनल में पहुंचा इक्वाडोर

*ग्लेनडेल। इक्वाडोर ने स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी शॉट बचाया और मैक्सिको से गोलरहित ड्रॉ के बाद उसने कोपा अमेरिका फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। मैक्सिको ने दूसरे हाफ में कई हमले किए जिन्हें इक्वाडोर ने बचाया। अब इक्पाडोर का सामना गुरुवार को ग्रुप ए की विजेता अर्जेंटीना से होगा। मैक्सिको चौथी बार ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सका है। दो साल पहले कतर में विश्व कप से टीम पहले ही दौर में बाहर हो गई थी।*

### वेनेजुएला ने जमैका को हराया

*आस्टिन। एडुअर्ड बेलो के गोल के दम पर वेनेजुएला ने कोपा अमेरिका फुटबॉल के ग्रुप बी के मैच में जमैका को 3-0 से हराया। वेनेजुएला ने ग्रुप चरण के तीनों मुकाबले जीत लिए हैं। टीम कोच फर्नांडो बतिस्ता के बिना खेल रही थी जिन्हें मैक्सिको के खिलाफ मैच में टीम के मैदान पर देर से आने के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है। ग्रुप में शीर्ष पर रहने के कारण अब वेनेजुएला को क्वार्टर फाइनल में गत चैंपियन अर्जेंटीना से नहीं खेलना होगा। अब उसका सामना ग्रुप ए की दूसरे नंबर की टीम कनाडा से होगा। वेनेजुएला के लिए बेलो ने पहला, सालोमन रोंडन ने दूसरा और एरिक रामिरेज ने तीसरा गोल किया।*

# नीरज पेरिस डायमंड लीग से हटे : रिपोर्ट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में असहजता के कारण रविवार को होने वाली पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लेंगे। ईएसपीएन से बातचीत में चोपड़ा ने कहा कि वह ट्रेनिंग और थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले अपने पैर को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

नीरज ने कहा, 'मुझे थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले पैर को मजबूत करना होगा क्योंकि उसी समय ग्रोइन में खिंचाव आता है। हम इस पर काम कर रहे हैं। मैं कुछ और टूर्नामेंट खेल सकता था और खेलना भी चाहता था। लेकिन मुझे लगा कि स्वास्थ्य सर्वोपरि है। थोड़ी भी असहजता महसूस होने पर रूक जाना ही ठीक है।' पिछले महीने फिनलैंड में पावो नुरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि वह अब समझदार हो गए हैं और जोखिम नहीं लेते।

# योग एशियाई खेलों में शामिल ओसीए से मंजूरी मिलनी बाकी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा ने सोमवार को कहा कि एशियाई ओलंपिक परिषद के कार्यकारी बोर्ड ने योग को एशियाई खेलों में शामिल करने पर सहमति जताई है और ओसीए की आमसभा से मंजूरी मिलने पर इसे खेलों में स्थान मिल जाएगा। उषा ने कहा कि ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह ने उन्हें ईबी के फैसले के बारे में बताया।

उषा ने कहा, 'मुझे खुशी है कि ओसीए के कार्यकारी बोर्ड ने भारत के अनुरोध पर योग को वह मान्यता देने पर मंजूरी जताई है जिसका वह हकदार है। अब यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए आमसभा की खेल समिति के पास जाएगा।' आईओए सूत्र ने बताया, 'यह पदक का खेल होगा या नुमाइशी, इसका फैसला ओसीए की आमसभा लेगी। यह पहला कदम है। लेकिन योग की विश्व भर में लोकप्रियता को देखते हुए आईओए को उम्मीद है कि इसे भविष्य में पदक खेल बनाया जाएगा।'

### प्रज्ञानानंदा को वेस्ली सो ने बराबरी पर रोका

**बुकारेस्ट।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में एक बार फिर शानदार स्थिति में होने बावजूद अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने में नाकाम रहे और यह मुकाबला ड्रॉ पर छूटा। इस दौरान दिन के पांचों मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए। अमेरिका के फैबियानो कारूआना 3.5 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश और प्रज्ञानानंदा उनसे आधा अंक पीछे संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

ई-निविदा आमंत्रण
कार्यालय-मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/सचिव
जिला स्वास्थ्य समिति छिंदवाड़ा

निविदा सूचना का क्रमांक/एनएचएम/2024/7594,वर्ष 2024-25 छिंदवाड़ा, दिनांक 26/06/24

जिला स्वास्थ्य समिति छिंदवाड़ा के द्वारा जिले के 11 विकासखण्डों एवं जिला कार्यालय छिंदवाड़ा में वाहनो की उपलब्धता हेतु मोबिलिटी वाहनो के लिए ऐजेन्सी चयन हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में ई - निविदा www.mptenders.gov.in पर जारी किये जाने की सूचना प्रकाशन

| क्र. | निविदा का प्रकार | निविदा जारी दिनांक | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 मोबिलिटी वाहन व्यस्था | 29.06.2024 | 18.07.2024 |


इच्छुक व्यक्ति / फर्म / कंपनी निविदा की शर्ते निविदा जमा करने, निविदा खोलने एवं अमानत राशि से संबंधित समस्त जानकारी आनलाईन ई - निविदा के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त की जा सकती है।

नोट :- कोई भी शुध्दपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर ही अपलोड किया जावेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।

आदेशानुसार
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/
सचिव जिला स्वास्थ्य समिति
जिला छिंदवाडा

G-12695/24

ॐ Shanti
In Loving Memory of



02.07.1966 06.05.2023

Smt. Reshma Harbaksh Singh
On her Birthday 2nd July

What is one of the biggest gifts of life if not to know that there is someone who would fight the world for you & say things you are unable to. They silently give you shade from so high above that you don't even realise where it's coming from.
Maa, you were born to be that island of relief and protection for so many. We personally feel it more and more as we grow to be stronger like you, for ourselves and others too.
We love you so much that one's chest burst !
Love you forever and beyond !
In Remembrance
Sons: Vikkramaditya Singh, Singeshwar Singh & family
Mobile : 8104712288, 7738109926

## चार खिलाड़ियों का प्रारूप, खेले जाते हैं 20-20 मिनट के चार गेम

# आनंद ने 10वीं बार जीता लियोन मास्टर्स का खिताब

एजेंसी ▶▶| लियोन

पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद लियोन मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के जैमे सैंटोस लटासा को 3-1 से हराकर यहां दसवीं बार चैंपियन बने। आनंद ने 28 साल पहले 1996 में यहां अपना पहला खिताब जीता था। इस प्रारूप में चार खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें आनंद और उनके हमवतन अर्जुन एरिगैसी के अलावा बुल्गारिया के वेसेलिन टोपालोव और लटासा शामिल थे।

इस टूर्नामेंट में 20-20 मिनट के चार गेम खेले जाते हैं जिसमें हर चाल के बाद खिलाड़ियों को अगली चाल चलने के लिए 10 सेकंड अधिक मिलते हैं। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज अर्जुन को दूसरे सेमीफाइनल में लटासा ने 2.5-1.5 के स्कोर से हराकर उलटफेर किया था। इससे पहले शुरुआती सेमीफाइनल में टोपालोव के खिलाफ आनंद ने तीसरे गेम में जीत दर्ज की जबकि तीन और गेम बराबरी पर छूटे। भारतीय दिग्गज ने 2.5-1.5 से जीत के साथ फाइनल में जगह पक्की की थी।



### विश्व चैंपियनशिप : भारत को नहीं मिली मेजबानी

नई दिल्ली। भारत के शतरंज स्टार डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच 2024 विश्व चैंपियनशिप मुकाबले की मेजबानी सिंगापुर करेगा। फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इसके मायने हैं कि गुकेश दिल्ली या चेन्नई में यह मुकाबला नहीं खेल सकेंगे चूंकि भारत के ये दोनों शहर सिंगापुर से पिछड़ गए। ढाई मिलियन डॉलर (लगभग 21 करोड़ रुपए) पुरस्कार राशि वाला यह मुकाबला 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच होगा। तमिलनाडु सरकार और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ ने विश्व शतरंज संस्था फिडे को मेजबाजी अलग-अलग बोलियां सौंपी थीं। फिडे ने कहा, 'सिंगापुर सरकार से समर्थन के साथ सिंगापुर शतरंज महासंघ ने फिडे विश्व चैंपियनशिप मैच 2024 की मेजबानी हासिल की है।'

कार्यालय नगर पालिक निगम
छिंदवाड़ा (म.प्र.)
MUNICIPAL CORPORATION CHHINDWARA

Add.- In front of shukla ground, guraiya road ward no. 39, Chhindwara (M.P.) 480001
Tel.- 07162-222346
E-mail- commchhindwara@mpurban.gov

क्रमांक/1719/स्व.भा.मि./न.पा.नि/2024 ।। निविदा आमंत्रण।। छिंदवाड़ा, दिनांक - 28/06/2024

नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा द्वारा अपशिष्ट के प्रसंस्करण एवं निष्पादन हेतु गट्टा मशीन क्रय किये जाने हेतु प्रतिष्ठित निर्माता या वितरक से निविदा में दिए गए शर्तो के अधीन सक्षम एवं पात्र निविदाकारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | विवरण | अनुमानित लागत राशि रू. | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र शुल्क रू. | निविदाकार की श्रेणी | कार्यपूर्ण करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्थापना के साथ 01 नग गट्टा मशीन की खरीद, 1-वर्ष का रखरखाव | 7,10,000/- | 7,100/- | 2,000/- | प्रतिष्ठित निर्माता या वितरक | कार्यादेश दिनांक से 20 दिवस तक |

1. इच्छुक निविदाकार निविदा और अन्य दस्तावेजों को नगरीय प्रशासन और विकास विभाग की वेबसाईड https://www.mptenders.gov.in में Organisation Chain Directorate Urban Administration and Development II Muncipal Corporations- UADII Muncipal Corporation- Chhindwara-UAD II Engineering (PWD) Deptt.- MC Chhindwara- UAD पर देख सकते है।
2. निविदा फार्म ऑन लाईन खरीदने की दिनांक 29/06/2024 समय 10:30 बजे से दिनांक **13/07/2024** तक 17:30 तक है।
3. निविदा ऑन लाईन जमा करने की दिनांक 03/07/2024 समय 10:30 से दिनांक 13/07/2024 समय 17:30 तक है। निविदा फार्म खोलने की दिनांक 15/07/2024 समय 11:30 तक है। 4. निविदा में संशोधन केवल वेबसाईट पर देख सकते है अखबारों में इसका प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
5. अमानत राशि ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। 6- GST अतिरिक्त देय होगा।

आयुक्त नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा (म.प्र.)




## स्वयं को बचाने के लिए दूसरों के ऊपर फोड़ रहे हैं ठीकरा

# मेडिकल विश्वविद्यालय में हड़कंप की स्थिति

**आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में नर्सिंग घोटाले की जांच को लेकर, अधिकारी एक दूसरे के ऊपर ठीकरा फोड़ रहे हैं। छोटे अधिकारियों को मोहरा बनाया जा रहा है, जिसके कारण अब विश्वविद्यालय में खुलकर विद्रोह की स्थिति देखने को मिल रही है।**

**जबलपुर।** विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा उप कुलसचिव ज्योति अरोरा को पत्र क्रमांक 2689/2024 दिनांक 10 जून द्वारा मलय कॉलेज नर्सिंग महाविद्यालय की संवद्धता से संबंधित समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों पर स्पष्टीकरण मांगा गया है।विश्वविद्यालय के कुल सचिव द्वारा यह पत्र जारी किया गया है। जिसमें मलय कॉलेज नर्सिंग महाविद्यालय की सत्र 2020-21 की संब्धता के संबंध में जो समाचार प्रकाशित हुए हैं। उसके बारे में बिंदुवार स्पष्टीकरण मांगा है।

पत्र में यह भी पूछा गया है, उपरोक्त महाविद्यालय को एमपी एनआरसी की मान्यता प्राप्त है, या नहीं। विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय का निरीक्षण कराया गया था,या नहीं। यदि कराया गया था, तो निरीक्षण प्रतिवेदन क्या था। प्रकरण कब-कब कार्य परिषद में रखा गया।प्रकरण विद्या परिषद की स्थाई समिति में रखा गया था, या नहीं। निरीक्षण के दौरान जो कमियां थी।उसकी पूर्ति के लिए विश्वविद्यालय द्वारा क्या कोई पत्र जारी किया गया था।जो कमियां थी, क्या उनकी पूर्ति हो गई।

कुल सचिव ने,उप कुलसचिव को 10 जून को नोटिस जारी कर,12 जून तक जानकारी देने के लिए कहा था ।12 बिंदुओं में यह जानकारी उपसचिव ज्योति अरोरा को देनी थी।



विश्वविद्यालय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस पत्र के बाद से विश्वविद्यालय के अधिकारियों,कुलपति, कुल सचिव के बीच में संग्राम छिड़ गया है। वर्तमान कुलसचिव और कुलपति तथा पूर्व के कुलपति भी जाँच के दायरे में है। वर्तमान कुलपति और कुल सचिव इसका ठीकरा पहले वाले कुलसचिव और कुलपति पर फोड़ना चाहते हैं।स्वयं को बचाने के लिए अधीनस्थ कर्मचारियों पर ठीकरा फोड़ने की कोशिश के कारण अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों में भारी नाराजी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व कुल सचिव और पूर्व कुलपति और अन्य अधिकारियों को भी नोटिस भेजे गए हैं।

श्रीमती ज्योति अरोरा ने अपने जवाब में बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया दी है। रजिस्टार डॉक्टर बघेल द्वारा उनके लिए लापरवाही शब्द का प्रयोग किया गया है। इसका जवाब देते हुए उन्होंने अपने पत्र में लिखा है, कि उन्हें अनुशंसा करने का कोई अधिकार नहीं था। उनके पास जो जानकारी आई थी।उसको कुलसचिव के पास प्रस्तुत किया गया है। विभाग प्रमुख रजिस्टार हैं। उनकी अनुमति से बैठक में दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते हैं।कार्य परिषद और विद्या परिषद की बैठक में कौन सा विषय रखा जाना है।यह भी कुल सचिव के अधिकार क्षेत्र में है। तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री, विश्वास सारंग की अध्यक्षता में आयोजित कार्य परिषद की बैठक मैं कॉलेजों को संब्धता देने का निर्णय लिया गया। बैठक में कुल सचिव स्वयं मौजूद थे। उन्हीं के हवाले से समाचार प्रकाशित हो रहे हैं। अब अधीनस्थ कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। डिप्टी रजिस्ट्रार ज्योति अरोरा ने अपने जवाब की एक प्रति चिकित्सा शिक्षा संचालनालय को भी प्रेषित की है। पिछले कई महीनो से नर्सिंग घोटाले को लेकर हाईकोर्ट, सीबीआई और शासन स्तर पर जो जांच चल रही है। उसके बाद से मेडिकल विश्वविद्यालय में हड़कंप की स्थिति मची हुई है। अब छोटे अधिकारियों और कर्मचारियों को मोहरा बनाया जा रहा है।जिसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हो रही है। शासन स्तर पर मुख्यमंत्री नर्सिंग घोटाले को लेकर बहुत नाराज है। विपक्ष भी सदन के अंदर नर्सिंग घोटाले को लेकर सरकार को घेर रहा है। 2 जुलाई को नर्सिंग और नीट मामले में विधानसभा में चर्चा होने जा रही है। जिसको लेकर जबलपुर से भोपाल तक हड़कम्प मचा हुआ है।

अवैध कब्जाधारियों को खुर्द-बुर्द न करने की ताकीद

## अदालत ने मकान बेचने व किराये पर देने पर लगाई रोक

**जबलपुर।** व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड ने एक वाद पर सुनवाई करते हुए राहतकारी अंतरिम आदेश पारित किया। इसके अंतर्गत अवैध कब्जाधारियों को संपत्ति खुर्द-बुर्द न करने की ताकीद दी गई है। अदालत ने मकान बेचने व किराये पर दिए जाने की प्रक्रिया प्रतिबंधित कर दी है। यह मामला वादी जबलपुर निवासी चंद्रभान हल्दकार द्वारा रामनारायण दुबे, शिवप्रसाद दुबे, दिलीप दुबे, शिवम दुबे के विरूद्ध प्रस्तुत किया है। वादी की ओर से अधिवक्ता विकास गुप्ता ने दलील दी कि मौजा सालीवाड़ा नं खम्हरिया, तहसील व जिला जबलपुर में स्थित खसरा नंबर 89/25 का रकबा 0.290 हेक्टेयर में से रकबा 17.5 गुणित 60 बराबर 1050 वर्गफुट खुला भू-खंड, जो कि चंद्रभान द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र 27 दिसंबर, 2013 कर मकान निर्मित किया गया था। उस पर रामनारायण दुबे, शिवप्रसाद दुबे, दिलीप दुबे, शिवम दुबे द्वारा ताला तोड़कर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। चंद्रभान द्वारा अदालत के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र पर प्रारंभिक सुनवाई के आद अदालत ने चंद्रभान का आवेदन पत्र स्वीकार कर रामनारायण दुबे, शिवप्रसाद दुबे, दिलीप दुबे, शिवम दुबे को निर्देशित किया कि प्रकरण अंतिम निराकरण तक वादग्रस्त संपत्ति का न तो विक्रय अनुबंध कर विक्रय करेंगे और न ही वादग्रस्त संपत्ति किराये पर देंगे।

कर्मचारी चयन मंडल ने शिकायत निराकरण के लिए मांगी मोहलत

## उच्च माध्यमिक शिक्षक चयन नियुक्ति मामले में सुनवाई एक सप्ताह बढ़ी

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने उच्च माध्यमिक शिक्षक चयन-2023 के तहत होने वाली नियुक्तियों के मामले में सुनवाई एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। इस प्रकरण की प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने नियुक्तियों को विचाराधीन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन करने की अंतरिम व्यवस्था देते हुए एक जुलाई को अगली सुनवाई निर्धारित की थी। सोमवार को सुनवाई के दौरान कर्मचारी चयन मंडल के अधिवक्ता ने शिकायतों के निराकरण के लिए मोहलत दिए जाने की प्रार्थना की। इस निवेदन को हाई कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

उल्लेखनीय है कि विगत सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कर्मचारी चयन मंडल के अधिवक्ता को एक्सपर्ट कमेटी से राय लेकर जवाब पेश करने कहा था। यह मामला झाबुआ निवासी रवींद्र सिंह की याचिका से संबंधित है। जिनकी ओर से अधिवक्ता अभिषेक दिलराज व धीरज तिवारी पैरवी कर रहे हैं। उन्होंने दलील दी कि कि कर्मचारी चयन मंडल द्वारा उच्च माध्यमिक चयन परीक्षा 2023 में परीक्षा के बाद आपत्तियां बुलाई गईं। इनका निराकरण सितम्बर माह में करके फरवरी 2024 रिजल्ट जारी किया। इतिहास विषय में 100 अंकों के प्रश्न पत्र में 11 प्रश्न डिलीट कर दिए गये व पूर्णांक 89 कर रिजल्ट जारी किया गया। याचिकाकर्ता द्वारा सही प्रश्न क्रमांक 42 व 60 पर आपत्ति दर्ज कराई गई, जिन्हें बोर्ड द्वारा प्रश्न की संरचना गलत बता कर डिलीट कर दिया गया। याचिकाकर्ता को 78.65 अंक प्राप्त हुए हैं और वेटिंग में उसका तीसरा स्थान है। दो सही प्रश्न डिलीट होने से उसके समान अंक वाले अभ्यर्थी का चयन हुआ है।

अंधूमख बाईपास रोड पर दर्दनाक हादसा

# सड़क दुर्घटना में 1 की मौत, 5 घायल



**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत अंधमूक बाईपास ओवर ब्रिज के निकट कल देर रात एक तेज रफ्तार कार अज्ञात वाहन से टकरा गई। इस हादसे में घनौरा सिवनी निवासी एक परिवार के 5 लोग घायल हो गए, जबकि एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। घायलों को उपचार के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।


गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार घनौरा सिवनी निवासी 58 वर्षीय मनोहर सिंह अपनी पत्नी शारदा सिंह, भाई रज्जू सिंह, पत्नी उमा सिंह, बेटी दीक्षा सिंह, और खुशी सिंह आर्टिका कार क्रमांक एमपी 09 सी डब्ल्यू 8581 से सपरिवार मैहर जा रहे थे। कार तेज रफ्तार में थी जो एक अज्ञात वाहन से टकराकर पलट गई। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। इस हादसे में 58 वर्षीय मनोहर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी शारदा सिंह सहित परिवार के अन्य सदस्य रज्जू सिंह, उमा सिंह, दीक्षा और खुशी गंभीर रुप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मर्ग कायम कर पुलिस मामलें की जांच कर रही है।

## यूनिपोल होर्डिंग जांच करने महापौर को ज्ञापन आज

**जबलपुर।** निर्धारित टेंडर समय सीमा खत्म होने को 20 माह होने के बावजूद भी यूनिपोल होर्डिंग हटाए नहीं गए। निजी भवनों तथा अन्य जगहों पर लगे सभी होर्डिंग यूनिपोल की जांच हो। इस संबंध में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी 2 जुलाई को दोपहर 12 बजे महापौर तथा आयुक्त नगर निगम को ज्ञापन सौपेंगे। डॉ.पीजी नाजपांडे, उमेश दुबे, जीपी विश्वकर्मा, सुभाष चंद्रा, आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

## इंजीनियरों और कार्मिकों ने दिखाया कमाल

# सिंगाजी यूनिट ने बनाया लगातार 200 दिन विद्युत उत्पादन का रिकार्ड



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया (एसएसटीपीपी खंडवा) के अभियंताओं व कार्मिकों ने एक बार फिर कमाल दिखाते हुए 660 मेगावाट स्थापित क्षमता की यूनिट नंबर 3 को 200 दिन तक संचालित करने में सफलता हासिल की है। यह यूनिट 12 दिसंबर 2023 से बिना रूके हुए लगातार विद्युत उत्पादन कर रही है। 18 नवम्बर 2018 को इस यूनिट ने कॉमर्शियल विद्युत उत्पादन प्रारंभ किया था और तब से यह अभी तक का सर्वश्रेष्ठ सतत विद्युत उत्पादन का नया कीर्तिमान है। यह विद्युत अभियंताओं के समर्पण, कड़ी मेहनत व प्रतिबद्धता के कारण संभव हो पाया। उनके प्रयास के कारण मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी प्रदेश में बिजली की आपूर्ति को विश्वसनीय बनाने में योगदान दे पायी है।

सभी मापदंड में सफल हुई यूनिट नंबर 3-660मेगावाट की यूनिट ने जब 200 दिन सतत विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान अर्जित किया तब इसने विद्युत उत्पादन के स्थापित विभिन्न मापदंड को पूर्ण करने में सफलता पायी। यूनिट नंबर 3 ने 90.92 फीसदी प्लांट उपलब्धता फेक्टर (पीएएफ), 83.6 फीसदी प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) व 5.29 फीसदी ऑक्जलरी कंजम्पशन की उपलब्धि हासिल की।

टीम एसएसटीपीपी को ऊर्जा मंत्री व अपर मुख्य सचिव ने दी बधाई-मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा मनु श्रीवास्तव व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के यूनिट नंबर 3 के अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता से सभी को गर्व महसूस हो रहा है। यूनिट नंबर के अभियंताओं व कार्मिकों ने मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रदर्शन सुधार अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि टीम एसएसटीपीपी उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना जारी रखेगी। पावर जनरेटिंग कंपनी एसएसटीपीपी से इससे और अधिक योगदान देखने के लिए तत्पर है।

# बढ़े बिल से उपभोक्ता हो रहे हैं परेशान

### गर्मी में बिजली का उपभोग 40 फीसदी तक बढ़ा

**जबलपुर।** जून माह में नागरिकों के घरों में बिजली बिल पहुंचने के बाद शिकायतें भी बढ़ गई है। ज्यादातर उपभोक्ता बिजली कंपनी पर अधिक बिल भेजने की शिकायत कर रहे हैं। उपभोक्ताओं को संदेह है कि बिजली कंपनी ने टैरिफ दरें बढ़ा दी है या फिर गलती से ज्यादा बिल जारी किए हैं। हालांकि बिजली कंपनी इसे लंबे चले गर्मी के मौसम और बढ़ी हुई खपत का असर बता रही है। जून माह में लोगों के घरों में पहुंचे बिजली बिल आम तौर पर हर माह में आने वाले बिल से डेढ़ से दो गुना है। तमाम छोटे-बड़े उपभोक्ता इस बारे में शिकायत कर रहे हैं। बिलों में सुधार के आवेदन भी लगातार बिजली कंपनी के जोनों पर पहुंच रहे हैं। हालांकि, जोनों से बिल सुधार के अधिकार छिन लिए हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं के बिलों में सुधार भी नहीं हो रहा। बिजली कंपनी के अनुसार बीते अप्रैल से जून तक लगातार शहर में तेज गर्मी का प्रभाव रहा।



बिजली कंपनी के के अधिकारियों के अनुसार देखा जाए तो बिजली की मांग में औसत वृद्धि 30 से 40 प्रतिशत हुई है। जबकि पहले अनुमान लगाया जा रहा था कि गर्मियों में बिजली खपत में 10 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। हालांकि, इस अनुमान से कहीं ज्यादा वृद्धि दर्ज हुई। बिजली कंपनी के अनुसार जून माह में जारी हुए बिजली के बिल मई माह की खपत के हैं। मई माह बिजली खपत के लिहाज से सबसे ज्यादा मांग वाला महीना था। तेज गर्मी के कारण लोगों के यहां बिजली का उपभोग 30 से 40 प्रतिशत बढ़ा। उस माह के बिल अब लोगों को मिले हैं, तो उन्हें बढ़ी खपत के कारण राशि भी ज्यादा लग रही है। बिजली कंपनी के अनुसार उपभोक्ता अपने मीटर में खपत जांच लें। अगर, बिल की रीडिंग से असल मीटर रीडिंग अलग है, तो वो इस बारे में शिकायत कर सकता है। देखा जा रहा है कि इस साल लंबी गर्मियां चलने और अधिक तापमान लगातार रहने से खपत बढ़ी है। बाजार से रिकॉर्ड एयर कंडीशन बिकने की खबरें भी आई हैं। ऐसे में बढ़ी राशि के बिल आना स्वभाविक है।

### अगले माह भी बिल बढ़ेगा

जून माह के आखिर में शहर में बरसात का असर देखने को मिला है। इससे पहले इस महीने में गर्मी का प्रकोप बना रहा। ऐसे में विशेषज्ञ कह रहे हैं कि अगले एक माह आने वाला बिजली का बिल भी भारी-भरकम होगा। ज्यादातर घरों में एसी-कूलर और पंखे पूरे समय चलते रहे। लिहाजा जुलाई में भी बिजली का बढ़ा हुआ बिल लोगों को झटका दे सकता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240